सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 25.1
न्यूनतम : 10.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-176 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 16 दिसम्बर 2025
24 जमादीउस्सानी 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# नितिन नबीन बने भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष

**■ जेपी नड्डा और अमित शाह ने की ताजपोशी, कई शीर्ष नेता रहे मौजूद**




**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन की ताजपोशी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में की गई। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नितिन नबीन को पटका पहनाकर और गुलदस्ता देकर उनकी ताजपोशी की।

वहीं इसके बाद पार्टी कार्यालय में तमाम भाजपा नेताओं ने नितिन नबीन को पार्टी के नए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी है। बता दें कि नितिन नवीन का जन्म 23 मई 1980 हो हुआ था। नितिन को जब कार्यकारी अध्यक्ष बने तो उनकी उम्र 45 साल है और भाजपा की उम्र भी इतनी ही है।

**नियुक्ति पर भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया :** नितिन नबीन के भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालने पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, उन्हें संगठनों और सरकार दोनों में अनुभव है, और वे बहुत ही सरल व्यक्ति हैं, लेकिन साथ ही अविश्वसनीय रूप से मेहनती भी हैं। वहीं भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, नितिन नबीन को बधाई। वे एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं... उन्होंने अपने परिश्रम से जो मुकाम हासिल किया है, उसी वजह से पार्टी ने इस समर्पित कार्यकर्ता को सम्मानित किया है, और ऐसा सिर्फ भाजपा में ही संभव है। पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने इस पर कहा, हम सभी खुश हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी का अनुभव है, तो दूसरी तरफ युवा अध्यक्ष की ऊर्जा। इन दोनों के बल पर हम एक नए भारत को देखेंगे। भारत हर दिशा में प्रगति कर रहा है... इस अध्यक्ष के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में टीएमसी सरकार सत्ता से बेदखल हो जाएगी।

इससे पहले दिल्ली में बिहार के मंत्री नितिन नबीन का पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पहली बार पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर शानदार स्वागत किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली पहुंचने पर एयरपोर्ट पर नितिन नबीन का स्वागत किया था। बिहार में नितिन नबीन की छवि साफ-सुथरे और संगठन में बेहतर पकड़ वाले नेता की है।

**कौन हैं नितिन नबीन :** नितिन नबीन भाजपा के बड़े नेताओं से एक और जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत करने वाले दिवंगत नबीन सिन्हा के बेटे हैं। 23 मई 1980 पटना में नितिन नबीन का जन्म हुआ है। उनकी 12वीं तक की पढ़ाई दिल्ली में हुई। 2005 में पटना पश्चिम सीट से विधायक रहे 55 साल के नबीन सिन्हा का निधन दिल्ली में हो गया था। उस वक्त नितिन महज 26 साल के थे।

भाजपा ने अब तक का सबसे युवा कार्यकारी अध्यक्ष चुना है। अगर वह राष्ट्रीय अध्यक्ष बनते हैं तो भाजपा के सबसे युवा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड बनाएंगे। फिलहाल यह रिकॉर्ड अमित शाह के नाम है। वह 49 साल की उम्र में अध्यक्ष बने थे। जबकि नितिन गडकरी 52 साल की उम्र में राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। वहीं 76 साल के लाल कृष्ण आडवाणी के नाम सबसे अधिक उम्र के भाजपा अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड है।

### बीजेपी में वर्किंग प्रेसिडेंट कोडवर्ड है : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बिहार से पांच बार के एमएलए नितिन नबीन को बीजेपी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर आरोप लगाया है कि इसका मतलब पार्टी का असल कंट्रोल अमित शाह के ही हाथों में रहेगा। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा का आरोप है कि बीजेपी ने बिना चुनाव के अध्यक्ष नियुक्त कर लिया है और उसका नाम वर्किंग प्रेसिडेंट दे दिया गया है। नितिन नबीन अभी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री भी हैं और उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का फैसला चौंकाने वाला है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि बिना चुनाव के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है और इसका टाइटल वर्किंग प्रेसिडेंट दे दिया गया है। उनका आरोप है कि बीजेपी में वर्किंग प्रेसिडेंट एक कोडवर्ड है, जिसका मतलब है कि काम नहीं करने वाले केंद्रीय गृहमंत्री बीजेपी को कंट्रोल करते हैं। रिमोट कंट्रोल अमित शाह के हाथों में ही रहेगा, जैसा कि पहले से रहा है।

# वाह क्या स्वागत है : अम्मान में प्रवासी भारतीयों ने जीता पीएम मोदी का दिल

**■ प्रधानमंत्री मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा**



**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचे। यहां, क्वीन एलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री जाफर हसन ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। इसके अलावा अम्मान में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने भी पीएम मोदी का जोरदार स्वागत किया। पीएम मोदी ने भी सभा का आभार जताया और इसकी जानकारी एक्स पर पोस्ट करके दी। स्वागत की कई तस्वीरें उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर डाला है।

प्रवासी भारतीय समुदाय द्वारा अम्मान में स्वागत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, भारतीय समुदाय द्वारा दिए गए हार्दिक स्वागत से मैं अत्यंत प्रभावित हुआ। उनका स्नेह, भारत की प्रगति पर गर्व और मजबूत सांस्कृतिक बंधन भारत और प्रवासी भारतीयों के बीच अटूट संबंध को दर्शाते हैं। भारत-जॉर्डन संबंधों को सुदृढ़ करने में प्रवासी भारतीयों की निरंतर भूमिका के लिए भी मैं आभारी हूं। प्रवासी समुदाय के एक सदस्य ने इस मौके की अहमियत बताते हुए कहा, जॉर्डन में मोदी का स्वागत करना हमारे लिए सम्मान की बात है। हम उनसे मिलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी सोमवार से जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की तीन देशों की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा का मकसद उन देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ाना है, जिनके साथ भारत के गहरे संबंध और नई दिल्ली के साथ मजबूत समकालीन द्विपक्षीय संबंध हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, मोदी की जॉर्डन की यह पहली पूर्ण द्विपक्षीय यात्रा है। मोदी फरवरी 2018 में फलस्तीन जाते समय जॉर्डन में कुछ देर रूके थे। विदेश मंत्रालय ने पिछले सप्ताह दिल्ली में एक विशेष प्रेस वार्ता में कहा कि हालांकि यह एक पारगमन यात्रा थी, लेकिन शाह द्वारा उन्हें विशेष सम्मान दिया था, जिससे यह महज एक पारगमन यात्रा से कहीं अधिक बन गई।

# किसी को बद्दुआ देना और आपत्तिजनक नारे लगाना गलत

**■ पीएम के खिलाफ आपत्तिजनक नारे पर भड़कीं कंगना**



**नई दिल्ली।** दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर किए गए आपत्तिजनक नारेबाजी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। लोकसभा में सोमवार को इस मुद्दे पर जबरदस्त हंगामा हुआ है। बीजेपी के कई बड़े नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए जयपुर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष मंजू लता मीणा को माफी मांगने के लिए कहा है।

पीएम मोदी के खिलाफ हुई आपत्तिजनक नारेबाजी को लेकर अब मंडी से सांसद कंगना रनौत ने दुखद बताया है और राजनीति के स्तर पर सवाल उठाए हैं। सांसद ने विपक्ष पर युवाओं को गलत संदेश देने की बात भी कही है। मंडी से सांसद कंगना रनौत ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आप किसी की मौत की कामना कर रहे हैं, किसी को बद्दुआ दे रहे हैं या ऐसे नारे लगाना बहुत दुखद है। हमारी पार्टी अलग है, विचारधारा अलग है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि हम दुश्मन हैं। ऐसे में किसी को मारने की कामना करना और लोगों को उकसाना गलत है।

# देश के प्रति सरदार पटेल की सेवाएं एक चिरस्मरणीय अध्याय : सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीएम ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। सीएम योगी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति सेवाएं व योगदान चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव उनका स्मरण करेगा।



सीएम योगी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के करमसद में सामान्य किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने परिश्रम से उच्च शिक्षा अर्जित की। इसके पीछे उनका उद्देश्य आजीविका प्राप्त कर विदेशी हुकूमत की नौकरी करना नहीं, बल्कि देश-दुनिया को समझकर अपनी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ भारत मां के चरणों में समर्पित करना था। सरदार पटेल ने आजादी के आंदोलन को नेतृत्व दिया। कई बार जेल की यातनाएं सहीं लेकिन आजादी के आंदोलन से विचलित नहीं हुए। देश जब आजाद हो रहा था, उस समय उन्होंने पुरजोर तरीके से भारत के विभाजन का विरोध किया। उन्होंने 567 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाया। देश वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में सदैव लौहपुरुष का स्मरण करेगा।

सीएम योगी ने कहा कि जूनागढ़ का नवाब व हैदराबाद का निजाम भारत गणराज्य में शामिल नहीं होना चाहते थे। जब देश आजाद हो रहा था, तब अंग्रेजों ने टू नेशन थ्योरी को लागू किया और देसी रियासतों को स्वतंत्रता दी कि वे चाहें तो भारत गणराज्य में शामिल हों, पाकिस्तान में शामिल हों या स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखें। सभी हिंदू रिसायतों ने भारत का हिस्सा बनने पर सहमति दी, लेकिन जूनागढ़ का नवाब और हैदराबाद के निजाम ने मना कर दिया। सरदार पटेल की सूझबूझ के परिणामस्वरूप उनके रक्तहीन क्रांति के माध्यम से दोनों रिसायतें भारत का हिस्सा बनीं। जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम को देश छोड़कर भागना पड़ा।

सीएम योगी ने कहा कि गृहमंत्री के रूप में भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार, तमाम विवादों के समाधान के लिए तंत्र विकसित करने और भारत की प्रशासनिक सेवा को वर्तमान स्वरूप देने का कार्य भी लौहपुरुष के कारण हो पाया। सरदार पटेल का यशस्वी नेतृत्व और लंबे समय तक प्राप्त होता, लेकिन देश का दुर्भाग्य रहा कि 15 दिसंबर 1950 को उनका नश्वर शरीर जवाब दे गया। उनकी स्मृतियां, देश के प्रति उनकी सेवाएं व योगदान हम सबके लिए चिरस्मरणीय अध्याय बन गया। हर भारतवासी बड़ी श्रद्धा, सम्मान के साथ भारत मां के महान सपूत लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने को तत्पर रहता है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, अवनीश सिंह, पवन सिंह चौहान, लालजी प्रसाद निर्मल, उमेश द्विवेदी, आदि मौजूद रहे।

### पं. नेहरू ने कश्मीर को विवादित करने का कार्य किया

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर रियासत कहां शामिल हो, इसे लेकर असमंजस की स्थिति थी, तब जवाहर लाल नेहरू ने कहा कि मैं पहल करूंगा। जम्मू-कश्मीर पं. नेहरू के हाथों में था, लेकिन उन्होंने जम्मू-कश्मीर को इतना विवादित करने का कार्य किया कि आजादी के बाद से वह लगातार भारत को डसता रहा। पं. नेहरू के कारण उसी कश्मीर से देश को उग्रवाद, अलगाववाद प्राप्त हुआ था। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी है, जिन्होंने लौहपुरुष व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को साकार करते हुए धारा-370 को समाप्त कर कश्मीर को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए एक देश में एक प्रधान, एक विधान और एक निशान के संकल्प को आगे बढ़ाया।

# रेलवे ने तोड़ डाले सारे पुराने रिकॉर्ड

**■ भारत ने अपनी ब्रॉड-गेज प्रणाली के अधिकांश हिस्से को इलेक्ट्रिफाई किया**




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अपनी विद्युतीकरण (इलेक्ट्रिफिकेशन) योजना में बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक इसके 99 प्रतिशत से ज्यादा ब्रॉड-गेज नेटवर्क को इलेक्ट्रिफाई किया जा चुका है और बाकी के हिस्सों का विद्युतीकरण जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। रेल मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

रेल मंत्रालय के अनुसार, पिछले कुछ वर्षों में इस दिशा में काफी तेजी से प्रगति हो रही है। वर्ष 2019 से 2025 के बीच भारतीय रेलवे ने 33,000 किलोमीटर से ज्यादा रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया, यानी हर दिन औसतन 15 किलोमीटर से ज्यादा रेलवे ट्रैक को इलेक्ट्रिफाई किया। इस दौरान इलेक्ट्रिफाई की गई दूरी लगभग जर्मनी के पूरे रेलवे नेटवर्क के बराबर है, जो भारत की इस योजना की गंभीरता और दायरे को दर्शाता है।

यह उपलब्धि भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन देशों से कहीं आगे है, जिनकी पहले से मजबूत रेलवे प्रणालियां हैं। भारत ने अपनी ब्रॉड-गेज प्रणाली के अधिकांश हिस्से को इलेक्ट्रिफाई किया है, जबकि दुनिया के कई बड़े और व्यस्त नेटवर्क अभी भी डीजल इंजन पर निर्भर हैं। इस बदलाव के कारण डीजल की खपत में कमी आई है, उत्सर्जन घटा है, ऑपरेशनल खर्च कम हुआ है और ट्रेन ऑपरेशन की कुशलता और गति में सुधार हुआ है।

# इंडिगो एयरलाइन मामले में सुप्रीम कोर्ट से जनहित याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में देरी और रद्द होने की घटनाओं की वजह से यात्रियों को हुए नुकसान को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने कहा है कि यह मामला पहले से ही दिल्ली हाई कोर्ट में चल रहा है, इसलिए सुप्रीम कोर्ट दखल नहीं देगा।

सोमवार को इंडिगो एयरलाइन को लेकर दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहे सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह अपनी बात दिल्ली हाईकोर्ट में ही रखें। सीजेआई ने कहा कि जब किसी मामले पर हाईकोर्ट पहले से सुनवाई कर रहा हो और उसने कुछ निर्देश भी दिए हों, तो ऐसे में अगर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई शुरू करता है, तो हाईकोर्ट को अपनी सुनवाई रोकनी पड़ती है।

# प्रशांत किशोर की प्रियंका गांधी से मुलाकात के बाद अटकलें तेज

**■ पीके ने कांग्रेस को पुनरुद्धार के लिए दिया था प्रस्ताव**



**नई दिल्ली।** जन सुराज पार्टी के संस्थापक और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से हालिया मुलाकात के बाद राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों के मुताबिक यह बैठक नई दिल्ली में करीब दो घंटे तक चली, जिसमें उत्तर प्रदेश और बिहार समेत उत्तर भारत के मौजूदा राजनीतिक हालात, चुनौतियों और आगामी चुनावी परिदृश्य पर विचार-विमर्श हुआ।

हालांकि, दोनों पक्षों ने अभी इस मुलाकात पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रियंका गांधी से जब पत्रकारों ने इसपर सवाल पूछा तो उन्होंने इसे टालते हुए कहा कि ये कोई न्यूज है, दूसरे जरूरी मुद्दों पर बात कीजिए। लेकिन समय और संदर्भ को देखते हुए इसे सामान्य मुलाकात से कहीं अधिक अहम माना जा रहा है। खासतौर पर ऐसे समय में जब कांग्रेस उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के राज्यों में अपनी खोई जमीन वापस पाने की कोशिश कर रही है, प्रशांत किशोर से संवाद को रणनीतिक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है।

प्रशांत किशोर और कांग्रेस के रिश्ते पिछले कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव भरे रहे हैं। 2021 में किशोर ने कांग्रेस के पुनरुद्धार को लेकर एक विस्तृत प्रस्ताव दिया था। इसके बाद अप्रैल 2022 में सोनिया गांधी के 10 जनपथ स्थित आवास पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में उन्होंने पार्टी नेतृत्व के सामने पीपीटी प्रेजेंटेशन भी दिया था। उसी वर्ष कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए एक एम्पावर्ड एक्शन ग्रुप में उन्हें शामिल होने का न्योता दिया था, लेकिन प्रशांत किशोर ने यह कहते हुए प्रस्ताव ठुकरा दिया था कि कांग्रेस को किसी एक सलाहकार से ज्यादा सामूहिक नेतृत्व और गहरे संगठनात्मक सुधारों की जरूरत है।

प्रशांत किशोर ने बिहार में जन सुराज अभियान शुरू कर अपनी अलग राजनीतिक राह चुनी। बिहार विधानसभा चुनाव और अन्य मौकों पर उन्होंने कांग्रेस की रणनीति और कुछ मुद्दों, खासकर वोट चोरी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे विषयों पर भी सवाल उठाए थे। बावजूद इसके, कांग्रेस और पीके के बीच संवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुआ। ताजा मुलाकात को इसी पृष्ठभूमि में देखा जा रहा है।

**पहल** परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में देशी-विदेशी कंपनियों को निवेश की मिलेगी अनुमति

# विपक्ष के विरोध के बीच लोकसभा में शांति बिल-2025 पेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के भारी विरोध के बीच सोमवार को भारत परिवर्तन के लिए परमाणु ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक, 2025 जिसका संक्षिप्त नाम शांति बिल-2025' पेश किया गया।



परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने विधेयक पेश करने की पीठासीन अधिकारी से अनुमति मांगी और कहा कि विधेयक का मकसद लोक कल्याण के लिए परमाणु ऊर्जा तथा विकास को प्रोत्साहित करना, परमाणु विद्युत उत्पादन, स्वास्थ्य देखभाल, खाद्य, जल, कृषि, उद्योग, अनुसंधान, पर्यावरण, परमाणु विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढावा देना है। इन मकसदों में परमाणु ऊर्जा का सुरक्षित तथा संरक्षित उपयोग सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए इसके मजबूत नियामक ढांचे तथा इससे संबद्ध विषयों के लिए यह विधेयक लाया गया है और इसे सदन में पेश करने की अनुमति दी जाए।

विधेयक का पूरा नाम 'भारत परिवर्तन के लिए नाभिकीय ऊर्जा का सतत दोहन तथा उन्नयन विधेयक, 2025 है और इसका संक्षिप्त रूप शांति विधेयक, 2025 है। इस विधेयक का मकसद परमाणु क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी तय कर देश में पहली बार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में देशी तथा विदेशी निजी कंपनियों को निवेश की अनुमति देना है।

कांग्रेस के मनीष तिवारी ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि परमाणु क्षेत्र में निजी क्षेत्र को शामिल करने का वह पुरजोर विरोध करते हैं। उनका कहना था कि इस विधेयक के जरिये परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में निजी क्षेत्र को शामिल करने की पहल कर सरकार मानकों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने विधेयक को संविधान की जो मूल भावना के खिलाफ बताया और कहा कि सरकार को इसे पेश नहीं करना चाहिए। आरएसपी के एन. के. प्रेमचंद्रन ने विधेयक का विरोध करते हुए कहा कि विधेयक को लाने का मुख्य मकसद परमाणु कार्यक्रम को निजी हाथों को सौंपना है। प्रोफेसर सौगत राय ने कहा कि पंडित नेहरू ने परमाणु आयोग का गठन किया था जिसके कारण देश परमाणु शक्ति बना है लेकिन अब सरकार निजी क्षेत्रों को इसमें शामिल कर गलत कदम उठा रही है। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सदस्य बार बार विधेयकों का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के विरोध का कोई औचित्य समझ नहीं आता है।

### मनरेगा की जगह नया रोजगार कानून ला रही सरकार

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी सरकार मनरेगा को खत्म करके, उसकी जगह एक नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने लोकसभा सदस्यों को बिल का ड्राफ्ट भेजा है। इसका मकसद विकसित भारत -2047 के राष्ट्रीय विजन के तहत ग्रामीण विकास का ढांचा तैयार करना है। यह नया कानून विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (VB-G RAM G) के नाम से जाना जाएगा। यह कानून मौजूदा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 को खत्म कर देगा। यूपीए सरकार मनरेगा कानून लेकर आई थी, जिसमें ग्रामीण परिवारों को हर साल 100 दिन के रोगार की गारंटी देता है। नए बिल में सरकार ने ग्रामीण परिवारों को हर साल 125 दिन के रोजगार की गारंटी देने का प्रस्ताव किया है।

# पति-पत्नी के बीच लंबा अलगाव दोनों के लिए क्रूरता

**■ वैवाहिक रिश्ते में अनबन पर शीर्ष कोर्ट की टिप्पणी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच लंबे समय तक अलग-थलग रहने को दोनों पक्षों के लिए मानसिक क्रूरता करार देते हुए एक अलग रह रहे दंपती की शादी को खत्म कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि लंबे समय से अलगाव चला आ रहा हो और मेल-मिलाप की कोई उम्मीद न हो, तो ऐसे विवाह को कागज पर बनाए रखना न तो दंपती के हित में है और न ही समाज के।

न्यायमूर्ति मनमोहन और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इस मामले में दंपती की शादी 4 अगस्त 2000 को हुई थी, लेकिन महज दो साल बाद 2003 में वैवाहिक विवाद शुरू हो गया। बीते 24 वर्षों से दोनों अलग-अलग रह रहे हैं और अदालतों के बार-बार प्रयासों के बावजूद कोई सुलह संभव नहीं हो सकी। पीठ ने कहा, कई मामलों में इस कोर्ट को ऐसी स्थितियों से निपटने का मौका मिला है, जहां पक्ष काफी समय से अलग रह रहे हैं और यह लगातार माना गया है कि सुलह की कोई उम्मीद न होने पर लंबे समय तक अलग रहना दोनों पक्षों के लिए क्रूरता के बराबर है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लंबे समय तक वैवाहिक मुकदमेबाजी लंबित रहने से केवल कागजों पर शादी बनी रहती है। यह पक्षों और समाज के सर्वोत्तम हित में है कि ऐसे मामलों में जहां मुकदमेबाजी काफी समय से लंबित है, पक्षों के बीच संबंध खत्म कर दिए जाएं। बेंच ने कहा, यह कोर्ट इस राय का है कि पक्षों को राहत दिए बिना अदालत में वैवाहिक मुकदमेबाजी को लंबित रखने से कोई फायदा नहीं होगा।

### कोर्ट ने शादी खत्म करने का आदेश दिया

संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी पूर्ण शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेंच ने शिलांग के रहने वाले अलग रह रहे जोड़े की शादी को इस आधार पर खत्म करने का आदेश दिया कि यह अपरिवर्तनीय रूप से टूट गई है। शीर्ष अदालत ने शिलांग के अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर के आदेश को बरकरार रखा और हाईकोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें पत्नी की याचिका पर शादी को बहाल कर दिया गया था।

# भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ लखीमपुर खेल महोत्सव सीजन-2 का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका लखीमपुर और क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव सीजन-2 का शुभारंभ सोमवार को विलोबी मैदान में भव्य और उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक योगेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एडिशनल एसपी पवन कुमार गौतम मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई, जिससे पूरे आयोजन का औपचारिक आगाज हुआ। उद्घाटन अवसर पर मूक-बाधित छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने सभी का मन मोह लिया। छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुति और सांकेतिक अभिव्यक्ति ने दर्शकों और अतिथियों को भावुक कर दिया तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनकी प्रस्तुति को सराहा गया। मुख्य अतिथि योगेश वर्मा ने सभी मूक-बाधित छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। खेल महोत्सव के पहले दिन प्रतियोगिताओं की शुरुआत क्रिकेट मुकाबलों से की गई। इस बार आयोजन का आगाज महिला क्रिकेट मैच से हुआ। बालिका वर्ग में बालिका विद्या मंदिर, सीवी सिंह गौड़, डॉन बॉस्को एवं ला मटीना विद्यालय की टीमों के बीच मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों के जोश और आत्मविश्वास ने खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित किया। मैदान पर महिला खिलाड़ियों के जोश और आत्मविश्वास ने खेल प्रेमियों को आकर्षित किया। उद्घाटन दिवस पर विलोबी मैदान में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय नागरिक पहुंचे। दर्शकों ने खिलाड़ियों का तालियों और उत्साहवर्धन के साथ स्वागत किया। इस मौके पर ईओ संजय कुमार, क्रीड़ा भारती के कपिल श्रीवास्तव खेल महोत्सव के संयोजक आशीष सिंह चौहान, इंजी0 दुर्गेश वर्मा, कनिष्क बरनवाल सहित आयोजक टीम मौजूद रही। आयोजक टीम के कपिल श्रीवास्तव ने बताया कि खेल महोत्सव के दूसरे दिन विलोबी मैदान पर क्रिकेट, कबड्डी के मुकाबले तो वहीं गुरुनानक इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर हांकी के मुकाबले खेले जाएंगे।

## परिवार में आपसी कहासुनी के बाद हुई मारपीट में महिला का गर्भ में पल रहे सात माह के नवजात की मौत

**पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेजा**

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** थाना ईसानगर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का गर्भ गिर गया। आरोप है कि परिवार में आपसी कहासुनी के बाद मारपीट हुई थी। इसमें महिला घायल हो गई, इससे उसके गर्भ में पल रहे सात माह के नवजात की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेज दिया। थाना ईसानगर क्षेत्र के गांव बरारी निवासी संतोष की पत्नी नैन्शी सात माह के गर्भ से थी। संतोष ने बताया कि दो दिन पहले परिवार में महिलाओं की आपसी कहासुनी हुई इसके बाद रमेश सुशीला व अन्य ने मिलकर नैन्शी की बेरहमी से पिटाई कर दी इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि रविवार को नैन्शी के गर्भ में पल रहा सात माह के नवजात की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जिला पंचायत इंटर कॉलेज कालाआम के छात्र-छात्राओं ने जमकर किया हंगामा

**छात्रों ने क्लास का बहिष्कार कर दिया और कैंपस में नारेबाजी की**

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** जिला पंचायत इंटर कॉलेज कालाआम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य के तबादले से नाराज छात्र-छात्राओं ने जमकर हंगामा किया। छात्रों ने क्लास का बहिष्कार कर दिया और कैंपस में नारेबाजी की। यही नहीं, छात्रों की भीड़ ने लखीमपुर रोड को भी जाम के दिया। बाद में शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के हस्तक्षेप से छात्रों को समझा-बुझाकर वापस क्लास में भेजा गया। जिला पंचायत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य संतोष वर्मा का दो दिन पहले बिजुआ तबादला हो गया था। सोमवार को उनकी रवानगी थी। नए प्रिंसिपल को उनकी जगह ज्वाइनिंग लेनी थी। सोमवार सुबह यह खबर छात्रों में फैल गई और उन्होंने कक्षाओं का बहिष्कार कर दिया।सभी कैंपस में आ गए और प्रधानाचार्य के तबादले के विरोध में नारे लगाने लगे। इससे कॉलेज कैंपस में अफरातरफी मच गई। इसके बाद छात्रों का एक गुट सड़क पर आ गया। छात्रों ने लखीमपुर रोड भी जाम कर दी। बताया जाता है कि सुबह विद्यालय खुलने के बाद कालाआम स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज में नवनियुक्त कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता ने कार्यभार ग्रहण किया। इसी बीच छात्रों को यह सूचना दे दी गई कि कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय वर्मा का स्थानांतरण कर उन्हें उनके मूल विद्यालय भेज दिया गया है। यह जानकारी मिलते ही छात्र आक्रोशित हो गए और विद्यालय से बाहर निकलकर सड़क पर नारेबाजी करने लगे।

कुछ देर बाद लोगों के उकसाने पर छात्रों ने सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम की सूचना मिलते ही कार्यवाहक प्रधानाचार्य पंकज गुप्ता एवं अन्य शिक्षक मौके पर पहुंचे और छात्रों को समझाकर शांत किया। घटना की जानकारी मिलने पर अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, शिक्षा समिति के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य सूरज सिंह तथा जिला मंत्री बृजेश सिंह विद्यालय पहुंचे। सभी ने छात्रों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें शांति बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह ने बताया कि स्थानांतरित शिक्षक संजय वर्मा का मूल विद्यालय जिला पंचायत इंटर कॉलेज बिजुआ है। वे कालाआम में अटैच थे, जिन्हें अब पुनः उनके मूल विद्यालय बिजुआ भेज दिया गया है। उनके स्थान पर निघासन के शिक्षक पंकज गुप्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का चार्ज सौंपा गया है।

## उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले धरने पर बैठे आशा वर्कर्स

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आशा वर्कर्स सोमवार को अम्बेडकर पार्क में धरने पर बैठ गईं। आशा वर्कर्स ने कहा कि हम लोग समय पर अपनी सारी जिम्मेदारी है पूरी कर देते हैं उसके बावजूद हम लोगों को समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। पिछले छह महीने से हम लोगों को मानदेय नहीं दिया गया है। अब मानदेय नहीं मिला तो हम लोग काम पर नहीं जाएंगे। आशा वर्कर्स ने कहा कि हम लोगों को मात्र दो हजार रुपए प्रति माह का मानदेय मिल रहा है, वो भी समय पर नहीं मिलता है। रीता देवी, आरती, सुधा देवी, सुनीता, सुमन, रागिनी, सुशीला सहित कई आशा वर्कर्स ने धरना दिया।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, नफर अभियुक्तों 1. साधू भार्गव पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम सोनारीपुर थाना भीरा जनपद खीरी को सम्बन्धित मु0अ0सं0 642/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में गिरफ्तार कर किया गया एवं विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।

## हाथों में काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** ऑनलाइन उपस्थिति और गैर विभागीय काम के विरोध में ग्राम पंचायतों में तैनात पंचायत सचिव विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन सौंपकर आनलाइन उपस्थिति का आदेश निरस्त करने की मांग की। इसके अलावा गैर विभागीय कामों से मुक्त करने की मांग की। लेकिन मांगे न माने जाने पर सचिवों ने चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन शुरू कर दिया। सोमवार को पंचायत सचिवों ने ब्लॉकों पर एकत्र होकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद बीडीओ कार्यालय में अपनेडोंगल जमा कर दिए। सचिवों के डोंगल जमा करने से ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित होंगे।सचिवों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। लखीमपुर ब्लॉक के सचिवों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा।

## ट्रायल में किया बॉक्सिंग व कुश्ती खिलाड़ियों का चयन

**सहारनपुर। (अवधनामा सवाददाता)** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बॉक्सिंग व मण्डल स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आज जिला क्रीड़ाधिकारी राहुल चौपड़ा की देखरेख में आयोजित जिला स्तरीय बॉक्सिंग चयन ट्रायल में सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिक प्रवीन कुमार ने खिलाड़ियों का चयन किया, जिनमें आस्था पाहवा, नन्दनी शर्मा, कन्नू देवी, हर्षिका राणा शामिल है, जो कल (आज) होने वाले मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा कुश्ती खेल के मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल में कुश्ती प्रशिक्षक आदेश ने आरोही तोमर, पूर्वी तोमर, आयशा, आरजू, मनस्वी, दिव्या पुण्डीर, प्रचीन, शगुन, रैना, श्रद्धा कपिल (सहारनपुर) का चयन किया। चयनित कुश्ती खिलाडी आगामी 25 से 27 दिसम्बर तक स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर कुश्ती बालिका प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगें। इस अवसर पर प्रताप सैनी, तबरेज अहमद, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, पुनीत कुमार आर्य, जयेन्द्र कुमार, प्रियंका चौहान आदि उपस्थित रहे।

## समीक्षा बैठक के दौरान डीएम तथा सीडीओ दिए निर्देश



**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी अवनीश राय ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण परियोजनाओं व मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित कार्यों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों कआवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में सीडीओ सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि वह अपने विभाग से संबंधित निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें तथा लंबित कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धनराशि की कोई कमी नहीं है। धनराशि की अभाव में कोई भी निर्माण कार्य नहीं रुकना चाहिए। सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया कि नवनिर्मित सड़कों का निरीक्षण कराएं तथा खराब सड़कों को ठीक कराएं।इस अवसर सम्बंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## राज्य महिला आयोग के सदस्य बुधवार को करेंगी जनसुनवाई

**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)**राज्य महिला आयोग की सदस्य द्वारा बुधवार को जनपद में पहुंचकर महिलाओं से संबंधित मामलों को सुना जाएगा।यहां पहुंचने के बाद उनकी अध्यक्षता में एक जागरूकता चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाये जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उददेश्य एंव महिलाओं की सुगमता के दृष्टिगत महिला आयोग सदस्या अवनी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वान्ह 11 बजे से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जन सुनवाई एवं अपरान्ह 01 बजे से ब्लॉक जगत परिसर में जागरुकता चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

## पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मनाई गई खुशियां



**बदायूं। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी के निकट स्थित पटेल मार्केट के समक्ष कुर्मी समाज के लोगों द्वारा पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशियां मनाते हुए आतिशबाजी की गई। लोगों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी गई। इस मौके पर धीरज पटेल विजय पटेल, राजीव पटेल, आशु पटेल, मुनीश, ओमपाल पटेल, सतीश सिंह राठौर, सिंपल पटेल, बृजेश पटेल, प्रदीप पटेल इत्यादि उपस्थित रहे।

# दुधवा फाउंडेशन की सबसे निडर रेस्क्यू गर्ल के रूप में जानी जाती हैं नजरून निशा

**100 से ज्यादा सांप और 10 मगरमच्छ का रेस्क्यू कर चुकी हैं अब तक**

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** कहीं भी सांप, अजगर या मगरमच्छ दिखाई देता है तो सबसे पहली फोन कॉल नजरून निशा के पास पहुंचती है। गांवों में घुस आए मगरमच्छों को वह सुरक्षित पकड़कर ग्रामीणों की मदद से नदी में छोड़ती हैं। वे अब तक 100 से ज्यादा सांप और 10 मगरमच्छ का रेस्क्यू कर चुकी हैं। 22 वर्षीय नजरून निशा दुधवा फाउंडेशन की सबसे निडर रेस्क्यू गर्ल के रूप में जानी जाती हैं। पलिया क्षेत्र में लोग उन्हें जंगल क्वीन कहने लगे हैं नजरून निशा ने वर्ष 2022 में दुधवा नेशनल पार्क में अभिप्रेरक के पद पर नौकरी शुरू की थी। उनका काम वन्यजीवों से गांव के लोगों को बचाव के लिए जागरूक करना है, लेकिन जानवरों से विशेष लगाव होने की वजह से उन्हें विभाग की तरफ से विभिन्न विशेषज्ञों से वन्यजीवों को पकड़ने का प्रशिक्षण दिलवाया गया। निपुणता के बाद वह यह काम आसानी से करने लगीं नजरून की मौजूदगी से दुधवा के आसपास के 50 गांव के लोगों को ऐसे वन्यजीवों के पकड़वाने की चिंता नहीं रहती। नजरून पलिया की रहने वाली हैं। उनके पिता मैकेनिक हैं। वह स्नातक की पढ़ाई कर चुकी हैं। अभी एमएसडब्ल्यू कर रही हैं।नजरून ने सिर्फ सांप या अजगर ही नहीं, बल्कि फिशिंग कैट, जंगली कैट, मॉनिटर लिजर्ड का भी सफल रेस्क्यू किया है। वह अब तक पांच टाइगर रेस्क्यू अभियानों में सहायक कर्मचारी के रूप में शामिल रह चुकी हैं। नजरून बचपन से ही जानवरों से प्यार था। वह उन्हें बचाना चाहती थीं। आर्ट्स की छात्रा होने के बावजूद उनका झुकाव शुरू से ही प्रकृति और वन्यजीवों की ओर था। बारिश के बाद सिर्फ सांप ही नहीं, बल्कि बड़े अजगर भी बस्तियों में आ जाते हैं। उनका कहना है कि सांप छोटे औजारों से पकड़ लिए जाते हैं, लेकिन अजगर छिपने में निपुण होते हैं। उन्हें पकड़ने के लिए अतिरिक्त सावधानी और ताकत चाहिए होती है।

## दवा लेकर बाइक से घर वापस लौट रहे युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा सवाददाता)** थाना पढुआ क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी एक युवक बाइक से धौरहरा कस्बे से दवा लेकर रविवार की रात करीब आठ बजे घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना पढुआ क्षेत्र के गांव सुजानपुर निवासी स्वामी दयाल का 39 वर्षीय बेटा चंदन रविवार की रात करीब आठ बजे धौरहरा कस्बे से दवा लेकर बाइक से घर वापस लौट रहा था। बताते हैं कि जैसे ही वह धौरहरा कस्बे के बाहर निकला था, अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

## पुलिस व आबकारी टीम ने पकड़े चार अन्तर्राज्जीय शराब तस्कर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अन्तर्राज्जीय स्तर पर शराब की तस्करी करने वाले चार शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से 99 पेटी देशी शराब व घटना मे प्रयुक्त दो कार बरामद कर सभी आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी निरीक्षक अरूण सिंह, थाना नागल प्रभारी राजकुमार चौहान व उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना नागल व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान पांडोली रोड स्थित रेलवे पुल के पास से चार अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों अरूण पुत्र मनोज निवासी ग्राम बांद थाना इसराना जिला पानीपत हरियाणा, गौतम पुत्र राकेश निवासी ओल्ड नागल दिल्ली कैन्ट, सन्दीप पुत्र बिजेन्द्र निवासी ग्राम खेरावड तहसील तौशाम थाना भावानी खेडा जिला भिवानी हरियाणा व विकास पुत्र सुदेश निवासी रिठाल थाना सदर रोहतक जिला रोहकत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया।

# वित्त विधेयक संशोधन के खिलाफ सेवानिवृत्त शिक्षक व पेंशनर गरजे, सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति से जुड़े सेवानिवृत्त शिक्षक व पेंशनरों ने केन्द्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक संशोधन द्वारा की गयी पेंशनरों के वर्ग विभाजन की कार्रवाई के खिलाफ जिला मुख्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया तथा प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर इस कार्रवाई को वापिस लिए जाने की मांग की।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं शिक्षक समन्वय समिति से जुड़े सेवानिवृत्त शिक्षक व पेंशनर्स हकीकत नगर धरना स्थल पर एकत्रित हुए तथा नारेबाजी कर धरने पर बैठ गये। धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि जिस पर केन्द्र



सरकार के प्रवक्ता कह रहे है कि पेंशनरों को कोई हानि नही होगी, जबकि 8वें वेतन आयोग को भेजे गये नोटिफिकेशन से स्पष्ट हो रहा है कि यह विधेयक वास्तव में हानि पहुंचाने के लिए ही लाया गया है, केन्द्र सरकार इसे वापस ले। उनका कहना था कि पेंशनरों के लिए पेंशन कोई कृपा या अनुग्रह नही है। बल्कि कर्मचारियों एवं शिक्षकों द्वारा की गयी लम्बी सेवाओं का प्रतिफल है, जो सेवाकाल का लम्बित वेतन है और इसे पेंशन के रूप में ही दिया जाता है। उनका कहना था कि केन्द्र सरकार के द्वारा 8वें केन्द्रीय वेतन आयोग के लिए जारी टर्म्स आफ रिफरेन्स में गैर अंशदायी और गैर वित्त पोषित कथन को क्लॉज संख्या (एफ3) को हटाकर पेंशन पुनरीक्षण एवं अन्य पेंशनरी लाभों जैसे राशिकरण की कटौती अवधि 15 वर्ष से घटाकर 11 वर्ष 11 माह करने जैसे प्रस्ताव को सम्मिलित किया जाना चाहिए। धरने में जे.डी. कौशल, सत्यपाल सिंह, मौहम्मद कलीम, रविन्द्र कुमार, अब्दुल कय्यूम खाँ, सरदार सिंह, अशोक मलिक, नाथी राम काम्बोज, रजनीश चौहान, राजबीर सिंह आदि शामिल रहे।

# लकड़ी का सामान व 50 टायर किये जब्त, दुकानदारों पर जुर्माना

**निगम ने चलाया रांघड़ों का पुल व बूढ़ी माई चौक क्षेत्र में अतिक्रमणरोधी अभियान**



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज निगम के अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कुतुबशेर चौक से लेकर रांघड़ों का पुल व टायर मार्किट होते हुए बूढ़ीमाई चौक तक अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। इस दौरान करीब 50 बड़े टायर व दुकानों के आगे रखा लकड़ी का सजावटी सामान तथा बोर्ड आदि जब्त किये गए। चार कबाड़ियों सहित दो दर्जन दुकानदारों का चालान करते हुए 27 हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। नगरायुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में नगर निगम का अतिक्रमण रोधी दस्ता आज कुतुबशेर चौक से जैसे ही रांघड़ों के पुल की ओर बढ़ा अतिक्रमणकारियों में अफरा तफरी मच गयी। अनेक दुकानदारों ने आनन फानन में अपना सामान दुकानों के भीतर फेंक दिया। लेकिन अतिक्रमण हटाने से पहले निगम द्वारा अतिक्रमण करने वालों की वीडियोग्राफी करा ली गयी थी। ऐसे चार दुकानदारों से भी जुर्माना वसूला गया जिन्होंने निगम की टीम को देखकर सामान दुकान में भीतर डाल लिया था। कुल दो दर्जन दुकानदारों के चालान कर 27 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गयी कि यदि वीडियो में सड़क पर दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो सामान जब्त करने के साथ ही दो गुणा जुर्माना वसूला जायेगा। रांघड़ों के पुल से बूढ़ीमाई चौक की ओर जाते हुए टायर मार्किट से भी सड़क पर रखे गये करीब 50 टायर जब्त कर निगम लाये गए। इसके अलावा सड़क पर फैलाकर रखा गया लकड़ी नक्काशी का सामान, सड़क पर रखे बोर्ड तथा एक रेहड़ी भी जब्त की गयी। सड़क पर कूड़ा फैलाकर गंदगी करने वाले चार कबाड़ियों पर भी एक-एक हजार रुपये का जुर्माना किया गया। कार्रवाई के दौरान सम्पत्ति सुरक्षा अधिकारी हरिप्रकाश कसाना, प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्यार सिंह सहित अनेक जवान मौजूद रहे।

## मेला गुघाल क्षेत्र में ही लगाए फड़ या रेहड़ी

**सहारनपुर।** निगम के कर निर्धारण अधिकारी व अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने सभी दुकानदारों से मंगलवार को साप्ताहिक बंदी का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि भगत सिंह मार्ग, नेहरु मार्किट, शहीदगंज, रायवाला आदि बाजारों में कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के आगे कोई फड़ या रेहड़ी नहीं लगवायेगा।

अतिक्रमण प्रभारी ने कहा है कि यदि कोई वेंडर फड़ लगाता पाया गया तो उसका सामान जब्त कर जुर्माना वसूला जायेगा तथा अपनी दुकान के सामने फड़ लगवाने वाले दुकानदार पर भी जुर्माना किया जायेगा। उन्होंने शहर के सभी वेंडरों से कहा है कि मंगलवार को काई भी वेंडर उक्त बाजारों में फड़ न लगाकर मेला गुंघाल क्षेत्र में ही फड़ लगाये अन्यथा उसका सामान जब्त कर जुर्माने की कार्रवाई की जायेगी।

# व्यापार मण्डल ने किये नये सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के कार्यक्रम में नए सदस्यों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

स्थानीय व्यापार भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष विवेक मिनोचा ने कहा कि संगठन अपने सभी सदस्यों के लिए दिन रात तत्पर रहता है व समय-समय पर किसी भी परिस्थिति में अपने व्यापारी साथियों के सुख दुख में कंधे से कंधे मिलाकर उनका साथ देता है। वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र मोहन चावला ने कहा कि समय-समय पर व्यापार मंडल अपनी गतिविधियों से समाज को जागरूक करने का कार्य करता है व अपने साथियों के साथ हर स्थिति में उनके कार्यो को करवाने के लिए सहयोग देता है।



कार्यक्रम में नए सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान नये सदस्यो आयुष सैनी, उमेश नरूला, विनय दुग्गल, मृदुल अरोडा, फिरोज आहूजा, गणेश झाब, शुभम सैनी, नीतु माहेश्वरी, सुमेधा गोयल, मौ.तनवीर, सचिन खुराना, आशु मास्ता, हन्नी बत्रा, संयम गुलाटी, रविन्द्र मानकटला, प्रदीप गुम्बर, गिरिश सेठी, विनित कुमार, मनीष राजपूत, डा.ऋचा अग्रवाल को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में महामंत्री पुनीत चौहान, कोषाध्यक्ष सुधीर मिगलानी, यशपाल मैनी, कष्ण लाल ठक्कर, अशोक छाबड़ा, राजीव मदान, राजेन्द्र गुप्ता, अमित गगनेजा, मुरली खन्ना, नीरज जैन, रवि क्वात्रा, दवेन्द्र सिहं चडडा, यशपाल डाबरा, संजय जुनेजा, गुलशन अनेजा, अनुभव शर्मा, कुबेर नरूला, विनीत चौहान, अभय सिंघल आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने कम्पोजिट विद्यालय छिकहरा का किया औचक निरीक्षण

**विद्यालय के निरीक्षण में मिली खामियां, जिलाधिकारी ने दिये सुधार के निर्देश**



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय छिकहरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान प्रधानाध्यापक से मध्यान्ह भोजन अलग स्थान पर बनाए जाने और कंपोजिट ग्रांट का व्यय नियमानुसार न किए जाने के सवाल पर कोई जवाब न दिए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने विद्यालय की सफाई व्यवस्था ठीक न पाए जाने पर व्यवस्था में सुधार के प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने न ही कम्पोजिट ग्रान्ट का व्यय नियमानुसार किया और न ही उसके बिल बाउचर व अभिलेख सुव्यवस्थित पाये गये साथ ही मध्यान्ह भोजन किचन से अलग स्थल पर बनवाये जाने के कारण और डीएम ने जब किचन स्टोर की चाबी प्रधानाध्यापक से मांगी गई तो प्रधानाध्यापक ने न तो चाबी उपलब्ध कराई और न ही अलग स्थल पर खाना बनाये जाने का उचित कारण बताया गया, जिस पर डीएम ने प्रधानाध्यापक को फटकार लगाई। बच्चों के जूते, ड्रेस, स्वेटर व अन्य क्रय किये जाने के लिए प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों को न तो प्रेरित किया और न ही उनसे सम्पर्क किया गया है। जिलाधिकारी ने विद्यालय में साफ सफाई के बावत जवाब मांगा, जिस पर प्रधानाध्यापक ने अवगत कराया गया कि कुछ शरारती तत्व यहां गंदगी फैलाते हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिव को विद्यालय की बाउंड्री पर कांच लगाये जाने के निर्देश भी दिये गये।

जिलाधिकारी ने कक्षों को भी देखा, जहां पर अव्यवस्थाओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के लिये निर्देश दिए। विद्यालय में स्मार्ट क्लास संचालित न होने के कारण शीघ्र स्मार्ट क्लास संचालित कराये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में कम्पोजिट ग्रांट का व्यय विवरण व अन्य विवरण से संबंधित अभिलेख व बच्चों के ड्रेस, जूते, मोजे आदि के लिये एक सामूहिक पत्र जारी करते हुये समस्त व्यवस्थओं को दुरूस्त किया जाय।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की व्यापारियों के साथ बैठक सम्पन्न



**अवधनामा संवाददाता**

**महोबा।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में श्रीनगर के एक प्रतिष्ठान में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया गया। इसके बाद जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र का भ्रमण कर व्यापारियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और उनका निराकरण कराए जाने का सार्थक प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संगठन को मजबूती प्रदान किए जाने को लेकर सदस्यों के अलावा एकजुटता पर जोर दिया गया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता ने कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एक राष्ट्रीय संगठन है जो भारतीय उद्योग और व्यापार के विकास के लिए काम करता है। इस संगठन का उद्देश्य भारतीय उद्योग और व्यापार को बढ़ावा देना और समृद्ध बनाना। साथ ही व्यापारियों के बीच एकता और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाना। सरकारी नीतियों और कानूनों के बारे में व्यापारियों को जानकारी देना। व्यापार की उन्नति के लिए नए आयाम खोजना। व्यापारियों के हितों की रक्षा करना और उनकी समस्याओं का समाधान करना।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों ने कस्बे में भ्रमण कर व्यापारियों की समस्याओं को सुना और उनकी समयाओं एकजुटता के साथ समाधान कराए जाने का आश्वासन दिया साथ ही संगठन को मजबूती प्रदान किए जाने के अलावा संगठन नए सदस्यों को जोड़े जाने की बात कही। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष स्वप्निल गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, दया शंकर गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, क्रांति गुप्ता, पंकज तिवारी, अनूप सोनी, सत्येंद्र प्रताप, सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# पांडेपुर चौराहे को चौड़ा करने की तैयारी शुरू



**( उत्पल दादा ) अवधनामा ब्यूरो**

**भेलूपुर कैंट मार्ग के किनारे ठेला, खोमचा एवं फल विक्रेता का कब्जा, प्रशासन मौन क्यों**

**वाराणसी।** वाराणसी में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराना एक आम समस्या है। भेलूपुर से कैंट के तरफ जाते समय कमच्छा तिराहे के दोनों तरफ फल विक्रेताओं का वर्षो से कब्जा चल रहा है। यहां अतिक्रमण हटाने के 24 घंटा बीतेते ही फल विक्रेता फिर कब्जा जमा लेते हैं।

शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था और लगातार लग रहे जाम से परेशान लोगों को राहत देने वाली खबर सामने आई। यहां के अति व्यस्ततम इलाका पांडेपुर चौराहे पर आए दिन जाम की समस्या रहती है। यहां सुबह और शाम ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा उठाती है। इसे देखते हुए पीडब्ल्यूडी और नगर निगम ने इसे चौड़ा करने की योजना बनाई है। पिछले दिनों जिला स्तरीय बैठक में तय हुआ था कि जिन चौराहों पर जाम लग रहा है उसे चौड़ा किया जाए। इसी के चलते चौड़ा करने पर जोर दिया जा रहा है। चौराहे से लगभग 100 मीटर दूरी अतिक्रमण का बोलबाला रहता है। इसके अलावा यहां ठेला, खोमचा वालों का भी कब्जा रहता है। इसके अलावा यहां ऑटो और टोटो का कब्जा रहता है। हालांकि प्रशासन द्वारा पिछले दिनों यहां अतिक्रमण हटाया गया। यातायात पुलिस ने दिन के समय मालवाहक वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। जाम की इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए वाराणसी यातायात पुलिस लगातारमंथन कर रही है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी द्वारा बताया गया कि पांडेपुर चौराहे को चौड़ा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसके लिए नगर निगम से सहयोग मांगा गया है। सबसे पहले यहां अतिक्रमण हटवाए जाएंगे। इसके बाद जहां जरूरत होगी। वहां सड़क बनाई जाएगी,ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रहे। हालांकि कुछ दिन पहले कज्जाकपुरा आरओबी चालू होने से लोगों को सुगम यातायात की उम्मीद थी। मगर हुआ उल्टा कज्जाकपुरा ओवरब्रिज शुरू होने के साथ ही यातायात दबाव बढ़ने से सुबह और शाम जाम की समस्या देखी जा रही है ।

# मणिकर्णिका घाट पर क्षमता से अधिक यात्रियों को घुमा रहे नाव चालक



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** काशी में गंगा घाट और गलियाँ दोनों ही पर्यटकों को खूब भाता है। ऐसे में मोक्ष नगरी काशी के गंगा घाटों पर नाव चालक यानी नाविको की लापरवाही का मामला सोमवार को सामने आया। मणिकर्णिका घाट पर गंगा में चल रही कई नावों में गंभीर लापरवाही देखने को मिली है। कई नाविक बिना लाइफ जैकेट के यात्रियों को नाव में बैठाकर सफर करा रहे हैं,वहीं कुछ नाव में क्षमता से अधिक सवारियां भरी जा रही हैं। यह स्थिति किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती है।

स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,घाट पर सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। न तो यात्रियों को लाइफ जैकेट दी जा रही है, और न ही ओवरलोडिंग पर कोई रोक लगाई जा रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रशासनिक निगरानी के बावजूद यह लापरवाही लगातार जारी है। सवाल उठता है कि इसकी जिम्मेदारी किसकी है ? क्या नाविकों की मनमानी इसका कारण है ? या फिर घाटों पर तैनात संबंधित विभाग और प्रशासन की लापरवाही ?

# भारतरत्न बी.आर अम्बेडकर के सुपौत्र यशवंत राव अम्बेडकर का हुआ स्वागत

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के सुपौत्र यशवंत राव अंबेडकर का वाराणासी आगमन पर नेशनल इक्वल पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह प्रवक्ता प्रकाश जायसवाल अंबेडकर युवा शक्ति के अध्यक्ष अजय आर्य ने स्वागत किया।

अंबेडकर युवा शक्ति के मुर्दाहा कार्यालय का उद्घाटन फीता काटकर तथा अशोक का बृक्ष यशवंत अंबेडकर जी के करकमलों से हुआ। यशवंत राव अंबेडकर ने कहा कि, जो हमारे दादा बीआर अंबेडकर जी अपने समाज को देना चाहते थे, देश को जिस दिशा में ले जाना चाहते थे, देश को जितनी ऊंचाई पर देखना चाहते थे, आज भी उनका सपना अधूरा का अधूरा रह दिखाई दे रहा है। आज भी स्कूलों में



बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं नेशनल इक्वल पार्टी के संयोजक शशि प्रताप सिंह ने कहा कि, हम लोग समाजवादी हैं और बाबा साहब को मानने वाले लोग हैं। बाबा साहब के बताए गए रास्ते पर चलने वाले लोग हैं। हमारी पार्टी हमेशा शोषित वंचित उपेक्षित अशिक्षित लोगों को शिक्षा की ओर अग्रसर करने के लिए तत्पर है। प्रवक्ता प्रकाश जायसवाल ने कहा कि, बाबा साहब के सपना को हम लोग पूरा करने का प्रयास करते रहेंगे। अंबेडकर युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष अजय आर्य ने मोमेंटो और शाल देकर यशवंत राव अंबेडकर का स्वागत किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशि प्रताप सिंह,प्रकाश जायसवाल,अजय आर्य, दिनेश यादव,दिनेश पटेल,राजू पटेल, जितेंद्र पटेल,सत्येंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# यूरिया खाद वितरण दौरान दीवार गिरने से महिला गंभीर रुप से हुई घायल

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** साधन सहकारी समिति श्रीनगर में यूरिया खाद वितरण दौरान एक पुरानी दीवार गिर जाने से एक महिला गंभीर रुप से घायल हो गई, जबकि दीवार के पास खड़ी एक बाइक भी जद में आकर क्षति ग्रस्त हो गई। दीवार गिरते ही किसानों में अफरा तफरी मच गई। पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा। काफी देर बाद मामला शांत होने के बाद पुनः खाद का वितरण शुरू किया गया।

सोमवार को साधन सहकारी समिति श्रीनगर में यूरिया खाद आने की सूचना मिलते ही किसानों की भीड़ सुबह से ही जमा हो गई। समिति सचिव सभी किसानों को लाइन से यूरिया खाद का वितरण कर करा रहे थे। लाइन लगे होने के कारण कुछ किसान इधर उधर अपनी बारी का इंतजार करने के लिए भी टलह रहे थे, तभी पास की एक दीवार अचानक से भरभरा कर गिर गई।

# एसआईआर अभियान की सक्रियता मे सपा कार्यकर्ता आगे : विष्णु शर्मा



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** मतदाता सूचि के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान मे सपा कार्यकर्ता भी मुस्तादी के साथ लगे हुए हैं। सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा विश्वकर्मा एवं पूर्व विधान सभा अध्यक्ष को लेकर अपने बूथो पर पहुंचकर बीएलओ से संवाद स्थापित कर एसआईआर अभियान मे छुटे हुए मतदाताओ का गणना प्रपत्र फार्म भरवाकर बीएलओ को उपलब्ध करने का कार्य कर रहे हैं। विष्णु शर्मा ने अवधनामा को बताया कि, हम सभी सपा कार्यकर्ता आम लोगों का फॉर्म भरे जाने की प्रक्रिया में कोई भी बाधा ना आए इसलिए साथ खड़े हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओ से अपील करते हुए कहा कि पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता शादी विवाह या पार्टी कार्यक्रम को छोड़कर प्रतिदिन पांच से दस बूथो का दौरा कर बीएलओ और बीएलए से स्थिती की जानकारी लेते रहे। एसआईआर अभियान मे तेजी लाए एवं नए मतदाताओ को जोड़ने पर अत्यधिक जोर देते हुए घर घर पात्रो की पहचान कर अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करे।

# कबाड़ बस को बना दिया रोजगार का जरिया



**अवधनामा संवाददाता**

**दो कबाड़ बसों को पिंक टॉयलेट और कैफेटेरिया में तब्दील कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ा डूडा ने**

**गोरखपुर ।** जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) गोरखपुर ने ने कबाड़ बस को महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया बना दिया है। डूडा के इस अभिनव प्रयोग से महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल रहा है। डूडा ने गोरखपुर में दो कबाड़ बसों को पिंक टॉयलेट और कैफेटेरिया में तब्दील कर महिलाओं को आत्मनिर्भरता से जोड़ दिया है। इनमें से एक पिंक बस टॉयलेट और कैफेटेरिया का संचालन कर स्वावलंबी हुई रानी देवी औरों के लिए मिसाल बनीं हैं।

डूडा द्वारा यूपी रोडवेज से कबाड़ घोषित बस लेकर पिंक टॉयलेट बस एवं कैफेटेरिया का निर्माण कराया गया है। पिंक टॉयलेट बस में महिलाओं को बच्चों को दूध पिलाने के लिए फीडिंग एरिया, तीन शौचालय, एक वेस्टर्न शीट शौचालय बनवाया गया है। पीछे की तरफ हाथ धोने का स्थान तथा सबसे अंतिम में एक छोटे से कैफेटेरिया के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। इस बस में बिजली सप्लाई के लिए सोलर सिस्टम तथा 500-500 लीटर क्षमता की दो टंकी लगाई गई है।

डूडा के परियोजना अधिकारी राजू कुमार बताते हैं कि नवाचार का यह अभिनव प्रयोग राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ मिलकर किया जा रहा है। वर्तमान में ऐसी दो बसों का संचालन कराया जा रहा है। एक पिंक टॉयलेट बस एवं कैफेटेरिया का संचालन कृपा स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष रानी देवी कर रही हैं। वह नौका विहार गेट के पास पिंक टॉयलेट बस व कैफेटेरिया चला रही हैं। रानी के पति बीमार हैं, लिहाजा पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। ऐसे में पिंक टॉयलेट बस व कैफेटेरिया उनकी आत्मनिर्भरता के लिए बहुत मददगार साबित हुआ है। वह बताती हैं कि डूडा द्वारा दी गई सुविधा से वह औसतन 18 हजार रुपये की आय प्रति माह अर्जित कर ले रही हैं। वह बताती हैं कि आने वाले समय में वह बस में स्थानीय प्रचलित व्यंजनों को भी बिक्री हेतु रखेंगी।

# सिगरेट पीने की शिकायत युवक को लगी नागवार, दोस्त के साथ मिलकर कर दी हत्या

**अवधनामा ब्यूरो**

**पुलिस ने की सनसनीखेज खुलासा, दोनों बाल अपचारी**

**13 दिसंबर को पडरौना क्षेत्र में हत्या कर फेंकी गई थी लाश**

**पटहेरवा थाना क्षेत्र के हतवा टोला का निवासी था मृतक**

**कुशीनगर।** क्या पता सिगरेट पीने की शिकायत करना जान गवाना पड़ेगा। ऐसे ही एक सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। एक दोस्त को सिगरेट पीने की शिकायत उसका दोस्त उसके भाई से कर दिया। दोस्त को नागवार लगा और हत्या की योजना बनाई। घूमने के बहाने पडरौना के आया और नशीला ड्रिंक पिलाकर गन्ने के खेत में लेजाकर चाकू घोंपकर हत्या कर दिया। पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करते दो बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है।

हत्याकांड का खुलासा करते पटहेरवा पुलिस ने बताया कि 10 दिसंबर 2025 को आरती देवी पत्नी सुभाष प्रसाद ग्राम पटहेरवा हतवा टोला थाना पटहेरवा द्वारा अपने लड़के नितेश उम्र लगभग 15 वर्ष की 07 दिसंबर को 2025 से गुम होने के सम्बंध में अभियोग पंजीकृत कराया था। गुमशुदा नितेश की तलाश की जा रही थी कि इसी दौरान 13 दिसंबर 2025 को कोतवाली पडरौना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ जिसकी शिनाख्त मृतक नितेश के रूप में उसकी मां द्वारा की गई। घटना का खुलासा हेतु सर्विलांस सेल की मदद लेकर लोकेशन ज्ञात किया गया तो मृतक तथा बाल अपचारी की भी घटनास्थल के पास मौजूदगी पाई गई। जिसके क्रम में इनसे पूछताछ की गई तो बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि 01 दिसंबर 2025 को सिगरेट पीने की शिकायत नितेश (मृतक) के द्वारा बाल अपचारी के भाई से की गई। इसी बात को लेकर मृतक नितेश व बाल अपचारी के बीच विवाद हुआ था। जिससे खिन्न होकर बाल अपचारी ने नितेश को मारने की योजना बनाया। योजना के मुताबिक 07 दिसंबर 2025 को बाल अपचारी ने तमकुहीराज से अपने रिश्तेदार की मोटर साइकिल लाया तथा नशीला ड्रिंक पिया और मृतक नीतेश को भी पिलाया फिर एक दोस्त के माध्यम से लडकी से मिलने के लिए फाजिलनगर लेकर गये परन्तु दोस्त बाहर होने की बात कह कर लडकी से मिलाने से इन्कार कर दिया। फिर बाल अपचारी ने घूमने के बहाने पडरौना ले जाना वहां से आगे जाकर नशा को बढाने के लिए गन्ना को खाने की बात कर गन्ना तोड़ने के लिए खेत में ले जाना इसी दौरान लात से मारकर गिराकर नितेश के पेट मे चाकू से मारकर घायल कर देना तथा अपने दोस्त बाल अपचारी की मदद से गमछे को मृतक नितेश के गले में लपेट कर गला कस कर हत्या कर दिया। पुलिस इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए दोनों बल अपचारियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## आबकारी विभाग द्वारा दबिश देकर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद कर ईट के भट्टो की तलाशी ली गई

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** आबकारी आयुक्त, उ0प्र0 के आदेश एवं जिलाधिकारी,फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद जी पी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ संदिग्ध ग्राम रामलीला गड्ढा में दबिश दी गई। 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर एक अभियोग पंजीकृत किया गया। तत्पश्चात अवैध मद्य निष्कर्षण एवं कच्ची शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के दृष्टिगत क्षेत्रांतर्गत संचालित ईट भट्ठों पर सघन छापेमारी की गई। तत्पश्चात आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा। ?

## विभिन्न थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा महिलाओं को जागरूक किया गया



**फर्रुखाबाद।** जनपद के थाना क्षेत्रो में मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को जागरूक किया गया जिसमें आज दिनांक 15/12/2025 को एंटी रोमियो टीम थाना कमालगंज द्वारा मिशन शक्ति के पांचवां चरण के तहत थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में जाकर बालिकाओं एवम् महिलाओं को सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। थाना जहानगंज में बालिकाओं व महिलाओ को कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई। थाना अमृतपुर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। थाना कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र में रेलवे स्टेशन पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई।

## एएसपी ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, वन्दना सिंह के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली नगर क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों,



वित्तीय संस्थानों में भ्रमण किया गया, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

# समस्या समाधान के लिए महिलाओं की मुखरता जरूरी : सत्या पांडेय

**प्रेस क्लब में 'कार्यक्षेत्र में महिलाओं के समक्ष चुनौतियां विषय' पर कार्यक्रम आयोजित**

**महिला-पुरुष के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सामंजस्य की हो भावना : प्रो. विनीता पाठक**



**अवधनामा संवाददाता**

**गोरखपुर ।** पूर्व महापौर डॉ. सत्या पांडेय ने कहा कि कार्यक्षेत्र में सामने आ रही समस्याओं के समाधान और चुनौतियों को दूर करने के लिए महिलाओं को मुखर होना पड़ेगा। किसी भी समस्या पर उन्हें सहन करने की प्रवृत्ति से उबरकर, चुप्पी तोड़नी होगी, आवाज उठानी होगी। कार्यक्षेत्र में महिलाओं को संरक्षण देने वाले कानूनी प्रावधान तभी कारगर होंगे जब महिला स्वयं जागरूक होकर आगे आएगी।

पूर्व महापौर सोमवार को गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के सभागार में कार्यक्षेत्र में महिलाओं के समक्ष चुनौतियां विषय पर आयोजित विमर्श कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हरेक क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रही हैं। पर, अपने कार्यक्षेत्र में उन्हें फब्तियों, भेदभाव या हीनता का अनुभव कराने जैसी चुनौती का सामना करना पड़ जाता है। इसके लिए समाज को थोड़ा और बदलना होगा, साथ ही महिलाओं को किसी भी चुनौती को दूर करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में राजनीति शास्त्र विभाग की अध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय में मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी प्रो. विनीता पाठक दार्शनिक प्लेटो के उद्धरण के हवाले से कहा कि महिला और पुरुष में कोई अंतर नहीं होता सिवाय शारीरिक बनावट के। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिल रहा है। महिलाएं अपनी ताकत का एहसास कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में अपना योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिला-पुरुष के बीच प्रतिस्पर्धा की जगह सामंजस्य की भावना होनी चाहिए। प्रो. पाठक ने कहा कि आज महिलाओं के समक्ष दोहरी चुनौती है, उन्हें घर भी संभालना है और अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता भी सिद्ध करनी है।

कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए सीआरडी पीजी कॉलेज की उप प्राचार्य डॉ. स्वप्निल पांडेय ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं के समाधान का सबसे सशक्त माध्यम शिक्षा है। पर, शिक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए महिलाओं को उनके विषय क्षेत्र चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता देनी होगी। अधिवक्ता परिषद की महामंत्री, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. अजिता पांडेय ने कहा कि सरकार से महिलाओं को अधिकार तो मिले हैं लेकिन सामाजिक दृष्टिकोण से कार्यक्षेत्र में अभी कई चुनौतियां सामने हैं। इन्हें दूर करने के लिए समाज को अपना नजरिया बदलना होगा। वरिष्ठ संचालिका रीता श्रीवास्तव ने कहा कि आज महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित की है तो इसमें पुरुषों का सहयोग सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम का संयोजन व अभ्यागतों का स्वागत वरिष्ठ पत्रकार कंचन त्रिपाठी और विषय प्रवर्तन के साथ संचालन कवयित्री डॉ. सरिता सिंह ने किया। इस अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के अध्यक्ष रीतेश मिश्र, उपाध्यक्ष भूपेंद्र द्विवेदी, महामंत्री पंकज कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री अंगद कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष प्रिंस कुमार पांडेय, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और मीडियाकर्मियों की उपस्थिति रही।

# अजीत यादव ने सपा कार्यालय में मनाया जन्मदिन कार्यालय प्रभारी को भेंट की साइकिल

**अवधनामा संवाददाता**




फर्रुखाबाद। आज समाजवादी पार्टी फर्रुखाबाद के जिला कार्यालय में शहर के प्रमुख समाजसेवी दीप पैलेस के मालिक अजीत यादव ने अपना जन्मदिन मनाया इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष बढ़पुर मुख्तार आलम, डॉक्टर प्रशांत यादव, जिला सचिव विनीत परमार, जिला सचिव निजाम अंसारी, जियाउल हक आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

केक काटने के बाद प्रमुख समाजसेवी अजीत यादव ने जन्मदिन के इस मौके पर कार्यालय प्रभारी विवेक भारद्वाज को घर से कार्यालय आने-जाने हेतु एक साइकिल भेंट की साइकिल पाकर विवेक भारद्वाज का चेहरा खिलखिला गया और उन्होंने कहा अब घर से आने-जाने में जो उन्हें परेशानी होती थी वह नहीं होगी और समय से कार्यालय पहुंच सकेंगे। इस दौरान मौजूद सभी नेताओं ने अजीत यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस मौके पर समाजसेवी अजीत यादव ने कहा कि हमारा पहला उद्देश्य है कि नेताजी का पैगाम लेकर जनता तक पहुंचेंगे, और 2027 में मा0 अखिलेश जी को मुख्यमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने अजीत यादव को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि इस तरह से पार्टी के सभी लोगों को विशेष मौकों पर पार्टी के कमजोर कार्यकर्ताओं की मदद करनी चाहिए। जिला महासचिव इतिहास मंसूरी ने अजीत यादव के इस कार्य की सराहना करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

अवधनामा



# आनलाइन उपस्थिती के विरोध में बढ़नी ब्लाक के सभी सचिवों ने एडीओ पंचायत को सौंपा डोंगल

**डोंगल जमा होने के बाद नहीं हो पायेगा ग्राम पंचायतों के राज वित्त एवं केंद्रीय वित्त का कोई भुगतान**



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** आनलाइन उपस्थिती दर्ज कराये जाने के विरोध में सोमवार को बढ़नी ब्लांक के सभी सचिवों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एडीओ पंचायत राम विलास को अपना अपना डोंगल सौंप दिया है। ब्लॉक मुख्यालय पर सभी सचिवों का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। प्रांतीय कार्यकारिणी के आवाहन पर पूर्व प्रेषित ज्ञापन दिनांक 01/12/2025 के क्रम में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली सहित मूल विभागीय कार्यों के अतिरिक्त अन्य विभागों के कार्यों के विरोध में चल रहे सांकेतिक शांतिपूर्ण सत्याग्रह आंदोलन तक के परिपालन में दिनांक 15/12/2025 तक सभी ग्राम पंचायत सचिव की कोई भी मांग अभी तक पूर्ण न होने के कारण सभी सचिवों ने अपना अपना डी. एस. सी/डॉगल एडीओ पंचायत के समक्ष सामूहिक रूप से उपस्थित होकर जमा कर दिया गया हैं।

सचिव उदय प्रताप ने कहा की डोंगल जमा करने से राज्य वित्त व केंद्रीय वित्त का भुगतान नहीं हो पायेगा,बाकी छोटा-मोटा काम सुचारू रूप से होता रहेगा। अधिक विभागों के कार्य के साथ ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली वर्तमान परिस्थितियों में अव्यावहारिक है। तकनीकी समस्याओं और फील्ड परिस्थितियों के कारण यह प्रणाली शासकीय कार्यों में बाधा उत्पन्न कर सकती है। इसलिए आदेश पर तत्काल पुनर्विचार करने की जरुरत है। इन्हीं सब मांगो एवं विरोध के साथ आज ब्लॉक मुख्यालय पर डोंगल जमा किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने संगठन के उच्च पदाधिकारी के निर्देश के बाद आगे की रणनीति तय करने की बात कही।

उक्त अवसर पर मोहम्मद नियाज, उदय प्रताप गौतम, शकील अहमद, रविकान्त यादव, अवधेश कुमार यादव,अनुपम सिंह, संजय कुमार, दिलीप कुमार, शीला पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत सिहोंरवा में सफाई कर्मी की लापरवाही से लगा गंदगी का अंबार

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिहोरवा गांव में सफाई कर्मी की लापरवाही के कारण जगह जगह गंदगी का अंबार लग जाता है। नालियां चोक हो जाती हैं, रास्तों पर जलभराव होता है, और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ग्रामीणों को खुद ही सफाई करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। जिससे स्वास्थ्य और दैनिक जीवन प्रभावित होता है। जिसका मुख्य कारण सफाई कर्मी की गैर-हाजिरी या काम न करना, तथा कुछ मामलों में अधिकारियों द्वारा अनदेखी शामिल है। वहीं सूत्रों की मानें तो नियुक्त सफाई कर्मी अक्सर ड्यूटी से गायब रहता है। जो लापरवाही को दर्शाता है। और गांव में कभी कभार ही साफ सफाई कराई जाती है। अभिषेक यादव का कहना है कि घर के आसपास गंदगी के कारण नालियों में रुके पानी से मच्छर पनपते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया, और संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। रास्ते में फैले गंदे पानी व कूड़े के कारण लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# साइंस फेस्टिवल में पूर्वांचल टीम के रॉकेट मॉडल की हुई सराहना

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 11वें इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवलङ्क2025 में डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन के नेतृत्व में पूर्वांचल के मेधावी छात्रों ने प्रतिभाग कर जिले का नाम रोशन किया। ÷विज्ञान से समृद्ध भारत÷ थीम पर आधारित यह साइंस फेस्टिवल 6 दिसंबर से 9 दिसंबर तक पंचकूला, हरियाणा में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से 35 से अधिक टीमों ने सहभागिता की।

साइंस फेस्टिवल में सिद्धार्थनगर जनपद के सिंघेश्वरी इंटर कॉलेज के होनहार छात्र आदर्श मणि त्रिपाठी तथा कासिम इंटर कॉलेज की अंजली कन्नौजिया और तनु उपाध्याय ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला को-ऑर्डिनेटर राजनारायण की भी सक्रिय सहभागिता रही। रॉकेट मॉडल में विशेष प्रदर्शन के लिए आदर्श मणि त्रिपाठी को ÷रॉकेट स्टार÷ की उपाधि देकर उत्साहवर्धन किया गया।



फेस्टिवल के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न क्षेत्रों के वैज्ञानिकों के साथ-साथ इसरो के वर्तमान अध्यक्ष वी. नारायणन से मुलाकात कर विज्ञान के क्षेत्र में अपने नवाचारों और कार्यों की जानकारी साझा की। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन गोरखपुर टीम की सराहना की और छात्रों के प्रयासों को प्रेरणादायी बताया।

फाउंडेशन टीम ने अपनी स्टॉल पर रॉकेट मॉडल्स के माध्यम से आगंतुकों को अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी जानकारियां दीं। साथ ही मॉडल आधारित मानचित्रों के जरिए चांद, तारों और मंदाकिनी की पहचान करने की सरल विधियों से भी लोगों को अवगत कराया गया। टीम द्वारा प्रस्तुत 180 अंश का ऑटोमेटिक रॉकेट लॉन्चर मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे भविष्य में सीमा सुरक्षा के लिए उपयोगी बताया गया।

इस अवसर पर डे एंड नाइट स्पेस फाउंडेशन की फाउंडर प्रिया यादव ने कहा कि फाउंडेशन प्रतिभाओं को तलाश कर उन्हें तराशने तथा विज्ञान व अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

फाउंडेशन के मेंटर खगोलविद अमर पाल सिंह, सीईओ राहुल व्यास, डॉ. चंद्रमौली, डॉ. दिलीप भट्ट (इसरो), डॉ. जयंत जोशी (इसरो), प्रो. मोहर लाल सोलंकी (वैदिक गणितज्ञ), डॉ. शोभित श्रीवास्तव, डॉ. राजेश ठाकुर (गणितज्ञ), डॉ. अनूप कुमार सिंह (गणितरत्न), प्रो. बृजेश दीक्षित (भौतिकविद) सहित हरिशंकर, चित्रा सिंह, परिधि व्यास, अमृतन श्रीवास्तव (रोबोटिक्स विशेषज्ञ), अविनाश भास्कर, मुस्तन शेरुल्लाह, अवनीश पाठक, आदित्य, अंशिका और उत्कर्ष आदि ने फेस्टिवल में प्रतिभाग करने वाली फाउंडेशन टीम को बधाई दी।

# मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद में 15 महिलाओं की समस्याएं सुनीं



**दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी का मामला, महिला ने लगाई न्याय की गुहार**

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** देवीपाटन मण्डल मुख्यालय पर सोमवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई करीब 15 महिलाओं ने घरेलू हिंसा, भूमि विवाद, दहेज उत्पीड़न, अतिक्रमण, रास्ता अवरोध सहित अन्य समस्याओं को लेकर न्याय की गुहार लगाई।आयुक्त ने सभी महिलाओं की समस्याओं को बारी-बारी से गंभीरता पूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों से मौके पर ही फोन के माध्यम से वार्ता कर प्रकरणों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण नियमानुसार और समयबद्ध ढंग से किया जाएगा।आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने महिलाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा किसी भी महिला के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद का उद्देश्य महिलाओं की समस्याओं को सीधे शीर्ष प्रशासनिक स्तर पर सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनसुनवाई के दौरान अपर आयुक्त न्यायिक मीनू राणा एवं उपायुक्त खाद्य विजय प्रभा भी उपस्थित रहीं।

महिला जनसुनवाई के दौरान एक पीड़िता ने दहेज उत्पीड़न, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकियों का गंभीर मामला उठाया। पीड़िता ने बताया कि उनका विवाह वर्ष 2020 में थाना मोतीगंज क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक से हुआ था। विवाह के समय सामर्थ्य अनुसार दान-दहेज दिया गया, बावजूद इसके ?5 लाख की अतिरिक्त मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर विपक्षीगण द्वारा मारपीट, मानसिक प्रताड़ना और जबरन गर्भपात कराए जाने का आरोप लगाया गया। पीड़िता का कहना है कि उन्हें घर से निकाल दिया गया और उनके सभी जेवरात अपने पास रख लिए गए।

# पंकज चौधरी बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, भाजपाईयों ने मनाया जश्न



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष घोषित होने के उपरांत सिद्धार्थनगर भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के निर्देशन पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ पटाखा जलाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में नया जोश उमंग देखने को मिला।

जिला मिडिया प्रभारी भाजपा निशांत पाण्डेय के अनुसार उक्त अवसर पर जिला महामंत्री विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष तेजू विश्वकर्मा, जिला मंत्री द्वय अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह,अरविंद उपाध्याय, भाजपा नेता संतोष शुक्ला, फूलचंद जायसवाल,संतोष पासवान, देवेन्द्र मिश्र,श्यामसुंदर मित्तल,गंगा मिश्र, मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता,महेंद्र लोधी, राकेश आर्य,राजेश दूबे,अनुराग गगन आदि लोग उपस्थित रहे।

# मोटरसाइकिल यात्रा निकाल हिंदू सम्मेलन के आयोजन का किया गया आगाज

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के तृतीय चरण के अंतर्गत प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन कार्यक्रमों के दृष्टिगत सोमवार को हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति द्वारा शोहरतगढ़ कस्बे में भव्य मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा के माध्यम से आगामी हिंदू सम्मेलन के आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया गया।

मोटरसाइकिल यात्रा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारंभ हुई। यात्रा में शामिल सभी मोटरसाइकिलों पर भगवा ध्वज फहराया गया। प्रतिभागी पूरे मार्ग में वंदे मातरम्, भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष करते रहे। यात्रा विद्यालय से निकलकर पोस्ट ऑफिस होते हुए छतहरा गांव पहुंची, जहां से वापस छतहरी, पेट्रोल पंप, थाना, तिरंगा तिराहा, सीएचसी,



श्रीराम जानकी मंदिर, पुलिस पिकेट, मोती नेता तिराहा, नीबी दोहनी, अभय सिंह का घर, खुनुवां बाईपास तथा समय माता मंदिर गेट होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।

इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य रविकांत अग्रहरि ने बताया कि शोहरतगढ़ नगर में हिंदू सम्मेलन के तहत तीन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पहला कार्यक्रम 17 दिसंबर को भारत माता चौक पर दोपहर 12 बजे आयोजित होगा। दूसरा कार्यक्रम गड़ाकुल प्राथमिक विद्यालय परिषद में तथा तीसरा कार्यक्रम नीबी दोहनी में संपन्न किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। मोटरसाइकिल यात्रा के दौरान जिला प्रचारक विशाल, खंड पालक अभय सिंह, राजेश आर्या, पंकज श्रीवास्तव, अखिलेश वर्मा, रवि अग्रवाल, सुरेंद्र पाल, सूरज निगम, हर्षित शर्मा, अंकित गुप्ता, मनीष श्रीवास्तव, रमेश कसौधन, राजकुमार मोदनवाल, वीरेंद्र कुमार, सोनू महतो, अरुणेश मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

## सदर एसडीएम को प्रधानो ने दिया मैपिंग सही कराने का प्रार्थना पत्र

**लोटन सिद्धार्थनगर।** मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के समस्यो को लेकर उपजिलाधिकारी नौगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया गया कि विकास खण्ड लोटन विधानसभा क्षेत्र कपिलवस्तु अंतर्गत ग्राम पंचायत अमहट प्रधान मंजू व ग्राम पंचायत भरमी के प्रधान सबनम खातून द्वारा कहा गया कि राजस्व ग्राम बैरवास व अहिरावल का वर्तमान बुथ संख्या 188 व 189 पूर्व माध्यमिक विद्यालय अहिरावल है जो कि पूर्व का बुथ संख्या 122 का सपही मे था परन्तु जो एस आई आर फार्म आनलाईन बी एल ओ के द्वारा करने पर भाग संख्या 122 डालने पर एक डेगवा दिखा रहा है। ग्रामवासियों के लिए भय का डर लोगो मे बना हुआ है दोनों गाव के लोगों काफी परेशान है मैपिंग कराने के लिए उपजिलाधिकारी नौगढ़ से गोहार लगाई थी लेकिन अभी तक सही नही हुआ है ग्रामीणों ने भी उच्च अधिकारियों से सही कराने की मांग किया है। इस सम्बन्ध में एसडीएम का कहना है कि प्रार्थना पत्र मिला जल्द ही ठीक कर दिया जायेगा।

# दहेज के लिए नवविवाहिता से मारपीट पति सहित सुसराल पक्ष पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। एक नवविवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के यहिया कमालपुर गांव निवासी अर्चना की शादी नवंबर 2021 में कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के नान्हू नगर (फतेहपुर ककरडिला) निवासी नितिन के साथ हुई थी। पीड़िता के पिता ने विवाह के समय अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। शुरुआती दिनों में दांपत्य जीवन सामान्य रहा, लेकिन करीब एक वर्ष बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया।

पीड़िता का आरोप है कि इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग मोटरसाइकिल और 50 हजार रुपये की अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि सास माला देवी के उकसावे पर पति और ननद ने कई बार उसके साथ मारपीट की। सामाजिक लोकलाज के कारण वह लंबे समय तक अत्याचार सहती रही।

पीड़िता ने बाद में न्यायालय की शरण ली, जहां समझौते के बाद पति उसे पुनः ससुराल ले आया। कुछ समय बाद पति उसे दिल्ली ले गया, लेकिन वहां भी दहेज को लेकर उत्पीड़न जारी रहा। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की गई, कपड़े और जेवरात छीन लिए गए तथा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर उसे मायके भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर पति, सास, ननद और देवर के खिलाफ मारपीट व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## जश्न ए ज़हरा में शायरों ने पेश किया कलाम

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** कस्बा जलालपुर व आसपास के क्षेत्रों में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी हजरत फात्मा जहरा के जन्मदिन के अवसर पर जश्न व महफ़िल- ए -मकासदा का सिलसिला जारी है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में नज़र नियाज़ का सिलसिला भी जारी है। बीती रात मोहल्ला फरीदपुर स्थित मास्टर अलमदार हुसैन के आवास पर जश्न मिस्दाक- हल- अता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय शायरों ने हज़रत फात्मा जहरा की शान में कसीदे पढ़कर खूब वाहवाही बटोरी। मौलाना अली अब्बास फैजी ने हजरत फात्मा जहरा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अशिक्षित अरब समाज में बेटी पैदा होने पर लोग अभिशाप मानते थे और बेटी को जिंदा ही दफन कर दिया करते थे तो ऐसे वातावरण में पैगम्बर हज़रत मोहम्मद साहब ने बेटियों को बराबरी का दर्जा देकर अरब में फैली कुरीतियों को समाप्त किया। हज़रत फात्मा जहरा ने खुद एक बेटी, पत्नी व मां के तौर पर वह मिशाल पेश किया,जो दुनिया में बेमिसाल है।

# धूमधाम से मनाया गया केंद्रीय विद्यालय संगठन स्थापना दिवस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर में केंद्रीय विद्यालय स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय रहे।

वरिष्ठ शिक्षक सुधाकर पांडेय ने संगठन की स्थापना, उद्देश्य तथा 1963 से अबतक के संगठन के सफर पर सारगर्भित विचार रखा। योग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक प्रस्तुति प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने अपने अभिभाषण में संगठन और हम, स्वदेशी के प्रति दृढ़संकल्प तथा विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य एवं अनुशासन आदि विषयों पर विचार रखा। मंच संचालन कक्षा 8वीं की छात्रा सुरभी शुक्ला तथा कक्षा 8वी के छात्र पंडित सम्राट द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन विद्यालय के शिक्षक अश्वनी कुमार राय एवं श्रीमती शिखा सुनेजा द्वारा किया गया। समारोह का समापन विद्यालय के शिक्षक रामकेश द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर किया गया।

## डीएम के निरीक्षण में मिली अनियमितता, दुकानों का लाइसेंस रद्द करने का दिया निर्देश



**अवधनामा संवाददाता, सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन द्वारा रविवार को मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, काज़ी रूधौली एवं शुक्ला सीमेंट खाद विक्रेता काज़ी रूधौली का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाद के स्टॉक एवं वितरण राजिस्टर को भी देखा। जिलाधिकारी ने किसानो से फोन पर वार्ता किया। किसानो द्वारा ओवर रेटिंग की शिकायत किया गया। इसके अतिरिक्त किसानो का गलत मोबाइल नंबर वितरण रजिस्टर मे लिखा गया था तथा किसानो द्वारा खरीद की गयी उर्वरक की संख्या अधिक दर्ज किया गया था। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने कड़ी नाराज़गी व्यक्त करते हुए मिश्रा बिल्डिंग मैटेरियल, काज़ी रूधौली एवं शुक्ला सीमेंट खाद विक्रेता काज़ी रूधौली का लाईसेंस निरस्त करते हुए दुकान को सील करने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी मु मुज्जमिल द्वारा मौके पर उक्त दोनों दुकानों को सील करा दिया गया है।

## यज्ञशाला निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** कस्बा के सुभाष नगर वार्ड में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को यज्ञशाला निर्माण के लिए भूमि-पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। विद्वान पंडित दिवाकर मिश्र, पुजेश पाण्डेय, अंकित शुक्ल, प्रिंस उपाध्याय ने यज्ञ शाला के लिए विधि विधान से भूमि पूजन ,हवन-पूजन किया। कार्यक्रम को लेकर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ उमड़ गई। महिलाओं ने मंगल गीत गाए। कस्बावासियो में यज्ञशाला निर्माण को लेकर काफी उत्साह देखा गया। आयोजन को सफल बनाने में आचार्य संतोष शुक्ल, रवि जायसवाल, दिनेश मोदनवाल, हेमन्त अग्रहरी, सत्य प्रकाश वर्मा, अरविंद शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# कपिलवस्तु में प्लाइवुड उद्योग से 181 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु जिले में सशस्त्र पुलिस बल और भंसार गश्ती की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तस्करी कर नेपाल लाया गया 181 बोरी भारतीय यूरिया खाद बरामद की है। यह कार्रवाई शिवराज नगरपालिकाङ्क7 रुद्रपुर स्थित जय अम्बे प्लाइवुड इंडस्ट्रीज प्रा. लि. के परिसर में की गई।

संयुक्त टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि प्लाइवुड उद्योग के भीतर भारी मात्रा में यूरिया खाद छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में परिसर से बड़ी संख्या में भारतीय यूरिया खाद की बोरियां बरामद हुईं। बरामद खाद को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए कृष्णनगर भंसार कार्यालय लाया गया है। भंसार कार्यालय के सूचना अधिकारी मयंक कुमार कर्ण ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि उक्त यूरिया खाद बिना किसी भंसार प्रक्रिया के अवैध रूप से नेपाल में प्रवेश कराई गई थी। मामले की गहन जांच की जा रही है।

भंसार कार्यालय के अनुसार, तस्करी में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं सूत्रों का कहना है कि इन दिनों कोटिया बॉर्डर तस्करों के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता बनता जा रहा है, जहां से भारी मात्रा में यूरिया खाद की तस्करी हो रही है।

## फार्मासिस्ट पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : रोहित मिश्रा

**देवी अवस्थी संवाददाता, गोण्डा।** शहर के सिंचाई विभाग डाक बंगला में सोमवार को जिले की यूथ फार्मासिस्ट फेडरेशन के पदाधिकारियों ने एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कि बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए और मंडल उपाध्यक्ष सुधांशु मिश्रा के नेतृत्व में कहा कि वरिष्ठ उपाध्यक्षपद पर मनोज कमार सैनी, उपाध्यक्ष अंशुमान मिश्रा, संजय अवस्थी, वैष्णो दत्त शुक्ला, तीन उपाध्यक्ष बनाया गया, कोषाध्यक्ष सनत कुमार पांडे, संगठन मंत्री श्याम वरन, मंत्री अनुराग तिवारी, कार्यवाहक सचिव अंकित तिवारी, सा मीडिया प्रभारी शमशाद खान, तरबगंज तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, कर्नलगंज तहसील अध्यक्ष हर्षित मिश्रा को मनोनीत किया गया है। जिला महामंत्री राकेश शुक्ला ने बताया कि सबसे ज्यादा फार्मासिस्ट को मेडिकल लाइसेंस बनवाने में आ रहीं है और अवैध मेडिकल स्टोर चल रहे हैं समस्याओं को दूर करने के लिए अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# सभी वादों में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत करना करें सुनिश्चित : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**गोण्डा।** पुलिस लाइन सभागार गोण्डा में जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियोजन कार्यों से जुड़े अधिकारियों एवं न्यायालय में कार्यरत सहायक अभियोजन अधिकारियों और अधिवक्ताओं ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने अभियोजन कार्यों की प्रगति, लंबित मामलों की स्थिति, गवाहों की उपलब्धता, अभियुक्तों की उपस्थिति तथा न्यायालयों में की जा रही पैरवी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था को अधिक से अधिक सुदृढ़ बनाए रखने और समाज में अपराध के प्रति डर बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि दोषियों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से सजा दिलाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजन कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी सहायक अभियोजन अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मामले में समय से साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत हों और गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अभियोजन अधिकारियों और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अभियोजन की सफलता दर में वृद्धि हो।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने उन मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा जिनमें गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं और जिनका समाज पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के प्रयास किए जाएं ताकि समाज में कानून का भय बना रहे। उन्होंने अधिवक्ताओं से भी अपील की कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ मामलों की पैरवी करें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाकर उन्हें सजा दिलाई जाए, ताकि आमजन का न्याय प्रणाली पर विश्वास मजबूत हो।

## जलालपुर नगर के अर्बन हेल्थ सेंटर का दो सदस्यीय टीम ने किया निरीक्षण

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** जलालपुर नगर के दलाल टोला में संचालित अर्बन हेल्थ सेंटर का रविवार दोपहर दो सदस्यीय जांच टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की गई।

जांच टीम में शामिल डॉक्टर सुशील एवं अवनीश कुमार ने हेल्थ सेंटर में बारी-बारी से विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निशमन यंत्र की उपलब्धता व उसकी स्थिति, दवाओं का स्टॉक, मरीजों के लिए पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की जांच की गई। टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों से भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की और अभिलेखों का अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद डॉक्टर सुशील ने बताया कि अर्बन हेल्थ सेंटर में की गई जांच की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासन को भेजी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे आवश्यक दिशा-निर्देश एवं कार्रवाई की जाएगी।

## तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न अनुशासन व देशभक्ति का दिया सन्देश

**अवधनामा संवाददाता, हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** जनता इंटर कॉलेज बेला परसा में आयोजित स्काउट गाइड का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हो गया। समापन समारोह में जिला स्काउट गाइड की जिला मुख्य आयुक्त डॉ. तारा वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. तारा वर्मा ने कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण विद्यार्थियों के जीवन में अनुशासन और देशप्रेम की भावना विकसित करता है। यह प्रशिक्षण बच्चों को समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पवन यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और प्रशिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला महाविद्यालय बेला परसा के प्राचार्य डॉ. रमेश कुमार मिश्रा मौजूद रहे। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता इंटर कॉलेज के प्रबंधक संतराम मौर्य ने की। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्काउट गाइड के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण जीवनभर मार्गदर्शन का कार्य करेगा।

## इनडिगो की तानाशाही

भारत की महत्वपूर्ण हवाई सेवा है। रोज यात्रीगण सहूलियत के लिये और जल्दी पहुंचाने के लिये इनडिगो के टिकट लेते है। अत्याधिक मंहगे टिकट लेकर भी वे अकसर या यात्रा से मरहूम हो जाते है, या लेट हो जाते है। लोगो के अतिआवश्यक कार्य होते है। जल्दी पहुचने के लिये हवाई टिकट लेते है पर कम्पनी की मनमानी की वजह उड़ान देरी छूटती है। कैन्सिल भी हो जाती है। कैन्सील हो जाने पर यात्री हवाई अड्डे पर पड़े रहते है अगली उड़ान प्रतिक्षा या जिस जहाज का टिकट लिये हुये है वह कब उड़ता है। अभी इन्डिया के जहाज खराब हो जाने की वजह से बहुत से यात्री हवाई अड्डे पर पड़े रहे। उन्हें कोई सहूलियत तो प्राप्त नहीं हुई। जहाज में भी अक्सर पायलट की शिकायते आती रहती है। कभी अत्याधिक होती शराब के नशे की वजह से तो कभी महिलाओं से छेड़छाड को लेकर अभी जो संकट पैदा हुआ था वह अभूतपूर्व था। चूकि ऐसे मुद्दो की सामूहिक आवाज नहीं उठ पाती है इसलिये यह सिलसिला चलता रहता है।

इन्डिगो को अपनी उड़नों को सुधार ना होगा। सरकार ने भी कहा है कि इस बार इन्डिगो को ऐसे सबक सिखाऊगा कि उसे जिन्दगी भर याद रहेगा। सरकार इन्डिगो के सीईओ को तलब भी किया है। लोगों को इन्तजार है सरकार क्या सबक उठाती है, कितनी सहूलियत यात्रियों को दिला पाती है सबकी नज़र लगी हुई है। विदेशो की हवाई सेवायें कितनी सन्तुलित है इन्डिगो को सबक लेनी चाहिये। जब सुधार की मानसिकता बनायेगे तभी इन्डिगो कर्मचारी सुधार का सकेगे। हवाई मन्त्रालय को इसमें विशेष दिलचस्पी और सख्ती दिखानी पड़गी। जहाज की वेटरेसे भी सही तरह से सेवा नहीं दे पाती है। अक्सर शिकायतें सुनने को मिलती रहती है। उम्मीद है इस हादसे के बाद इन्डिगो खुद ही सुधार लायेगा। कुछ तो यात्री भी लापरवाह हो समस्यायें पैदा करार है। दोनो पक्ष सजग हो जाये तो बात पूरी तरह बन जायेगी।

## चरमपंथ का मुकाबला और सांप्रदायिक सद्भाव को मजबूत करना

सरवर नईम बिलग्रामी



भारतीय मुस्लिम और इस्लामी समुदाय को आतंकवाद के रूप में, विशेष रूप से गैर-मुस्लिमों को निशाना बनाने वाले हिंसक कृत्यों के रूप में, और उसके परिणामस्वरूप शारीरिक हमलों, इस्लामोफोबिया, हाशिए पर धकेलने और सामाजिक बहिष्कार के रूप में प्रतिक्रिया के दोहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है। अप्रैल 2025 का पहलगाम हमला और हाल का लाल किले विस्फोट चरमपंथी तत्वों द्वारा पर्यटकों को निशाना बनाने वाले थे, जिसमें एक सुसाइड बॉम्बर ने विस्फोटकों से लदी कार को उड़ा दिया, जिससे कई नागरिक मारे गए। इन घटनाओं ने राष्ट्र को स्तब्ध कर दिया और व्यापक सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया।

इन घटनाओं के बाद, मुस्लिम समुदाय, जिसमें इसके शैक्षिक संस्थान और सामुदायिक केंद्र शामिल हैं, जांच के दायरे में आ गए। प्रवासी मजदूरों पर शारीरिक हमलों की कई घटनाएं राष्ट्रीय सुर्खियां बनीं। गैर-मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा के ये कृत्य, जो कट्टरपंथी तत्वों द्वारा दावा किए जाते हैं, पूरे मुस्लिम समुदाय पर छाया बन गए हैं। भारतीय मुस्लिमों के लिए, जो सामाजिक ताने-बाने का एक जीवंत और अभिन्न अंग हैं, यह उदय अद्वितीय और गंभीर चुनौतियां प्रस्तुत करता है। कट्टरपंथी तत्वों की कार्रवाइयों से प्रेरित इस्लाम को हिंसा से जोड़ना, भारत और उसके मुस्लिम आबादी को परिभाषित करने वाली सह-अस्तित्व, आपसी सम्मान और बहुलवाद की सदियों पुरानी परंपराओं को कमजोर करने का खतरा पैदा करता है।

भारतीय मुस्लिमों के सामने एक केंद्रीय कठिनाई उनकी आस्था का लगातार विकृत चित्रण है, जो चरमपंथियों की कार्रवाइयों के कारण होता है। भारत और विश्व भर में मुसलमानों का भारी बहुमत आतंकवाद और हिंसा की निंदा करता है। फिर भी, सनसनीखेज घटनाएं और उनके द्वारा उत्पन्न पूर्वाग्रह एक कथा बनाते हैं जो पूरे समुदाय को अनुचित रूप से दोषी ठहराती है। यह न केवल संदेह और अलगाव को बढ़ावा देता है बल्कि भारतीय मुसलमानों पर राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा और शांति के प्रति प्रतिबद्धता सिद्ध करने का नैतिक और सामाजिक बोझ भी डालता है। चुनौती दोहरी है : आतंकवाद के बुराई का सामना करना और उसके बाद उत्पन्न होने वाले व्यापक रूढ़ियों और पूर्वाग्रहों से लड़ना।

इस्लामी समुदाय को चरमपंथ, आतंकवाद और गैर-मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा की चुनौती का सामना करने के लिए बहु-आयामी रणनीति अपनानी चाहिए और वैश्विक समुदाय से इस्लाम को सभी प्रकार के आतंकवाद, चरमपंथ और हिंसा से अलग करने वाले संकल्प अपनाने का दबाव डालना चाहिए। प्रवासी समुदायों, सिविल सोसाइटी और दबाव समूहों को डीरेडिकलायजेशन का सार्वभौमिक चार्टर पारित करने पर जोर देना चाहिए जो आतंकवाद को वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा मानता हो। विश्व भर के मुसलमानों, विशेष रूप से भारतीय मुसलमानों के लिए प्रमुख रणनीतियों में से एक भारतीय इस्लाम की बहुलवाद और अंतरधार्मिक सद्भाव की समृद्ध परंपरा पर आकर्षित होना है। भारतीय मुस्लिम समुदाय ने लगातार विविधता में एकता की वकालत की है, सूफी परंपराओं से प्रेरणा लेकर जो समस्त मानवता को गले लगाती हैं और व्यक्तियों को पूर्वाग्रह, दोष और घृणा से मुक्त करने का कार्य करती हैं।

भारतीय मुसलमानों को अपनी वकालत को वैश्विक अभियान में बदलना चाहिए जो भारतीय सरकार से मान्यता और समर्थन प्राप्त करे। इस अभियान में धार्मिक संस्थान, उपदेशक, नेता, विद्वान और सिविल सोसाइटी अभिनेता को शांतिपूर्ण, करुणामय और आपसी सम्मान पर केंद्रित दयालु इस्लाम या भारतीय इस्लाम के लिए वैश्विक अभियान को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए।

समय आगे बढ़ गया मेरे आगे।

**सड़कें**
पहले से ज्यादा चौड़ी
पर
मेरे लिए तमने की जगह
और कम हो गई ।

**इमारतें**
ऊँची होती जा रही
उनकी खिड़कियों से
नीचे झाँकने का समय
अब किसी के पास नहीं
हवा में
पुरानी आवाज़ें
आज भी लिपटी हुई
पर वे
पिघलती नहीं
इसलिए
लुप्त प्रायः सी होतीं।

**डिजिटल घड़ियाँ**
हर पल बताती
कि समय है कितना कीमती
वे यह नहीं बतातीं
कि किसी के पास
कितना समय शेष है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है।**

# भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।



ललित गर्ग

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।



भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं। नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गई। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया।

# तकनीक का पावर हाउस बनता भारत

**लाखों भारतीयों के लिए एआई को सुलभ बनाते हुए, हम भारत के विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते रहने के लिए उत्साहित हैं। अब तक 40 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत में हम सबसे बड़े विदेशी निवेशक हैं। दिग्गज टेक कंपनियों का भारत में अचानक निवेश कोई जल्दबाजी का मामला नहीं है। यह भारत में बढ़ रही टेक्नोलॉजी की मांग को लेकर अगले कुछ दशकों तक की एक लंबी योजना है।**

दुनिया का जानामाना सर्च इंजन गूगल और टेक्नाालॉजी की दिग्गज कम्पनी माइक्रोसॉफ्ट और आनलाईन व्यापार का सुव्यवस्थित और विश्वसनीय अमेजन का संयुक्त रूप से भारत में छह लाख करोड़ रूपये का निवेश निश्चित तौर पर भारत को एशिया-प्रशांत का नया क्लाउड हब बनायेगा। वर्तमान में भारत एआई क्षमता, क्लाउड इन्फ्रा और डिजिटल सेवाओं में जापान और कोरिया की बराबरी कर रहा है। भारत के डाटा सेन्टर विस्तार की गति सिंगापुर को पार करती नजर आ रही है। यही नही भारत एआई कौशल उत्पादन में कई विकसित राष्टों से आगे निकल चुका है। यही नही कनाड़ा, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया जैसी तकनीकी प्रगतिशील अर्थव्यवस्थाएं भी भारत की गति से पीछे नजर आने लगी है।भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और 2025 तक 90 करोड़ (900 मिलियन) के पार जाने की उम्मीद है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ा योगदान है; वर्तमान में लगभग 732 मिलियन सक्रिय उपयोगकर्ता हैं, जो इन्टरनेट के जरिये सीधे मोबाईल टीवी, सोशल मीडिया और ऑनलाइन संचार के लिए इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं, और ग्रामीण भारत में भी अपनाने की दर बढ़ रही है, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा इंटरनेट उपयोगकर्ता बन गया है, वह सिर्फ़ चीन से पीछे है। भारत में युवाओं (15-29 वर्ष) की संख्या 371 मिलियन (लगभग 37 करोड़) से अधिक है, जो कुल जनसंख्या का लगभग 27 प्रतिशत है और यह दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है, हालांकि 2036 तक इसमें कमी आने का अनुमान है, लेकिन संख्या के हिसाब से यह बड़ी बनी रहेगी और भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसे देश के विकास के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। यही कारण है कि भारत डिजिटल अर्थव्यवस्था में तीव्रगति से प्रवेश कर चुका है। बढ़ती तकनीकी क्षमता से देश की आर्थिक प्रगति को देखकर वैश्विक चर्चा शुरू हो चुकी है। क्राउड और एआई इन्फ्रा पर वर्तमान भारत को एशिया के तीन सबसे बड़े टेक इकोसिस्टम में स्थापित कर देगा। डीप-टेक और डाटा साइंस क्षेत्र में भारत दुनिया के पॉच शीर्ष देशों में शामिल हो चुका है। यही नही भारत दुनिया के तीन डिजिटल टेक पावर हाउस रेस में शामिल हो चका है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन का छह लाख करोड का भारत में निवेश ग्लोबल क्लाइड कैपिटल में बदलने के दिशा में सबसे निर्णायक प्रगति है। भारत का डिजीटल इकोसिस्टम दुनिया की सबसे मजबूत संरचना में से एक बन रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी टूल के अनुसार, भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में दुनिया का तीसरा सबसे ज़्यादा प्रतिस्पर्धी देश बन गया है। यह लेटेस्ट रैंकिंग दिखाती है कि भारत का तेज़ी से बढ़ता टेक इकोसिस्टम और मज़बूत टैलेंट बेस देश को ग्लोबल एआई रेस में अहम भूमिका निभाने में कैसे मदद कर रहा है। स्टैनफोर्ड के डेटा पर आधारित विज़ुअल कैपिटलिस्ट चार्ट दिखाता है कि एआई प्रतिस्पर्धा में यूनाइटेड स्टेट्स 78.6 के वाइब्रेंसी स्कोर के साथ दुनिया में सबसे आगे है। चीन 36.95 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि भारत 21.59 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर है। यह भारत को दक्षिण कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, सिंगापुर, जापान, कनाडा, जर्मनी और फ्रांस सहित कई एडवांस्ड अर्थव्यवस्थाओं से आगे रखता है। स्टैनफोर्ड का एआई वाइब्रेंसी टूल यह मापने के लिए कई इंडिकेटर्स को एक सिंगल स्कोर में मिलाता है कि किसी देश का एआई इकोसिस्टम कितना विकसित और प्रतिस्पर्धी है। इन इंडिकेटर्स में रिसर्च और डेवलपमेंट, टैलेंट की उपलब्धता, निवेश और आर्थिक प्रभाव, इंफ्रास्ट्रक्चर, जनमत और नीति और शासन शामिल हैं।



प्रेम शर्मा



भारत दुनिया की बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों को लालायित कर रहा है। तीन प्रमुख टेक कंपनियों ने कुछ वर्षों में भारत में छह लाख करोड़ का यह निवेश भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप रणनीतिक रूप से किए गए हैं। लाखों भारतीयों के लिए एआई को सुलभ बनाते हुए, हम भारत के विकास में उत्प्रेरक की भूमिका निभाते रहने के लिए उत्साहित हैं। अब तक 40 अरब डॉलर के निवेश के साथ भारत में हम सबसे बड़े विदेशी निवेशक हैं। दिग्गज टेक कंपनियों का भारत में अचानक निवेश कोई जल्दबाजी का मामला नहीं है। यह भारत में बढ़ रही टेक्नोलॉजी की मांग को लेकर अगले कुछ दशकों तक की एक लंबी योजना है। कुछ समय पहले तक भारत मुख्य रूप से आउटसोर्सिंग व उपभोक्ता अधिग्रहण का बाजार था। लेकिन हाल में बड़े निवेश से यह क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) डाटा सिस्टम और गहन तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा है।अमेजन डॉट कॉम इंक ने पांच वर्षों में 35 अरब डॉलर का निवेश करने का वादा किया है (यह पहले के 40 अरब डॉलर के अतिरिक्त है)। वह क्विक कॉमर्स से लेकर क्लाउड कंप्यूटिंग तक के क्षेत्रों में विस्तार करेगी। ई-कॉमर्स दिग्गज ने कहा, वह एआई और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश करेगी। 2030 तक किया जाने वाला निवेश भारत में 38 लाख अतिरिक्त रोजगार सृजित करेगा। यह निवेश भारत की प्राथमिकताओं के अनुरुप है। इसका उद्देश्य एआई क्षमताओं का विस्तार, लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को मजबूत करना व छोटे व्यवसायों के विकास में सहयोग देना और रोजगार सृजित करना है। 2024 में विभिन्न उद्योगों में 28 लाख प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष व मौसमी नौकरियां उत्पन्न की। 1.2 करोड़ से अधिक छोटे व्यवसायों का डिजिटलीकरण किया है।सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज अमेरिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने एक दिन पहले ही 2030 तक भारत में डाटा सेंटर, एआई और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए करीब 1.58 लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। गूगल भी एआई डाटा सेंटर के लिए करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जता चुकी है।दो दशकों तक चीन वैश्विक डिजिटल विस्तार का केंद्र रहा। देशों के बीच बढ़ते तनाव व राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं ने अमेरिकी कंपनियों को एआई के दीर्घकालिक विकास के लिए अन्य विशाल और स्थिर बाजारों की तलाश करने के लिए मजबूर कर दिया। भारत पर ध्यान केंद्रित करके, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन व गूगल जैसी कंपनियां वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं व क्लाउड नेटवर्क को ऐसे विश्व के लिए पुनर्गठित कर रही हैं, जिसमें चीन अब संवेदनशील या अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य नहीं कर सकता।140 करोड़ से अधिक आबादी, सैकड़ों भाषाओं व डिजिटल भुगतान व ई-कॉमर्स की ओर बढ़ते यूजर्स के साथ भारत एआई मॉडलों के लिए चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण मैदान प्रदान करता है। यदि कोई एआई मॉडल भारतीय समाज की जटिलता के भीतर सहजता से कार्य करता है, तो उसके किसी भी अन्य वैश्विक बाजार में सफल होने की अधिक संभावना है। सरकारी और निजी क्लाउड लॉन्च करने का माइक्रोसॉफ्ट का निर्णय घरेलू स्तर पर संभालने में सक्षम होगा।

# नाभिकीय ऊर्जा मिशन


**निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है।**

विकासित भारत को साकार करने के लिए बड़े पैमाने पर नाभिकीय ऊर्जा का तेज़ी से इस्तेमाल ज़रूरी हो गया है। स्वच्छ ऊर्जा तक पहुँच के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा लंबे समय तक चलने वाली ऊर्जा और जलवायु सुरक्षा का भी वादा करती है। परमाणु ऊर्जा विभाग की लगातार और आत्मनिर्भर बनने कोशिशों की वजह से, भारत एक आत्मनिर्भर, ज़िम्मेदार देश के तौर पर उभरा है, जिसके पास प्रगत नाभिकीय प्रौद्योगिकी है, भले ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हम पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हों। देश अब नाभिकीय ऊर्जा मिशन के साल 2047 तक 100 GW बिजली बनाने की क्षमता तक पहुँचने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी के मामले में तैयार है। हालाँकि यह बहुत महत्वाकांक्षी लग सकता है, लेकिन हमारे पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए, पॉलिसी की पहल और काम, खासकर कानूनी कदम जो अभिप्रेत हैं, उनसे चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। स्वच्छ ऊर्जा हासिल करने और जलवायु खतरे से निपटने के अलावा, नाभिकीय ऊर्जा मिशन में अर्थव्यवस्था को काफ़ी बढ़ावा देने की क्षमता है क्योंकि पूरी वैल्यू चेन देश के अंदर होगी। इससे मटीरियल, मैन्युफैक्चरिंग, कंस्ट्रक्शन, कमीशनिंग, ऑपरेशन और मेंटेनेंस, क्वालिटी एश्योरेंस, सेफ्टी और आस-पड़ोस के लोगों से जुड़ाव जैसी सभी गतिविधियों में सभी स्तर पर नौकरियाँ पैदा होंगी। प्रशिक्षित और योग्य मानव संसाधन के मामले में भी चुनौतियां हैं। हालांकि हम इन सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन प्रोग्राम की निरंतरता पर उद्योग का भरोसा एक अनिवार्य शर्त होगी।



अनिल काकोडकर

आगे क्या चुनौतियां हैं? उनमें से सबसे ज़रूरी है समय लक्ष्य के हिसाब से बड़े पैमाने पर तेज़ी से परिनियोजन करना। सिर्फ़ दो दशकों में 90 GW से ज़्यादा या लगभग 200 रिएक्टर जोड़े जाने हैं। स्पष्ट है कि NPCIL, NTPC और BHAVINI के अलावा कई इम्प्लीमेंटिंग एजेंसियों की ज़रूरत है, जो फ्लीट मोड में रिएक्टर प्लांट के मानक डिज़ाइन वाली परियोजना शुरू करें। हालांकि हमें अपनी राष्ट्रीय नाभिकीय ऊर्जा नीति के आधार पर प्रौद्योगिकी के साथ प्रोग्राम को परिनियोजित करना चाहिए। PHWR प्रौद्योगिकी स्पष्ट रूप से एक सिद्ध और किफायती प्रतिस्पर्धी स्वदेशी प्रौद्योगिकी है जो तेज़ी से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। इसलिए NPCIL को अपने प्रोग्राम को कार्यान्वित करते समय PHWR प्रौद्योगिकी में दूसरी प्राधिकरणों को रचनात्मक रूप अपने से जोड़ते हुए उनका मार्गदर्शन करना चाहिए। दूसरी परिपक्व प्रौद्योगिकी को भी एक अतिरिक्त संभावना के तौर पर माना जा सकता है, बशर्ते वे किफायती और संरक्षा मानकों को पूरा करें।



निवेश का भी एक ज़रूरी मुद्दा है, जो अकेले नाभिकीय ऊर्जा उपयोगिता क्षेत्र के लिए 20 लाख करोड़ के ऑर्डर का होगा। ईंधन चक्र अवसंरचना के लिए निवेश इसके अलावा होगा। इसलिए निजी क्षेत्र से वित्तपोषण बहुत ज़रूरी है। जबकि नाभिकीय क्षेत्र का आर्थिक पक्ष अच्छा है, दूसरी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी के बराबर नीति सहयोग अनिवार्य होगा। निर्धारित क्षमता के लिए नाभिकीय ईंधन हासिल करना अगली बड़ी चुनौती है। जबकि वैश्विक यूरेनियम स्रोत काफी हैं, नाभिकीय ऊर्जा विस्तार के कारण यूरेनियम की बढ़ती मांग और यूरेनियम आपूर्ति पर रुकावटों से अंतरिम आपूर्ति में कमी और मूल्य में वृद्धि होगी। नाभिकीय बाज़ार से जुड़ी जटिल भू-राजनीति को देखते हुए यह एक बड़ी ईंधन आपूर्ति सुरक्षा चुनौती बन सकती है। इसलिए अपने बड़े थोरियम भंडारों के साथ भारत को जल्द से जल्द थोरियम पर स्विच कर लेना चाहिए और ऊर्जा सुरक्षित बनना चाहिए। इसके लिए हमारे थोरियम आधारित नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी के विकास में तेज़ी लाने की ज़रूरत है। थोरियम का इस्तेमाल और यूरेनियम से बहुत ज़्यादा एनर्जी वैल्यू पाना, जो किसी भी तरह से आज के समय की ज़रूरत बन जाएगी, इसमें नाभिकीय ऊर्जा का पुनर्संसाधन और पुनर्चक्रण करना ज़रूरी होगा। इस तरह संवृत नाभिकीय ईंधन चक्र में हमारी काबिलियत एक सुरक्षित और अनवरत ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने और भरोसेमंद दीर्घकालिक नाभिकीय अपशिष्ट प्रबंधन में काम आएगी। हालांकि, यह एक संवेदनशील व नाभिकीय प्रौद्योगिकी है और इसका शासन और नियंत्रण सरकार के पास ही रहना चाहिए। अमेरिका सहित ज़्यादातर देश इस्तेमाल किए गए नाभिकीय ईंधन के स्थाई निपटान का मुद्दा नहीं सुलझा पाए हैं। निजी नाभिकीय प्रतिष्ठान और सरकारी नाभिकीय पुनर्चक्रण ऊद्योग के बीच ईंधन प्रबंधन इंटरफेस को कानून में ठीक से शामिल करने की ज़रूरत है।

मुझे लगता है कि दुनिया भर में नाभिकीय ऊर्जा को ज़्यादा बढ़ावा देने के कारण, नाभिकीय पुनर्चक्रण पर ज़्यादा ज़ोर देना ज़रूरी होगा। इस तरह, फ्रंट एंड की तुलना में बैकएंड ईंधन चक्र, उतना ही बड़ा या उससे भी बड़ा उद्योग बन जाएगा। थोरियम, जो प्रसार प्रतिरोध उपलब्ध कराता है, इस मामले में और भी ज़्यादा ज़रूरी हो जाता है।

हमें यह मानना होगा कि हमारे PHWR सिस्टम सबसे ज़्यादा लचीले हैं और कई तरह के ईंधन चक्र को सरल बनाने के लिए सबसे सही हैं, खासकर थोरियम की ओर हमारे संक्रमण की योजना के मामले में। जबकि थोरियम को विखडनीय यूरेनियम-233 में बड़े पैमाने पर बदलने के लिए द्रुत प्रजनक विकास को तेज़ करने की ज़रूरत है, अब जब हम आयातित यूरेनियम का इस्तेमाल करके बड़ी PHWR क्षमता सेट अप कर सकते हैं, तो PHWRs ऐसा करने और थोरियम के इस्तेमाल की दिशा में हमारी तरक्की को तेज़ करने का एक आसान विकल्प देते हैं। इस मकसद के लिए ज़रूरी विकास का काम परमाणु ऊर्जा विभाग में अनुसंधान एवं विकास पर मुख्यतः केंद्रित होना चाहिए, भले ही सरकारी और निजी क्षेत्र में नाभिकीय स्थापनाएं मानकीकृत और सिद्ध डिज़ाइन का इस्तेमाल करके तेज़ी से क्षमता बढ़ा रही हों।

हम आशा कर सकते हैं कि प्रस्तावित नाभिकीय विधेयक सभी हितधारकों की चिंताओं को दूर करेगा, जिसमें ऊपर बताए गए कुछ हितधारक भी शामिल हैं और नाभिकीय ऊर्जा मिशन को उम्मीद के मुताबिक लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा।

# डीएम ने कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर लिया जायजा

अवधनामा संवाददता

उरई (जालौन)। सर्दी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत माधौगढ़ के ग्राम मींगनी स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में गोवंशों को शीतलहर से बचाने हेतु चारों ओर त्रिपाल लगाए जाने तथा अलाव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित मिली। जिलाधिकारी ने गोवंशों को स्वयं गुड़-चना खिलाकर उनके प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना को दर्शाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गोवंशों के लिए भुसाघर में पर्याप्त मात्रा में भूसा उपलब्ध रखा जाए तथा हरे चारे की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ठंड के मौसम में गोवंशों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और सर्दी के दौरान उनकी सुरक्षा, पोषण एवं देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## कचरे का नियमित रूप से प्रसंस्करण किया जाए

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत माधौगढ़ में स्थापित मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (सेंटर एवं वेट टू कम्पोस्ट वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट (क्षमता-03 टीपीडी) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। शत-प्रतिशत स्रोत पर कचरा पृथक्करण सुनिश्चित किया जाए तथा गीले एवं सूखे कचरे का नियमित रूप से संग्रह एवं प्रसंस्करण किया जाए। उन्होंने कहा कि एमआरएफ सेंटर में प्राप्त होने वाली पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का वैज्ञानिक ढंग से पृथक्करण कर उसे रीसाइक्लिंग हेतु अधिकृत एजेंसियों को भेजा जाए। वेट टू कम्पोस्ट प्लांट के संबंध में उन्होंने निर्देश दिए कि संयंत्र को पूर्ण क्षमता के साथ नियमित रूप से संचालित किया जाए।

# कोहरे में खतरनाक हुए हाइवे, बढ़ी हादसों की संख्या

अवधनामा संवाददाता

■ बॉर्डर पर गाड़ियां आपस में टकराई, लग गया जाम, बाल बाल बचे लोग



मथुरा। कोहरे की चादर में लिपटे हाईवे खतरनाक हो गये हैं। हाइवे पर हादसों की संख्या बढ़ गई है। तडके कोहरे का जोर ज्यादा रहता है। इसी समय बडी संख्या में हादसे हो रहे हैं। हाईवे ऑर्थटी की ओर से कोहरे में हादसों को रोकने के लिए किये गये तमाम प्रयास अभी तक कारगर होते नहीं दिख रहे हैं। थाना फरह क्षेत्र में दिल्ली आगरा हाईवे पर कोहरे के कारण करीब आधा दर्जन वाहन टकरा गए। गनीमत ये रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। वाहनों के टकराने के कारण हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को हाईवे से हटाया। मथुरा आगरा हाईवे रैपुरा जाट बॉर्डर पर ग्वालियर बायपास पर सोमवार की सुबह हाईवे पर घना कोहरा होने के कारण ऑक्सीजन भरे ट्रक में पीछे से सब्जी भरे ट्रक जा घुसा। इस दौरान हाईवे पर पीछे आ रहे अन्य वाहन भी टकरा गए। आपस वाहन टकराने के कारण हाइवे पर काफी लंबा जाम लग गया, सूचना पर पहुंचे रैपुरा जाट प्रभारी तेजिंदर सिंह ने वाहनों में घायल, रुनकुता निवासी फरमान, नूह निवासी, अलमुद्दीन, सिंगरौली निवासी महेश तिवारी, आंवलखेड़ा निवासी जयशंकर को अस्पताल भेजा, मौके पर पहुंची हाईवे पेट्रोलिंग टीम और पुलिस ने मिलकर क्रेन की मदद से सभी वाहनों को हाईवे किनारे लगाकर जाम खुलवाया बताया गया है कि ग्वालियर बायपास पर वाहन चढ़ते समय रास्ता भूल जाते हैं और फिर वह वापिस करते है इसलिए अधिकांश घटना होती रहती है थाना प्रभारी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि आपस में वाहन टकराया थे।

# चौम्बर प्रकरण: हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, जनरल हाउस में तय होगी रणनीति

अवधनामा संवाददाता

■ मंगलवार को जनरल हाउस कॉल किया गया है, तय होगी आगे की रणनीति
■ सोमवार को अधिवक्ता रहे हड़ताल पर, जिला प्रशासन के खिलाफ किया प्रदर्शन

मथुरा। कचहरी पर बने करीब 200 चौम्बरों को जिला प्रशासन द्वारा तोड़े जाने के मामले को लेकर बार काउंसिल मथुरा गंभीर है। सोमवार को अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। मंगलवार को बार काउंसिल की ओर से जनरल हाउस की बैठक बुलाई गई है। बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। शनिवार की रात को जिला प्रशासन की ओर से कचहरी पर बने करीब 50 चौम्बरों को जेसीबी की मदद से तोड दिया गया था। रविवार को अवकाश का दिन था, बावजूद इसके चौम्बर तोड़े जाने की सूचना पर प्रभावित हुए अधिवक्ता और बार की राजनीति करने वाले अधिवक्ता कचहरी पहुंच गये थे। सोमवार को हड़ताल और आंदोलन की बात कही थी। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया और सोमवार को घने कोहरे में ही पुलिस का पहरा कचहरी परिसर में सख्त कर दिया गया। कचहरी पर अधिवक्ताओं के पहुंचने से पहले ही भारी पुलिस बल अधिवक्ताओं के आंदोलन से निपटने के लिए मुस्तैद था। बडी संख्या में अधिवक्ता टूटे हुए चौम्बरों को देखने पहुंचे इसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिला प्रशासन की इस कार्यवाही का विरोध किया और आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के यह कार्यवाही की गई है। यह उचित नहीं है, जिला प्रशासन की ओर से इस पर किसी तरह का कोई स्पष्टीकरण भी नहीं दिया गया है। कुछ अधिवक्ताओं ने कहा कि यह आंदोलन आगे भी जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ता संगठनों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए चेंबरों के पुनर्निर्माण या वैकल्पिक व्यवस्था करने और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। स्थिति को देखते हुए डीएम कार्यालय पर पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। बार एसोसिएशन सचिव शिव कुमार लवानिया ने कहा कि प्रशासन की इस कार्यवाही की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं।

> “जिलाधिकारी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। आज हम हड़ताल पर हैं। मंगलवार को जनरल हाउस कॉल किया गया है। जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। बार की ओर से मांग पत्र तैयार किया जा रहा है। यह निंदनीय कार्य किया गया है। 200 चौम्बर एक दिन नहीं बन गये। यह अवैध थे तो पहले रोका जाना था। बिना किसी नोटिस के यह कार्यवाही की गई है। **-प्रदीप शर्मा**, अध्यक्ष बार एसोसिएशन मथुरा

# वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में शामिल हुए मथुरा के कांग्रेसी

अवधनामा संवाददाता



मथुरा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा वोट चोर- गद्दी छोड़ को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट चोर गद्दी- छोड़ो महारैली में मथुरा जनपद से हजारों की संख्या में कांग्रेस जनों का जन सैलाब सड़कों पर उतर कर महारैली में भाग लिया कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कि नई दिल्ली 14 दिसंबर भारत के कोने-कोने से लाखों की संख्या में कांग्रेसजन एत्रित हुए जिसको माननीया त्याग तपस्या कुर्बानी की देवी सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष श्री मल्लिका अर्जुन खड़के जी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी राष्ट्रीय महासचिव/सांसद श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने संबोधित किया! जबरदस्त विशाल रैली जिसमे वोट चोरी , एस आई आर द्वारा वोट चोरी कर हरियाणा, महाराष्ट्र व बिहार में मोदी अमित शाह-भाजपा आर एस एस और चुनाव आयोग के गठबंधन द्वारा भारी धांधली कर चुनाव जीते गए, के ख़िलाफ़ राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे व विभिन्न बड़े नेताओं द्वारा आक्रामक भाषण देकर मोदी अमित शाह चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व उनकी टीम को ललकारा ने पूरे देश में यह मेसेज दे दिया कि वर्तमान केंद्र व विभिन्न राज्यों में सत्ता में आई भाजपा सरकारें बेईमानी से बनी है व जनता को उनके मुख्य मुद्दों से भटका कर भ्रमित किया जा रहा है।

# लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

मथुरा। देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के 75 वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में सेठबाड़ा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर उनकी छवि चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि पटेल जी ने देश की एकता और अखंडता की मजबूत नींव रखी उनका अदम्य साहस, दूरदृष्टी और आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। जिला कांग्रेस महासचिव मनोज गौड़ ने कहा कि सरदार पटेल जी को गांधी जी की हत्या से गहरा आघात लगा था। सरदार पटेल जी ने आर एस एस पर कड़ा प्रतिबंध लगा दिया लेकिन उनका ह्रदय उस पीड़ा से उबर नहीं पाया। उनके कान गांधी जी के हे राम की पुकार कभी नहीं भुला सके उनका स्वास्थ्य लगातार गिरता गया अंततः 75 वर्ष पूर्व वह क्रूर दिन आ गया जब उस आतंकी संगठन के दिए हुए आघात ने पटेल जी की सांसें छीन लीं।

# सेना की भूमि से बेदखल परिवारों के लिए सांसद ने रक्षा मंत्री से मांगा सहयोग

हिमांशु राय

गाजीपुर। राज्यसभा सांसद डा संगीता बलवंत ने दिल्ली में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। वार्तालाप के दौरान उन्होंने कहा कि गाजीपुर में रक्षा संपदा विभाग की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने से अनेकों गरीब, असहाय और निर्धन परिवार प्रभावित हो गये हैं जिनके पास कोई अन्य जमीन या ठौर ठिकाना नहीं है।

उन्होंने रक्षा मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि ऐसे परिवारों को चिन्हित करके आवास या भूमि पट्टा दिलाने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किया जाए। इस मामले में पीड़ितों को लाभ दिलाने हेतु राज्य सभा सांसद ने जिलाधिकारी गाजीपुर को सकारात्मक दिशा में कार्रवाई हेतु पत्र लिखा था। डॉ. संगीता बलवंत ने मांग किया था कि जितने लोग अतिक्रमण हटाने के क्रम में बेघर हुए हैं और जिन्हें रहने हेतु कोई अन्य आवास नहीं है उन्हें जल्द ही आवास या भूमि पट्टा किया जाय।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सांसद डा. संगीता ने दी बधाई

गाजीपुर। भारतीय जनता के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नाम की घोषणा केंद्रीय चुनाव अधिकारी पीयूष गोयल ने रविवार को की। 1980 में भाजपा उत्तर प्रदेश का गठन होने के बाद पंकज चौधरी 16वें प्रदेश अध्यक्ष बने हैं। दिल्ली में राज्यसभा सांसद डा. संगीता बलवंत बिंद ने पंकज चौधरी के आवास पर मुलाक़ात कर उन्हें बधाई और सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी। कहा कि जितनी व्यवस्थित और लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा अपनी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करती है और सदस्य बनाती है, उसका आश्चर्य सभी को होता है। इसका श्रेय सभी कार्यकर्ताओं को जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध कच्ची शराब व लहन नष्ट कराया

उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा आदेशित विशेष प्रवर्तन अभियान के अनुपालन में जिलाधिकारी जालौन एवं उप आबकारी आयुक्त झांसी प्रभार, झांसी के निर्देशनउरी तथा जिला आबकारी अधिकारी, जालौन के नेतृत्व में नागेंद्र सिंह, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, कालपी द्वारा मय हमराह चन्दन सिंह प्र.आ.सि., सिराज अली, आबकारी सिपाही एवं मूल चन्द्र, आबकारी सिपाही द्वारा क्षेत्रान्तर्गत स्थित कालपी डेरे पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान 60 लीटर अवैध कच्ची शराब की बरामदगी कर दो अभियोग पंजीकृत किये गए तथा पाये गए करीब 500 कि.ग्रा. लहन को मौके पर नष्ट कर दिया गया। क्षेत्र की आबकारी फुटकर दुकानों का निरीक्षण किया गया।



### मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित



उरई, जालौन (अवधनामा संवाददाता)। विश्व हिंदू महासंघ द्वारा मातृशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विश्व हिंदू महासंघ की पराक्रम पत्रिका का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उर्विजा दीक्षित ने कहा कि महिला सशक्तिकरण कोई क्षणिक प्रयास नहीं, बल्कि यह सतत यात्रा है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक महिला को गरिमा, अवसर और स्वावलंबन देना है। विकसित भारत के लिए महिला-नेतृत्व द्वारा विकास केवल एक नारा नहीं, बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का संकल्प है। भारत की नारी शक्ति स्व-सहायता समूहों से लेकर अंतरिक्ष अनुसंधान तक, हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है और राष्ट्र निर्माण की नई राह प्रशस्त कर रही है। वास्तव में, नारी सशक्तिकरण ही राष्ट्र सशक्तिकरण है।

### प्रथम बिलगैयां बने भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। जिले के शहर तालबेहट के लिए शनिवार का दिन गौरवांवित करने वाला रहा, जिसमें शहर तालबेहट के बेटे ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर शहर का नाम रोशन किया है। वायु सेना अकादमी हैदराबाद में पासिंग आउट में प्रथम बिलगैयां ने फ्लाईंग ऑफिसर बन कर सफलता अर्जित की और भारतीय वायु सेना में कमीशन प्राप्त किया है। अब यह युवा देश की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाएगा। एक साल तक हैदराबाद में कठिन परिश्रम के बाद इस युवा ने यह मुकाम पाया है और राष्ट्रीय स्तर पर जिला ललितपुर उ.प्र. के तालबेहट की पहचान दिलाई है। तालबेहट में पढ़े लिखे स्व.पुरुषोत्तम नारायण बिलगैयां रिटायर्ड प्रधानाचार्य के पौत्र तथा अर्चना दीपक बिलगैयां के पुत्र हैं। उन्होंने बताया है कि बेटे में शुरू से ही सेना खास तौर से वायु सेना के प्रति आकर्षण था।

### मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में देखे गये मरीज

ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस क्रम में प्रत्येक रविवार को सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य संबंधी जन जागरूकता बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। सीएमओ डा. इम्तियाज अहमद ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य नागरिकों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श, और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। मेले में नागरिकों को अनेक प्रकार की सेवाएं निशुल्क उपलब्ध करायी जा रही हैं।

# जिला महिला चिकित्सालय में पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ

उरई (जालौन)। जिला महिला चिकित्सालय में स्थापित पल्स पोलियो बूथ दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशुओं को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को दिव्यांगता से बचाने के लिए पोलियो की दवा अत्यंत आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो रोग के प्रति 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चे अधिक संवेदनशील होते हैं, इसलिए दवा पिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि पोलियो टीमों के आने पर पूर्ण सहयोग करते हुए अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से दवा पिलवाएं। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय-अंतराल पर पल्स पोलियो अभियान, विटामिन-ए कार्यक्रम, मीजिल्स-रूबैला उन्मूलन सहित अन्य टीकाकरण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

# ऑटो चालकों से अवैध वसूली को लेकर प्रदर्शन कर दिया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास समिति व अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नगर निगम मथुरा वृंदावन प्रशासन द्वारा ई -रिक्शा ऑटो चालकों से यातायात व्यवस्था सुधारने के नाम पर 3000 रूपए की जा रही वसूली एवं पूर्व में भी वृंदावन नगर निगम में एक कथित कंपनी द्वारा ई-रिक्शा ऑटो चालकों से 1 साल तक करीब 16 लाख रुपए वसूला गया और वह कंपनी भाग गई थी इसी के चलते रूट वितरण के नाम पर जो फिर से पैसा वसूल जा रहा है। और यातायात नियमों के नाम पर ई-रिक्शा ऑटो चालकों का सोशल उत्पीड़न किए जाने के खिलाफ 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलैक्ट्रेट मथुरा पर खुला मांग पत्र अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सुरेश सिंह को जिलाधिकारी के नाम सौंपा।

इस दौरान फाउण्डेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही व समिति अध्यक्ष रमेश सैनी ने संयुक्त रूप से कहा कि ई-रिक्शा ऑटो चालकों को विश्वास में लिए बिना रूट का निर्धारण अर्थात मार्ग का निर्धारण नही किया जाए, यात्रियों को बैठाने के स्थान से उतारने के स्थान पर पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था की जाए और ई-रिक्शा ऑटो चालकों के साथ पुलिस द्वारा किए जा रहे मानसिक उत्पीड़न व शोषण एवं चालान के नाम पर अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगे। स्टेशन व अन्य स्थानों पर की जा रही अवैध जबरन वसूली तथा मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट करने वाले गुंडों के खिलाफ कठोर व दंडात्मक कार्यवाही हो। साथ ही ब्रज के प्रमुख स्थान के दर्शन एवं भ्रमण को पधारे यात्रियों के हित को ध्यान में रखते हुए ई-रिक्शा ऑटो चालकों की विशेष व्यवस्था कर विशेष अनुमति जारी की जाए। सपा नेता शबनम कुरैशी व मुकेश नेता ने कहा कि ई-रिक्शा ऑटो चालकों के लिए भविष्य निधि सरकारी ऋ्ष्ठा, एवं उनके बच्चों के लिए शिक्षा व्यवस्था स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए।

# ड्यूटी के दौरान आंगनवाड़ी सहायिका का निधन

उरई (जालौन)। ड्यूटी पर तैनात आंगनबाड़ी सहायिका के अचानक सीने में दर्द होने से वह केंद्र पर ही बेहोश हो गई। आनन फानन में परिजन उन्हे मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम जीपुरा निवासी शकुंतला देवी (48) वर्ष 2001 से गांव में ही आंगनबाड़ी केंद्र पर सहायिका के पद पर तैनातवह आंगनबाड़ी केंद्र पर ड्यूटी पर थीं। तभी दोपहर करीब 12 बजे उन्हें अचानक सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश हो गई।

**सीने में दर्द होने से हुई थी बेहोश**

जानकारीमिलते ही परिजन आंगनबाड़ी केंद्र पर पहुंचे और उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि लगभग एक माह पूर्व सहायिका के पति कृष्ण कुमार वर्मा की भी मृत्यु हो चुकी है।

# दो दिवसीय अंतर-विद्यालय 'क्लेरियन चैंपियनशिप' का भव्य आयोजन



अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। संत क्लैयर्स कॉन्वेंट स्कूल, हरदोई रोड, काकोरी, लखनऊ में 15 दिसंबर को दो दिवसीय अंतर-विद्यालय 'क्लेरियन चैंपियनशिप' का उद्घाटन किया गया। यह चैंपियनशिप शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के शारीरिक और नैतिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। इस दौरान, छात्रों ने विभिन्न खेलों जैसे खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल और बास्केटबॉल में अपनी प्रतिभा और खेल भावना का प्रदर्शन किया।

इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में लखनऊ क्षेत्र के लगभग छह स्कूलों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। भाग लेने वाले स्कूलों की सूची इस प्रकार है। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दुबग्गा, लखनऊ के एसएचओ अभिनव कुमार वर्मा रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में छात्रों को फिटनेस + शिक्षा + सम्मान के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ज्ञान देती है, फिटनेस स्वस्थ शरीर, और सम्मान हमें अच्छा इंसान बनाता है। उन्होंने छात्रों से इन तीनों तत्वों को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। सेंट क्लैयर्स कॉन्वेंट स्कूल, लखनऊ की प्रधानाचार्या सिस्टर सेलीन मारिया जोसेफाइन ने सभी प्रतिभागी छात्रों को खेल भावना और निष्पक्षता बनाए रखने की शपथ दिलाई।

# 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान का होगा आयोजन



अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। सुशासन सप्ताह 2025' के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 'प्रशासन गाँव की ओर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान को जनपद में प्रभावी रूप से क्रियान्वित किए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि 19 से 25 दिसंबर तक चलने वाले इस एक सप्ताह के कार्यक्रम के दौरान तहसील मुख्यालय एवं पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि आमजन की लोक शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली तथा राज्य सरकार के आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। साथ ही ऑनलाइन सर्विस डिलीवरी की सेवाओं में वृद्धि करते हुए प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि सुशासन के क्षेत्र में जनपद द्वारा किए गए नवाचारों को फोटोग्राफ सहित पोर्टल पर अपलोड किया जाए।

# उद्देश्य के साथ बुद्धिमान प्रणालियाँ बनाना: सहज तुषार गांधी के साथ एक बातचीत

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) और कंप्यूटर विज़न का संगम स्वचालित वाहनों से लेकर साइबर सुरक्षा तक कई उद्योगों को लगातार नया रूप दे रहा है, और सहज तुषार गांधी इस तकनीकी विकास की अग्रिम पंक्ति में रहे हैं। वर्तमान में Perspectus AI (Octane Security) में मशीन लर्निंग प्रयासों का नेतृत्व कर रहे गांधी एक लीड मशीन लर्निंग इंजीनियर हैं, जो सुरक्षित, मल्टी-मॉडल ‹ढ्ढ प्रणालियों में विशेषज्ञता रखते हैं। उनकी पृष्ठभूमि में अत्याधुनिक शोध और विविध उद्योगों में व्यावहारिक कार्यान्वयन शामिल है, जैसे Uno AI में संस्थापक इंजीनियर के रूप में कार्य करना साथ ही Waymo में अगली पीढ़ी की विज़न पाइपलाइन पर काम करना। लगभग 125+ उद्धरण, आठ शोध पत्र और दो पेटेंट के साथ, गांधी ने सैद्धांतिक शोध और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच सेतु बनाने वाले नेता के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है।

हाल के वर्षों में उद्यम परिवेशों में ‹ढ्ढ अनुप्रयोगों का विकास तेज़ी से बढ़ा है। कंप्यूटर विज़न और डॉक्यूमेंट इंटेलिजेंस ने स्वचालन और अंतर्दृष्टि निर्माण के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा किए हैं। जो संगठन मज़बूत और स्केलेबल विज़न फ्रेमवर्क को सफलतापूर्वक लागू करते हैं, वे संचालन दक्षता और विश्लेषणात्मक क्षमताओं में महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल करते हैं। इमेजिंग तकनीक, डीप लर्निंग और व्यावहारिक इंजीनियरिंग का अभिसरण आधुनिक AI कार्यान्वयन का एक शक्तिशाली आयाम प्रस्तुत करता है, जो आवश्यक प्रदर्शन और विश्वसनीयता मानकों को बनाए रखते हुए दृश्य डेटा के साथ हमारी सहभागिता को रूपांतरित करता है।

**विज़न-आधारित AI समाधानों की संरचना**- प्रभावी कंप्यूटर विज़न अनुप्रयोग विकसित करने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण आवश्यक है, जो एल्गोरिद्मिक परिष्कार और वास्तविक-दुनिया की तैनाती सीमाओं के बीच संतुलन बनाए। सबसे सफल कार्यान्वयन प्रत्येक डोमेन से जुड़ी दृश्य-अनुभूति की चुनौतियों की गहरी समझ से शुरू होते हैं, न कि संदर्भ-विशिष्ट आवश्यकताओं पर विचार किए बिना सामान्य समाधान लागू करने से।



विज़न-आधारित AI समाधानों की संरचना करते समय, मैं प्रत्येक डोमेन की विशिष्ट चुनौतियों को समझने पर ध्यान देता हूँ, गांधी का कथन है. अपने स्वायत्त ड्राइविंग और डॉक्यूमेंट इंटेलिजेंस प्रणालियाँ विकसित करने के अनुभव के आधार पर यह आकलन है। चाहे वह स्व-चालित कारों के लिए परसेप्शन को बेहतर बनाना हो या उन्नत डॉक्यूमेंट पार्सर बनाना, मुख्य बात ऐसी मज़बूत तकनीकी आर्किटेक्चर तैयार करना है जो प्रोडक्शन वातावरण में सटीकता और विश्वसनीयता—दोनो ही सुनिश्चित करें। महत्वपूर्ण विचारों में डेटा की गुणवत्ता और विविधता, कम्प्यूटेशनल दक्षता की सीमाएँ, मौजूदा प्रणालियों के साथ एकीकरण की आवश्यकताएँ, तथा मॉडल की जटिलता और इनफेरेंस (अनुमान) की गति के बीच संतुलन शामिल हैं। डोमेन-विशिष्ट डिज़ाइन सिद्धांत यह सुनिश्चित करते हैं कि अनुप्रयोग प्रयोगशाला की परिस्थितियों के बजाय वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान करें। यह अंतर स्वायत्त ड्राइविंग जैसे क्षेत्रों में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहाँ सुरक्षा और विश्वसनीयता सर्वोपरि होती हैं। ये सभी प्रथाएँ मिलकर ऐसे विज़न अनुप्रयोगों की नींव रखती हैं जो आवश्यक परिचालन मानकों को बनाए रखते हुए आपको मापने योग्य मूल्य प्रदान करते हैं।

उन्नत विज़न के साथ डॉक्यूमेंट इंटेलिजेंस का रूपांतरण, कानूनी और अनुपालन (कम्प्लायंस) तकनीक क्षेत्र कंप्यूटर विज़न के कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट अवसर प्रस्तुत करता है, जहाँ जटिल दस्तावेज़ विश्लेषण वर्कफ़्लो को स्वचालित करने की बड़ी संभावनाएँ हैं। पारंपरिक दस्तावेज़ प्रसंस्करण तरीके अक्सर कानूनी दस्तावेज़ों की विविधता और जटिलता से जूझते हैं, जिससे महत्वपूर्ण व्यावसायिक प्रक्रियाओं में बाधाएँ (बॉटलनेक्स) उत्पन्न होती हैं।

इस क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोणों में ऐसे उन्नत विज़न-आधारित ब्क्षस्न पार्सर विकसित करना शामिल है जो विभिन्न प्रकार के दस्तावेज़ फ़ॉर्मैट्स को संभाल सकें। ÷ठ्ठश ‹ढ्ढ में संस्थापक इंजीनियर के रूप में, मैंने कानूनी और अनुपालन दस्तावेज़ों के लिए अनुकूलित एक उन्नत विज़न-आधारित PDF पार्सर के विकास का नेतृत्व किया गांधी डॉक्यूमेंट इंटेलिजेंस में एक परिवर्तनकारी परियोजना का उल्लेख करते हुए कहते हैं। इससे स्वचालन क्षमताएँ काफ़ी बढ़ीं, और LLMs तथा Retrieval Augmented Generation का उपयोग करके उन्नत सारांश, साथ ही Q&A और FAQ जनरेशन से संभव हो पाई। ऐसे समाधानों को लागू करने के लिए जटिल सटीकता आवश्यकताओं को संभालना पड़ता है, साथ ही मौजूदा कानूनी वर्कफ़्लो के साथ सहज एकीकरण भी सुनिश्चित करना होता है। सावधानीपूर्वक मॉडल डिज़ाइन, व्यापक वैलिडेशन और उपयोगकर्ता-केंद्रित विकास दृष्टिकोणों के माध्यम से इन चुनौतियों पर काबू पाया जा सकता है, जिससे प्रसंस्करण दक्षता और विश्लेषणात्मक क्षमता—दोनों में मापने योग्य सुधार लाने वाले समाधान तैनात किए जा सकें।

**स्वायत्त वाहनों की परसेप्शन क्षमता को आगे बढ़ाना**

स्वायत्त वाहन उद्योग कंप्यूटर विज़न तकनीक के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुप्रयोगों में से एक है, जहाँ परसेप्शन प्रणालियों को विभिन्न पर्यावरणीय परिस्थितियों में भी विश्वसनीय रूप से कार्य करना होता है, साथ ही सुरक्षा-सम्बंधी कठोर प्रदर्शन मानकों को बनाए रखना होता है। इस क्षेत्र में सफलता के लिए मल्टी-मॉडल सेंसिंग और मज़बूत एल्गोरिद्मिक डिज़ाइन के उन्नत दृष्टिकोण आवश्यक हैं। Waymo में इस क्षेत्र में गांधी का कार्य HDR इमेजिंग और LiDAR सेंसिंग के लिए नए एल्गोरिद्म विकसित करने पर केंद्रित था, जिसमें चुनौतीपूर्ण वातावरणों में शोर (नॉइज़) कम करने पर विशेष जोर दिया गया।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर मुरादाबाद बंद कल

- दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने टीम के साथ किया व्यापारियों से संपर्क
- जनता को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए वेस्ट यूपी में बैंच की स्थापना जरूरी : आनंद मोहन



अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना की वर्षों पुरानी मांग फिर तेजी पकड़ने लगी है। वकीलों के चरणबद्ध आंदोलन के तहत 17 दिसंबर को बाजार बंद कराने का अह्वान किया गया है। बाजार बंदी में सहयोग के लिए बार एसोसिएशन के दल ने व्यापारियों व व्यापार प्रतिनिधियों से मुलाकात करके प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। दरअसल, पश्चिमी उप्र के अनेक जिलों के वादकारियों को हाईकोर्ट जाने में 12 से 16 घंटे का वक्त लगता है इसलिए वादकारी परेशान रहते हैं और गरीब व मध्यम वर्ग के लोग हाईकोर्ट जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। पश्चिमी उप्र के अधिवक्ता वर्षों से हाईकोर्ट बैंच की स्थापना की मांग करते चले अ रहे हैं। वकीलों ने शनिवार को कार्यबहिष्कार जैसा आंदोलन वर्षों से चला रखा है। एकबार फिर अधिवक्ताओं ने इस लड़ाई को तेज किया है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष आानंद मोहन गुप्ता ने बताया कि इस मर्तबा आरपार की लड़ाई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच खुलने तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध आंदोलन को जरूरत के मुताबिक और तेज किया जा सकता है। इस दौरान पंजाबी समाज और भारत रक्षा सेना ने वकीलों के मुरादाबाद बंद को समर्थन का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बताया कि 17 को वकीलों का शिष्टमंडल प्रमुख बाजारों का भ्रमण भी करेगा। व्यापारियों से मुलाकात करने के दौरान महासचिव कपिल गुप्ता, गोपाल द्विवेदी, आदेश श्रीवास्तव, प्रदीप ठाकुर, सुमित मिश्रा आदि रहे।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान एवं माननीय जनपद न्यायाधीश, देवरिया श्री धनेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, देवरिया द्वारा तहसील रूद्रपुर के अन्तर्गत 05 ग्राम पंचयात क्रमशः नकईल, एकौना, पचरूखा, सिलहटा एवं डाला में विधिक सहायता केन्द्र (लीगल एड क्लीनिक) का उद्घाटन अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तिवारी द्वारा किया गया। क्लीनिक के उद्घाटन के पश्चात आम जनमानस को विधिक अधिकार प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा दौरान उपस्थित लोगों को सरकारी तथा कानूनी जानकारी प्रदान की गई। जरूरत मंदों को न्याय तक पहुँचने के तरीकों पर विस्तृत चर्चा हुई एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वृद्धजनों के अधिकारों, महिलाओं, विधवाओं, वृद्धजनों और बच्चों से संबंधित कानूनों तथा उन पर होने वाले शोषण के प्रति भी जागरूक किया। विधिक सहायता के लिए नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 और न्यायालय तक पहुँच के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रुद्रपुर, पंचायत सचिव आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एमडीए के बुलडोजर के खिलाफ गरजे किसान

अवधनामा संवाददाता




**मुरादाबाद।** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा शहपुर तिगरी गांव में प्लाटों की बाउंड्री को बुलडोजर से ध्वस्त करने के खिलाफ आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया है। संगठन ने ध्वस्तीकरण को असंवैधानिक करार देते हुए दोषी कर्मियों पर कार्रवाई करने के साथ किसानों को हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। सोमवार को आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के बैनर तले किसान व पीड़ित कलेक्ट्रेट पहुंचे और एमडीए के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा है कि 12 दिसंबर को एमडीए द्वारा बुलडोजर चलाकर क्षेत्रुवासियों के किसानों की प्लाटों पर की गई बाउंड्री को ध्वस्त कराकर लाखों का नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विभाग की तरफ से पीड़ितों को कोई सूचना व नोटिस भी नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा है कि पहले भी प्लाटों की बाउंड्री को नहीं तोड़ने का आग्रह किया था जिसे भी अनसुना कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वर्षो पुरानी बाउंड्री को तोड़ना गैरकानूनी है इसलिए मनमानी करने वाले एमडीए के कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने किसानों को हुए नुकसान का मुआवजा भी मांगा है। संगठन ने मांगों पर सुनवाई नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी भी दी है। प्रदर्शन में अध्यक्ष अविनाश् चंद, नेतराम भारती, हरिशचंद्र, प्रीतम सिंह, संतोष कुमार, श्याम सुंदर राजपूत, माया राजपूत, संजीव सैनी, नीलम सक्सेना, नरेश कुमार, किशोर सिंह आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने ऑटो में छूटा पर्स व मोबाईल महिला को सौंपा



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत 11 दिसम्वर को कन्नौज से गुरसहायगंज तक की यात्रा के दौरान समधन के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी जीनत पत्नी अब्दुल करीम का नगदी रखा पर्स व एंड्रायड मोबाईल ऑटो में भूल गई। जिसे चालक संजय द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुये कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में मुख्य महिला आरक्षी को पर्स व मोबाईल सौंपकर उसके स्वामी को दिये जाने की बात कही थी। सोमवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के प्रभारी/निरीक्षक सीपी तिवारी के नेतृत्व में मुख्य महिला आरक्षी शशिवाला के समक्ष पहुंची समधन के मोहल्ला ठाकुरद्वारा निवासी जीनत पत्नी अब्दुल करीम का यात्रा के दौरान एक ऑटो में पर्स रह गया था जिसमें एक खराब एंड्राइड मोबाइल व 600 रुपये, छोटे बच्चे के मोजे जो विगत 11 दिसम्वर को ऑटो चालक संजय पुत्र रामसनेही निवासी सुभाष नगर गुरसहायगंज ने लाकर मिशन शक्ति केंद्र पर जमा किया था। उस पर्श को उक्त महिला ने पहचान के बताया के यह मेरा पर्स है तो उक्त महिला जीनत व उनके साथ में आई जीनत की सास सुंदरी के सामने महिला हेड कांस्टेबल शशि वाला द्वारा पर्स व 600 रुपये, बच्चे के मोजे व मोबाइल को देने के बाद संतुष्ट कर थाने से भेजा गया।

# सशक्त राष्ट्र निर्माता थे सरदार पटेल

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** 31 अक्टूबर 1875 को जन्मे सरदार बल्लभ भाई पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अतुलनीय योगदान दिया।वे महान देशभक्त और स्वाधीनता सेनानी थे,उक्त बातें सरदार पटेल के स्मृति दिवस पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित स्मृति दिवस कार्यक्रम में व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि देश की आजादी में दिए गए अपने अतुलनीय योगदान के बाद स्वतंत्र भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने हेतु सरदार पटेल ने सभी 565 रियासतों को भारत में विलय कराके वर्तमान भारतीय गणराज्य दिया। सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की हत्या के बाद जिस आरएसएस को लौह पुरुष सरदार पटेल ने यह कहते हुए 04 फरवरी 1948 को देश के गृह मंत्री के रूप में प्रतिबंधित कर दिया था कि यह आरएसएस नामक संगठन सरकार और राज्य के अस्तित्व के लिए खतरा है आज देश के वर्तमान गृह मंत्री देश की संसद में खड़े होकर कह रहे हैं कि देश का प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति,गृह मंत्री,लोकसभा अध्यक्ष आदि सभी आरएसएस के हैं। सपा के पूर्व प्रवक्ता ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल ने आरएसएस द्वारा संविधान मानने,राजनीति में सीधे भाग न लेने तथा खुले तौर पर काम करने की शर्त के साथ 11 जुलाई 1949 को उसके ऊपर से प्रतिबंध हटाया था।आज संसद में खुलेआम कहा जा रहा है कि सत्ता के शीर्ष पद पर आरएसएस के कार्यकर्ता है,यह सरदार पटेल की सोच का खुल्लमखुल्ला अपमान और सोचनीय विषय है। हम 15 दिसंबर 1950 को स्मृतिशेष हुए सशक्त राष्ट्रनिर्माता सरदार पटेल की स्मृतियों को नमन करते हैं। सरदार पटेल के साथ देवरिया के वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व शिक्षा मंत्री मरहूम शाकिर अली को भी उनकी जयंती पर सपाईयों ने याद किया। उक्त अवसर पर जितेंद्र बुलबुल यादव, अभिषेक गुड्डू गोंड,रामप्यारे यादव, व्यास यादव, संतोष मद्धेशिया, अयोध्या वर्मा, बलभद्र गोंड,नाजिर अंसारी, शंकर गोंड,मुन्ना अंसारी, नवल किशोर यादव, डा इस्तियाक खान, छोटेलाल यादव, टुनटुन यादव आदि उपस्थित प्रमुख लोगों ने सरदार पटेल व शाकिर अली के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

# सिडनी के बॉन्डी बीच में आतंकी हमले की एआइपीएमएम ने की कड़ी निंदा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़, सिडनी के बॉन्डी बीच में हुई हिंसक आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ सिडनी के बॉन्डी बीच में 14 दिसंबर 2025 को हुए इस अमानवीय और कायरतापूर्ण हमले की घोर निंदा करता है। यह हमला हनुका उत्सव के दौरान यहूदी समुदाय पर किया गया था, जिसमें कम से कम 12 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हुए। किसी भी निर्दोष व्यक्ति की जान लेना या जानमाल को नुकसान पहुँचाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इंसानियत और सभी धर्मों की मूल शिक्षाओं के भी विरुद्ध है। हमारा संगठन स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता है कि कोई भी धर्म हिंसा, आतंक या नफ़रत की शिक्षा नहीं देता। सभी धर्म मानवता, शांति, करुणा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। ÷जियो और जीने दो÷ का सिद्धांत ही एक सभ्य और सुरक्षित समाज की बुनियाद है। हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि वे इसी सिद्धांत पर चलते हुए एक-दूसरे की जान, माल, आस्था और सम्मान की रक्षा करें। हर समुदाय को अपने धार्मिक कर्तव्यों का पालन करने, अपनी आस्था के अनुसार जीवन जीने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने का पूरा अधिकार है। किसी भी समुदाय या धार्मिक समूह को निशाना बनाना न केवल समाज में ज़हर घोलता है, बल्कि शांति और भाईचारे को भी गंभीर नुकसान पहुँचाता है। इस दुखद घटना के बीच मानवता की एक मिसाल भी सामने आई है। सिडनी के बॉन्डी बीच में 43 वर्षीय अहमद अल अहमद द्वारा हमलावरों से बंदूक छीनकर लोगों की जान बचाना असाधारण साहस, सूझबूझ और इंसानियत का परिचायक है। उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर अनेक निर्दोष लोगों की रक्षा की, हालांकि वे खुद चार से पाँच गोलियों से घायल हो गए। यह कार्य साबित करता है कि मुश्किल घड़ी में भी इंसानियत ज़िंदा है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ इस बहादुर व्यक्ति को सलाम करता है, उनके साहसिक कदम की भूरी-भूरी प्रशंसा करता है और उनके प्रति आभार व्यक्त करता है। हम संबंधित प्रशासन और सरकार से मांग करते हैं कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही, पीड़ितों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जाए। अंत में, हमारा संगठन सभी समुदायों, धर्मों और देशों के लोगों से अपील करता है कि नफ़रत, अफ़वाहों और उकसावे से दूर रहें, शांति, संवाद और आपसी सम्मान को बढ़ावा दें, क्योंकि हिंसा का कोई धर्म नहीं होता और इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है।

# नितिन नवीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी पार्लियामेंट्री बोर्ड के द्वारा बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नवीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नामित किए जाने की खबर सुनते ही भाटपार रानी विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। नितिन नवीन बिहार के बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र से लगातार पांचवीं बार विधायक निर्वाचित हुए हैं और वर्तमान में नीतीश कुमार की सरकार में पथ निर्माण कैबिनेट मंत्री हैं। बिहार युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी हैं। नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी, पूर्व सांसद रवींद्र कुशवाहा, विधायक सभा कुंवर कुशवाहा, क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण कुशवाहा, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कुमार दुबे, राजकुमार शाही, जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार दुबे, सुशील कुमार शाही, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, जयनाथ कुशवाहा, अशोक सहाय, डॉ अरविन्द सहाय,अश्वनी कुमार सिंह, ब्लॉक प्रमुख बिंदा कुशवाहा, धनंजय सिंह, डॉ शम्स परवेज, सर्वेश तिवारी, सुरेश तिवारी, सुरेंद्र सिंह टुनटुन, जयप्रकाश तिवारी, कृष्ण कुमार सिन्हा, विशंभर पांडेय ,अनिल शाही, मनोज वर्मा, सीमा कुशवाहा, अमित शाही, आनंद पियूष उपाध्याय, इन्दूभूषण कुशवाहा, संजय सिंह सैंथवार, जितेंद्र कुशवाहा, दुर्गा गुप्ता, गुड्डू गोस्वामी, आलोक पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, पवन गुप्ता, चंदन गुप्ता,अंकुश शाही,धीरज गुप्ता,रीतुराज गुप्ता,शशि रंजन तिवारी, विवेक कुशवाहा, मिंटू कुशवाहा, महेंद्र पासवान, जितेंद्र प्रसाद, संतोष पटेल, राजीव यादव ,जितेंद्र जायसवाल, सुनील कुमार, राजेश गुप्ता, हनुमान जायसवाल, संजय जयसवाल, लाल बाबू यादव संतोष पांडेय,सत्येन्द्र पांडेय,विवेक गुप्ता, शिवम गुप्ता, चंदन वर्मा,चंद किशोर द्विवेदी, हरिकेश कुशवाहा, अजीत शाही, आदित्य शाही, अरुण गुप्ता, राघवेंद्र सिंह, संतोष गुप्ता, हृदय लाल शर्मा,पवन सिंह, नागेंद्र पासवान, राजेश पासवान, संतोष शाही, शुभंजय सिंह, हृदयानंद गुप्ता, धर्मेंद्र कुशवाहा, अंकुश शाही, मोहन गोंड ,जितेंद्र गुप्ता, नंद कुमार सिंह, वीरेश सिंह, नवीन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र प्रसाद, विनोद सिंह बघेल, नीरज जायसवाल, संजय सिंह, सतीश वर्मा, अतुल तिवारी, कमलेश कुशवाहा, गौतम प्रसाद,देवा मौर्य, अमरेन्द्र मौर्य, गोविन्द पटेल,विजय बरनवाल, आलोक शाही, सत्य प्रकाश तिवारी, अवधेश पाण्डेय, आशीष सिंह विशेन, संजीव सिंह, चंदन मद्धेशिया, दुरगेश्वर सोनी सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## ठगो के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर साइबर टीम की जांच पड़ताल जारी

**उन्नाव।** जिले में सक्रिय तीन मोबाइल नंबरों के जरिए दिल्ली, बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में साइबर ठगी किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मोबाइल नंबरों के आधार पर पीड़ितों ने अलग-अलग स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई थी। जांच में उन्नाव साइबर टीम ने खुलासा किया कि चार म्यूल खातों के माध्यम से विदेशों से करोड़ों रुपये का संदिग्ध लेन-देन किया जा रहा था। गृह मंत्रालय द्वारा 17 सितंबर 2025 को भेजे गए इनपुट के बाद साइबर थाना प्रभारी राजेश पाठक के नेतृत्व में जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि साइबर अपराधी दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों, खासकर वियतनाम और कंबोडिया से अर्जित ब्लैक मनी को उन्नाव के म्यूल खातों के जरिए व्हाइट कर रहे थे। यह लेन-देन वर्ष 2024 से लगातार चल रहा था। साइबर पुलिस के अनुसार ये म्यूल खाते केनरा बैंक और बैंक ऑफ महाराष्ट्र में खोले गए थे। अक्तूबर माह में आगरा पुलिस द्वारा सदर क्षेत्र के अनवार नगर निवासी आतिफखान की गिरफ्तारी के बाद इस अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी नेटवर्क का पूरा ढांचा सामने आया।

# पुलिस ने करीब 25 किलो गांजा बरामद कर तीन तस्करों को पकड़ा

- पुलिस व एसओजी, सर्विलांस टीम ने की संयुक्त कार्रवाई, एसपी ने मामले का खुलासा किया



गांजा तस्करों का खुलासा करते एसपी व अन्य

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय के मार्गदर्शन में थाना गुरसहायगंज पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा बीतीरात घेराबदी कर ई रिक्सा सवार तीन शातिर गांजा तस्करों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद कर हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

सोमवार को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने घटना का खुलासा करते हुये बताया कि रविवार की रात्रि 11.30 बजे मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा प्रभारी एसओजी, गुरसहायगंज प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, निरीक्षक त्रदीप सिंह प्रभारी सर्विलांस नें हेड कांस्टेवल मनोज यादव, रवेन्द्र सिंह, अजय सिंह, कांस्टेवल शिवराज सिंह यादव, विकास अग्रहरि, यगन चौधरी, शुभम कुमार, दीपक, उपनिरीक्षक दीपक कुमार, निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, कांस्टेवल दीपांशु गंगवार, गजेन्द्र सिंह, प्रशान्त कुमार, अशोक कुमार के साथ मिरगांवा अण्डर पास के निकट सर्विस रोड़ से निहाल पुत्र विजेन्द्र, विजेन्द्र पुत्र श्रीपाल निवासी मोहल्ला ताजपुर नौकास्त, फूलमती मंदिर के पास थाना कोतवाली कन्नौज व अरूण कुमार पुत्र रमेश निवासी मोहल्ला देवीगंज थाना चकेरी जनपद कानपुर नगर हाल पता मोर) ताजपुर नौकास्त के कब्जे से 24.740 किग्रा नाजायज गांजा बरामद करते करते हुये हिरासत में लिया गया। अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि ये लोग उडीसा से ट्रेन की माध्यम से गांजा लाते है, उडीसा से 3-4 हजार रुपये किलो के हिसाब से गांजा लाते है, और यहा लाकर 12-14 हजार रूपये किलो फुटकर में बेच देते हैं। उपरोक्त अभियुक्तगणों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर जिला न्यायालय भेजा गया।

## एक्सप्रेस-वेः घने कोहरे में अनियंत्रित डीसीएम पलटी, पीछे से भिड़े कई वाहन

**उन्नाव।** थाना बेहटा मुजावर अन्तर्गत ग्राम गौरिया कलां के सामने लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर कोहरे होने के कारण आगरा से लखनऊ की ओर जा रही डीसीएम अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई गई। डीसीएम के सड़क पर पलटने से उसके पीछे चल रहे कई वाहन डीसीएम से टकराकर आपस में टकरा गए। जिसके चलते एक बस चालक की मौत हो गई। बस परिचालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह थाना बेहटा मुजावर के गांव गौरिया कलां के सामने एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या-254 के पास सड़क पर घने कोहरे के कारण एक डीसीएम डिवाइडर से टकराकर पलटने के बाद पीछे चल रहा एक कंटेनर अचानक ब्रेक लगाकर रुका तभी कंटेनर के पीछे आ रही स्लीपर बस कंटेनर से जा टकराई। हादसे में जयपुर से सवारियां लेकर लखनऊ की ओर जा रही स्लीपर बस के चालक जितेंद्र 50 और बस परिचालक हरिओम 30 निवासी मुरैना मध्यप्रदेश सहित कई सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई।

# डीएम ने विभिन्न विकासपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक ली

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में मनरेगा, गो-आश्रय स्थल, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना तथा आईजीआरएस/ सीएम हेल्पलाइन संदर्भो सहित विभिन्न विकासपरक योजनाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपायुक्त मनरेगा को निर्देशित किया कि खेल मैदान निर्माण का कार्य प्रत्येक दशा में जनवरी 2026 तक पूर्ण कराया जाए। मनरेगा पार्क (लक्ष्य 14 के सापेक्ष 7 पूर्ण), पौराणिक स्थल (लक्ष्य 6 के सापेक्ष 2 पूर्ण) तथा सीएलएफ (लक्ष्य 8 के सापेक्ष 5 पूर्ण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य हेतु स्पष्ट समयसीमा निर्धारित कर उसी के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाए। आंगनवाड़ी निर्माण, अमृत सरोवर के अवशेष कार्यों तथा जॉबकार्ड ई-केवाईसी में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि जो कार्य पूर्ण हो रहे हैं, उनका उद्घाटन प्रत्येक शनिवार तक करा दिया जाए तथा सभी भवनों में शासन द्वारा निर्धारित रंग, डिज़ाइन एवं पेंटिंग मानकों का कड़ाई से अनुपालन हो। खंड विकास अधिकारी गुगरापुर, एडीओ पंचायत हसेरन तथा जिला पंचायत राज अधिकारी आदि द्वारा सीएम हेल्पलाइन एवं आईजीआरएस संदर्भो के निस्तारण में फीडबैक असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और तीन दिवस के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि असंतोषजनक फीडबैक कार्य के प्रति उदासीनता को दर्शाता है, जिसे किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। गो-आश्रय स्थलों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि कुल 150 गो-आश्रय स्थलों में से 124 में सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं। शेष स्थलों पर कैमरे तत्काल संचालित कराने के निर्देश दिए गए। गोबर खाद का विक्रय पूर्ण पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित किया जाए। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत यह भी निर्देश दिए गए कि नगर क्षेत्र के बाहर कूड़ा डंप होने की स्थिति अक्सर देखने को मिलती है, जिसे गंभीरता से लेते हुए विशेषज्ञों से परामर्श कर सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कूड़े का वैज्ञानिक एवं प्रॉपर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं तत्परता से करने के निर्देश दिए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से आमजन तक पहुँच सके। साथ ही जीरो पॉवर्टी अभियान से संबंधित कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से श्रमिक की दर्दनाक मौत

**उन्नाव।** शनिवार ड्यूटी करके साइकिल से घर जा रहे श्रमिक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेश की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई है। बेटे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमरसस निवासी किशोरीलाल गौतम 50 पुत्र स्व0 रामप्रसाद लगभग पांच वर्षो से औद्योगिक क्षेत्र दही चौकी में स्थित एसके कंपनी में नौकरी करता था, रोजाना की तरह शाम 6 बजे ड्यूटी करके अपनी साइकिल से घर वापस लौट रहा था अभी वह जमुका-कोरारी मार्ग पर स्थित चंदीखेड़ा ईटभट्टा के पास पहुंचा ही था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार श्रमिक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

# शुरू हुआ श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ

- झूमते नाचते मनोकामना पूर्ति के लिए उठाए गए कलश

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** सनातन परिवार सत्संग सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में पंचम मोक्षदायिनी श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ दिव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। मुख्य यजमान डॉ संजय मिश्रा व उनकी सहधर्मिणी बबली मिश्रा ने बड़े हनुमान मंदिर परिसर में राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता परमपूज्य संत राम शरण शास्त्री जी महाराज के सुसानिध्य में पूजन अर्चन के बाद अपने सर पर भागवत पुराण को लेकर कलश यात्रा की शुरुआत करायी। संयोजक पवन निगम व आशीष निगम, नीरज निगम, भानु प्रताप सिंह, सह यजमान सुबोध अस्थाना, डॉ प्रभात सिन्हा, वेंकट मिश्रा, अनुराग राठौर, वेदप्रकाश साहू, व्यापार मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सेंगर, अशोक रस्तोगी, रथयात्रा अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया, अरविंद श्रीवास्तव, राहुल कश्यप, लक्ष्य निगम, कौशल किशोर यादव, अनूप मिश्रा, राजेश कुशवाहा, शांतनु आदि ने सपरिवार कलश यात्रा में शामिल हो पुण्य लाभ अर्जित किया। लगभग तीन सैकड़ा महिलाओं ने पीतवस्त्र में शामिल होकर अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु झूमते नाचते, कलश लेकर यात्रा की। महिला मंडल अध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, कलश यात्रा प्रभारी ममता द्विवेदी, पूर्व अध्यक्ष पैक्स पेड़ रश्मि गुप्ता, पालिकाध्यक्ष श्वेता भानु मिश्रा, शोभा पांडेय, रश्मि निगम, कीर्ति गुप्ता आदि ने यात्रा का संचालन किया। यात्रा झंडेश्वर मंदिर होते हुए कथास्थल नार्मल स्कूल मैदान पहुंची। यात्रा में महाराजश्री रथ पर विराजमान होकर नगरवासियों का अभिवादन स्वीकार करते रहे। राधाकृष्ण की मनमोहक झांकियों और हनुमान जी के स्वरूप का दर्शन कर श्रद्धालु भावविभोर हुए। डी जे बैंड और ढोल मंडल की धुनों पर खूब थिरके नगरवासी। कथास्थल पर वेदी और व्यास पूजन के उपरांत बड़ी संख्या में भागवत कथा प्रमियों ने भंडारा प्रसाद चखा। भजन मंडल ने सुमधुर भजन सुनाते हुए पूरा वातावरण भक्तिमय बनाया।

# स्क्वाश विश्व कप जीतने वाला पहला एशियाई देश बना भारत



**चेन्नई।** भारतीय स्क्वाश के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह जैसी स्टार खिलाड़ियों से सजी टीम ने हांगकांग को हराकर पहली बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने स्क्वाश विश्व कप का खिताब पहली बार जीतकर इतिहास रच दिया है। भारत ने फाइनल में हांगकांग को एकतरफा अंदाज में 3-0 से हराया और चैंपियन बनने में सफल रहा। इसके साथ ही भारत स्क्वाश विश्व कप जीतने वाले एशिया का पहला देश बन गया है। भारत ने इस वैश्विक टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया और विजेता बनने में सफल रहा।

भारत का इससे पहले विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में कांस्य पदक जीतना था। भारत ने हालांकि, इस बार हर बाधा को पार किया और अपना दबदबा बनाया। यह खिताबी जीत भारतीय स्क्वाश के लिए निश्चित रूप से अच्छी खबर है क्योंकि यह खेल लॉस एंजिल्स 2028 में ओलंपिक में अपना पदार्पण करने जा रहा है। मिश्रित टीम स्पर्धा में भारतीय टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब अपने नाम किया। ग्रुप चरण में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को समान 4-0 के अंतर से हराने के बाद भारत ने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में क्रमशः दक्षिण अफ्रीका और दो बार के चैंपियन मिस्र को 3-0 से हराया। विश्व रैंकिंग में 79वें स्थान पर काबिज जोशना चिनप्पा ने 37वीं रैंकिंग की खिलाड़ी ली का यी पर 3-1 की उलटफेर भरी जीत से फाइनल में भारत को शानदार शुरुआत दिलाई।

एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह ( विश्व रैंकिंग में 29) ने 42वें स्थान पर काबिज एलेक्स लाउ को 3-0 से, जबकि 17 वर्षीय अनाहत सिंह ने विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर काबिज टोमाटो हो को इसी अंतर से हराकर भारत के लिए खिताब पक्का कर दिया।

# मेसी से मिले आईसीसी अध्यक्ष जय शाह

**नई दिल्ली।** लियोनल मेसी के GOAT इंडिया टूर का आज तीसरा दिन रहा। मेसी आज दिल्ली में रहे। इससे पहले वह कोलकाता, हैदराबाद और मुंबई का दौरा कर चुके थे और तीनों ही शहर में उनकी यात्रा ऐतिहासिक रही और फैंस से खूब प्यार मिला। अब दिल्ली इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना।

मेसी ने कहा, भारत में इन दिनों आपने हम पर जो प्यार लुटाया, उसके लिए दिल से धन्यवाद। हमारे लिए यह अनुभव सचमुच बेहद खास रहा। भले ही यह सफर बहुत छोटा और काफी व्यस्त था, लेकिन इतना सारा प्यार मिलना अद्भुत था। मुझे पहले से पता था कि भारत में हमारे लिए स्नेह है, लेकिन इसे करीब से महसूस करना वाकई अविश्वसनीय रहा। इन दिनों आपने हमारे लिए जो कुछ भी किया, वह हैरान करने वाला था। यह सब एक तरह की खूबसूरत दीवानगी जैसा था। आप सभी के इस प्यार के लिए शुक्रिया। हम जरूर किसी दिन फिर लौटेंगे, शायद कोई मैच खेलने के लिए या किसी और मौके पर, लेकिन इतना तय है कि हम दोबारा भारत आएंगे। बहुत-बहुत धन्यवाद, शुक्रिया।

**अनुभव**

**मेसी ने कहा, भारत में इन दिनों आपने हम पर जो प्यार लुटाया, उसके लिए दिल से धन्यवाद। हमारे लिए यह अनुभव सचमुच बेहद खास रहा।**

लियोनेल मेसी की दिल्ली यात्रा सोमवार को एक और यादगार पल की गवाह बनी, जब उन्होंने आईसीसी चेयरमैन जय शाह से मुलाकात की। इस खास मुलाकात में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली भी मौजूद रहे।

इस दौरान आपसी गर्मजोशी साफ देखने को मिली। जय शाह ने मेसी, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और रोहन जेटली को भारतीय क्रिकेट




टीम की जर्सी भेंट की, जो देश के दो सबसे लोकप्रिय खेलों, क्रिकेट और फुटबॉल के खूबसूरत संगम का प्रतीक बनी। वहीं, मेसी को एक खास ऑटोग्राफ किया हुआ क्रिकेट बैट भी उपहार में दिया गया, जिसने इस पल को और भी खास बना दिया।

इस मौके पर जय शाह ने मेसी को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए आमंत्रित भी किया और उन्हें इस वैश्विक टूर्नामेंट का टिकट सौंपा। यह मुलाकात भारत के खेल नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय खेल सितारों के बीच बढ़ते तालमेल को दर्शाती है। मेसी के तह्वझ इंडिया टूर के अंतिम चरण में यह मुलाकात एक अहम और यादगार पड़ाव के रूप में दर्ज हो गई, जहां फुटबॉल की महानता और क्रिकेट की विरासत एक मंच पर नजर आई। रोड्रिगो डी पॉल यहां दर्शकों के साथ खूब मस्ती कर रहे हैं और और भी तालियां बजाने के लिए कह रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने एक और गेंद स्टैंड्स में मार दी। एक प्रशंसक ने बड़ी कुशलता से गेंद को पकड़ लिया। मेसी, सुआरेज और डी पॉल ने पूर्व भारतीय फुटबॉलर अदिति चौहान से भी मुलाकात की, जिन्होंने प्रीमियर लीग में वेस्ट हैम का प्रतिनिधित्व किया था।

मेसी और उनके साथी भी स्टेडियम में घूम रहे हैं और प्रशंसकों को यादगार तोहफे के तौर पर खुद मेसी की ओर से फुटबॉल दे रहे हैं। प्रशंसक गेंद पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे हैं, लेकिन केवल कुछ भाग्यशाली लोगों को ही गेंद मिलेगी।

जैसा कि दौरे के पिछले चरणों में देखा गया था, लियोनल मेसी मैदान पर मौजूद युवा खिलाड़ियों, संभवतः अकादमी के सितारों के साथ फुटबॉल खेलने में मग्न हैं। लुइस सुआरेज और रोड्रिगो डी पॉल भी इस मस्ती में शामिल हो जाते हैं और अरुण जेटली स्टेडियम में सभी के चेहरे पर मुस्कान छाई रहती है।

## अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने दिखाया दम, अलग-अलग वजन वर्ग में जीते स्वर्ण

**अहमदाबाद।** यह प्रतियोगिता पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद पहली बड़ी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता है और इसका समापन रविवार को ग्रीको-रोमन मुकाबलों के साथ होगा।

अहमदाबाद में आयोजित नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत के शीर्ष पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन किया। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने स्वर्ण पदक जीतकर सुर्खियां बटोरीं। खास बात यह रही कि दोनों पहलवानों ने अपने परंपरागत वजन वर्ग से अलग श्रेणियों में उतरकर खिताब अपने नाम किए।

आमतौर पर 57 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने वाले अमन सहरावत ने इस बार 61 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में हिस्सा लिया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए वजन कम न करने का फैसला किया। इससे पहले अमन को इस साल क्रोएशिया में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप के दौरान वजन ज्यादा होने पर अयोग्य ठहराया गया था। इसके चलते भारतीय कुश्ती महासंघ (ङ्ख्रस्नढ्ढ) ने उन्हें एक साल के लिए निलंबित किया था, लेकिन बाद में यह निलंबन हटा लिया गया, जिससे वह अहमदाबाद में प्रतिस्पर्धा कर सके।

वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए फाइनल में अमन ने निखिल को 10-0 से हराया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टरफाइनल में आदित्य नारायण को 12-1 और ललित को 10-0 से मात दी। सेमीफाइनल में उन्होंने चोटिल भौंह और खून बहने के बावजूद अनुज कुमार को 13-2 से हराया। मुकाबले के बाद अमन ने एएनआई से बात करते हुए रेसलिंग प्रीमियर लीग, 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और विनेश फोगाट की वापसी पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा लग रहा है। WPL एक नेक्स्ट-लेवल प्रतियोगिता है। स्टेडियम और सुविधाएं शानदार हैं।

# सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए बवाल पर जल्द रिपोर्ट सौंपेगी जांच समिति

**कोलकाता।** लियोनल मेसी के कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए कार्यक्रम के दौरान बवाल को लेकर जांच समिति ने जांच शुरू कर दी है। अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी के भारत दौरे के दौरान कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में हुए बवाल पर जांच समिति जल्द रिपोर्ट सौंपेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज असीम कुमार रे की अगुआई में जांच समिति इस घटना की जांच कर रही है। मेसी शनिवार को कोलकाता पहुंचे थे, लेकिन अव्यवस्था के कारण वह स्टेडियम से जल्दी चले गए जिसके बाद नाराज प्रशंसकों ने जमकर उत्पात मचाया था।

मेसी G.O.A.T दौरे पर भारत पहुंच चुके हैं। पहले दिन वह कोलकाता पहुंचे और सॉल्ट लेक स्टेडियम का दौरा किया। लैप ऑफ ऑनर के बाद वह स्टेडियम से जल्दी निकल गए। इसके बाद सॉल्ट लेक स्टेडियम में मौजूद फैंस ने जमकर हंगामा किया। मेसी को देखने के लिए हजारों की संख्या में फैंस पहुंचे थे। सबसे बड़ी बात कि उन्होंने टिकट के लिए भारी कीमत भी चुकाई थी। ऐसे में उनके जल्दी



स्टेडियम से जाने से फैंस भड़क गए। सुरक्षा कारणों से उनके चारों ओर घेरा इतना सख्त कर दिया गया कि गैलरी में बैठे आम दर्शक उन्हें ठीक से देख ही नहीं सके। फैंस का आरोप है कि न सिर्फ मैदान में, बल्कि स्टेडियम की बड़ी स्क्रीन पर भी मेसी की साफ तस्वीर नहीं दिखाई गई। सुबह से इंतजार कर रहे दर्शक खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगे। धीरे-धीरे वी वांट मेसी के नारे पूरे स्टेडियम में गूंजने लगे और माहौल तनावपूर्ण हो गया। घटना के तुरंत बाद स्टेडियम के अंदर के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। टूटे बैनर, गुस्साए फैंस और अव्यवस्था की तस्वीरें उस उत्सव के बिल्कुल उलट थीं, जिसकी उम्मीद मेसी के आगमन से की जा रही थी। बंगाल सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति असीम रे के नेतृत्व में जांच समिति गठित की थी। असीम रे ने कहा, मैं अभी कोई राय नहीं रख सकता है। मैंने अभी स्टेडियम का दौरा किया है और हम जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपेंगे। इससे पहले बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्य सचिव डॉक्टर मनोज पंत के साथ स्टेडियम का दौरा किया था। इस घटना को लेकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी और घटना को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। कल्याण चौबे ने कहा, मेसी और रोनाल्डो दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शुमार हैं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया के जरिए लाखों प्रशंसक उन्हें फॉलो करते हैं। फुटबॉल दुनिया का सबसे ज्यादा खेला जाने वाला खेल है। कल की घटना कोलकाता के लिए बेहद दुर्भाग्यपूर्ण रही। इसे टाला जा सकता था। इससे पता चलता है कि पश्चिम बंगाल की सरकार कितनी अप्रस्तुत और प्रबंधकीय कौशल से रहित है।

# टिकट की भरपाई के लिए मैदान से कारपेट घर ले गया फैन

**कोलकाता।** हंगामे के बीच एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक फैन स्टेडियम का कारपेट कंधे पर उठाए नजर आया। भीड़ में एक और कहानी दिल को छू लेने वाली थी। एक प्रशंसक ने बताया कि उसी दिन उसकी शादी थी, लेकिन वह सब कुछ छोड़कर मेसी को देखने स्टेडियम पहुंचा। लियोनल मेसी के GOAT टूर ऑफ इंडिया का कोलकाता चरण शनिवार को अव्यवस्था और हंगामे में बदल गया। एक तरफ, हजारों रुपये का टिकट लेकर आए फैंस को मेसी की झलक तक नहीं मिली, वहीं दूसरी तरफ निराशा इतनी बढ़ी कि एक फैन टिकट के दाम की भरपाई के लिए सॉल्ट लेक स्टेडियम का कारपेट कंधे पर उठाकर घर ले गया। इसी भीड़ में एक ऐसा भी प्रशंसक था, जो अपनी शादी छोड़कर मेसी को देखने आया था, लेकिन हाथ लगी केवल मायूसी। कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में मेसी के पहुंचते ही हालात बिगड़ने लगे। भारी टिकट कीमतें चुकाने वाले दर्शकों की उम्मीदें उस वक्त टूट गईं, जब मैदान पर उतरते ही मेसी 100 से ज्यादा लोगों, राजनीतिक नेताओं, वीआईपी, सुरक्षाकर्मियों से घिर गए। नतीजा यह रहा कि स्टैंड्स में बैठे फैंस को सुपरस्टार ठीक से दिख ही नहीं पाए। स्थिति बेकाबू होती देख मेसी को सिर्फ कुछ ही मिनट में मैदान से बाहर ले जाया गया। इसके बाद गुस्सा हिंसा में बदल गया। बोतलें और कुर्सियां उछाली गईं, बैनर फाड़े गए और नुकसान हुआ।

हंगामे के बीच एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक फैन स्टेडियम का कारपेट कंधे पर उठाए नजर आया। रिपोर्टर के सवाल पर उसने कहा, मैंने टिकट के 10,000 रुपये दिए, लेकिन मेसी का चेहरा तक नहीं देख पाया। बस नेताओं के चेहरे दिखे।

# फिल्म के लिए साथ आए हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे और भारतीय प्रोड्यूसर, ए आर रहमान देंगे संगीत



**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे और भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के बीच एक फिल्म को लेकर साझेदारी हुई है, जिससे हॉलीवुड और बॉलीवुड सिनेमा को एक साथ मिलकर काम करने का बढ़ावा मिलेगा।

हॉलीवुड और भारतीय सिनेमा के बीच एक और बड़ी क्रिएटिव साझेदारी की सुगबुगाहट ने फिल्म इंडस्ट्री में हलचल मचा दी है। एक्शन और भव्यता के लिए मशहूर हॉलीवुड फिल्ममेकर माइकल बे अब भारतीय प्रोड्यूसर विनोद भानुशाली के साथ मिलकर एक नई फिल्म पर काम करने जा रहे हैं। इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट का निर्देशन एंथनी डिसूजा करेंगे, जबकि संगीत की कमान भारत के संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान के हाथों में होगी। इस खबर के सामने आते ही फैंस और फिल्मी गलियारों में उत्साह का माहौल बन गया है। माइकल बे को दुनियाभर में 'बैड बॉयज़', 'आर्मगेडन', 'पर्ल हार्बर' और 'ट्रांसफॉर्मर्स' जैसी ब्लॉकबस्टर फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। उनकी फिल्मों की पहचान बड़े पैमाने का एक्शन, हाई-ऑक्टेन ड्रामा और विज़ुअल स्पेक्टेकल रही है। ऐसे में जब उनका नाम भारतीय सिनेमा के क्रिएटिव दिमागों के साथ जुड़ता है, तो उम्मीदें अपने आप आसमान छूने लगती हैं। इस प्रोजेक्ट को विनोद भानुशाली की बैनर भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड के तहत विकसित किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में भानुशाली ने कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा को बढ़ावा दिया है। वहीं, निर्देशक एंथनी डिसूजा भी अपनी अलग सोच और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। अब इन दोनों के साथ माइकल बे का जुड़ना इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिला सकता है। फिल्म की सबसे खास बात इसका म्यूजिक है। ए.आर. रहमान का नाम जुड़ते ही यह साफ हो जाता है कि फिल्म में सिर्फ एक्शन ही नहीं, बल्कि भावनाओं और आत्मा को छू लेने वाला संगीत भी होगा। माइकल बे की भव्यता और रहमान की आत्मिक धुनों का मेल किस तरह पर्दे पर उतरता है, यह देखने के लिए दर्शक पहले से ही उत्सुक हैं।

# 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर आएगा कपिल के शो का चौथा सीजन



**मुंबई।** 'किस किसको प्यार करूं 2' की रिलीज के बाद अब कपिल शर्मा अपने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन को लेकर चर्चाओं में हैं। अब शो की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। जानिए पहले एपिसोड में कौन बनेगा गेस्टज

कॉमेडी किंग कहे जाने वाले कपिल शर्मा एक बार फिर लौट रहे हैं अपने कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के नए सीजन के साथ। ये नया सीजन 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर शुरू हो रहा है। शो की शूटिंग से जुड़ी चर्चाएं पहले से ही चल रही थीं। लेकिन अब ये भी साफ हो गया कि शो का पहला गेस्ट कौन होगा। आज नेटफ्लिक्स की ओर से इंस्टाग्राम पर शो को लेकर एक पोस्ट की गई। जिसमें ये स्पष्ट किया गया कि 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ये भी बता दिया कि शो का पहला गेस्ट कोई और नहीं बल्कि 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा होंगी। प्रियंका चोपड़ा और कपिल का एक पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'जब देसी गर्ल आती हैं, तो माहौल बेहद मजेदार हो जाता है। प्रियंका चोपड़ा द ग्रेट इंडियन कपिल शो के नए सीजन के प्रीमियर एपिसोड में शामिल होंगी। देखें द ग्रेट इंडियन कपिल शो 20 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर।'

# अनुज सचदेवा पर हुआ हमला, जया भट्टाचार्य से लेकर कई टीवी सेलेब्स सपोर्ट में उतरे

**मुंबई।** टीवी एक्टर अनुज सचदेवा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन पर जानलेवा हमला किया गया। इस घटना के बाद कई टीवी सेलेब्स अनुज के सपोर्ट में उतर आए हैं। जानिए, यह हमला एक्टर पर क्यों हुआ? क्या है पूरा मामला?

अनुज सचदेवा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन पर एक व्यक्ति हमला कर रहा है। यह हमला एक्टर पर उनकी ही सोसायटी में हुआ। वीडियो में अनुज को चोट लगी है, खून भी बह रहा है। बाद में बचाव के लिए कुछ सिक्योरिटी गार्ड आते हैं। इसी वीडियो पर अब कई टीवी सेलेब्स ने रिएक्शन दिया है। वह अनुज सचदेवा को सपोर्ट कर रहे हैं। आरोपी को जेल भेजने की बात कर रहे हैं। लेकिन यह हमला अनुज पर क्यों हुआ? इसके पीछे



क्या वजह है? जानिए। अनुज सचदेवा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर हमले का जो वीडियो शेयर किया है, उसके साथ वह एक कैप्शन भी लिखते हैं। इसमें एक्टर ने लिखा है, 'मैं यह वीडियो सबूत के तौर पर पोस्ट कर रहा हूं, जिससे यह आदमी मुझे या मेरी प्रॉपर्टी को कोई नुकसान ना पहुंचाए। उसने (हमला करने वाले शख्स) सोसायटी पार्किंग में गलत जगह पर अपनी गाड़ी खड़ी की थी। मैंने इस बारे में सोसाइटी ग्रुप में बताया। इस बात पर उसने मुझ पर रॉड से हमला करने की कोशिश की है। मेरे डॉग पर भी हमला करने की कोशिश की। कृपया इसे उन लोगों के साथ शेयर करें जो कार्रवाई कर सकते हैं। मेरे सिर से खून बह रहा है।' वीडियो में भी साफ नजर आया कि अनुज सचदेवा काफी घायल हैं।

# कृति सेनन ने 'कॉकटेल 2' को लेकर दी अपडेट

**फिल्म**

**जूम के साथ बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है।**



**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों 'कॉकटेल 2' की शूटिंग कर रही हैं। अब एक्ट्रेस ने इस फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभव भी साझा किए हैं। जानिए उन्होंने क्या कुछ बतायाज

कृति सेनन मौजूदा वक्त में इंडस्ट्री की लीडिंग एक्ट्रेस में शामिल हैं। वो लगातार बड़ी फिल्मों का हिस्सा बन रही हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' ने भी बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ऊपर की कमाई की। अब अभिनेत्री इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच अब अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग से जुड़े किस्सों को साझा किया। साथ ही अपने साथी कलाकारों शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना को लेकर भी बात की। जूम के साथ बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने फिल्म को लेकर बात करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही प्यारी फिल्म है। मुझे लगता है कि कभी-कभी जीवन में जो कुछ भी होता है, उसके पीछे कोई न कोई कारण होता है। तेरे इश्क में एक इंटेंस और इमोशनली थका देने वाली फिल्म थी। मुझे लगता है कि मैं तुरंत कोई और इंटेंस फिल्म नहीं कर सकती थी। मुझमें वह क्षमता नहीं थी। मैं पूरी तरह से थक चुकी थी। मैं कुछ मजेदार, ताजा, कुछ ऐसा करना चाहती थी जो मैंने पहले कभी नहीं किया हो, कुछ ऐसा जिसका मैं आनंद ले सकूं। कृति ने कहा कि 'कॉकटेल 2' बिल्कुल सही समय पर बनी, मुझे इसकी बहुत चाह थी। मैं एक नई, शहरी और मजेदार रोमांटिक कॉमेडी में काम करना चाहती थी। यह बहुत मजेदार रहा है, हमने लगभग दो बड़े शेड्यूल शूट कर लिए हैं। अभी मुंबई में एक और शुरू करने जा रहे हैं। इसमें शानदार संगीत है और मुझे लगता है कि मैं पहले से बिल्कुल अलग दिख रही हूं। यह रिश्तों को नए तरीके से दिखाएगी। जो कुछ भी यह फिल्म कह रही है, वह बहुत प्रासंगिक है। हर कोई उससे जुड़ पाएगा। कॉकटेल 2 के अपने को-एक्टर्स शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के बारे में भी कृति ने बात की। उन्होंने कहा कि शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना के साथ शूटिंग करना बहुत मजेदार रहा। निर्देशक होमी अदजानिया तो बिल्कुल पागल हैं। उनकी मस्ती ही हम सबको एक मजेदार सफर पर ले जाती है। 'कॉकटेल 2' में कृति शाहिद के साथ तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया (2024) के बाद दूसरी बार काम कर रही हैं। शाहिद को लेकर एक्ट्रेस का कहना है कि वह कहते हैं, आपसे एक इंसान के तौर पर मिलकर अच्छा लगा। आपको इंसान न होने की वजह से बंधे रहने की जरूरत नहीं है।

कृति सेनन की पाइपलाइन में कई फिल्में हैं। 'कॉकटेल 2' के अलावा उनके रणवीर सिंह के साथ 'डॉन 3' में भी नजर आने की चर्चाएं हैं। हालांकि, मेकर्स ने अभी इसको लेकर पुष्टि नहीं की है। कृति की आखिरी रिलीज 'तेरे इश्क में' बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। आनंद एल राय द्वारा निर्देशित इस फिल्म में कृति के साथ धनुष प्रमुख भूमिका में नजर आए हैं।

# शाहरुख खान के साथ डेब्यू करने के बाद महिमा चौधरी के हाथ से निकलीं कई फिल्में

**मुंबई।** अभिनेत्री महिमा चौधरी ने अपने करियर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि आखिर क्यों शाहरुख के साथ डेब्यू करने के बाद भी उन्हें कई फिल्मों से निकाला गया। जानिए क्या थी वजह

90 और 2000 के दशक की मशहूर अभिनेत्री महिमा चौधरी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटीं महिमा ने बॉलीवुड में अपने सफर के बारे में बात की। साथ ही एक्ट्रेस ने उस घटना को याद किया, जब उन्हें एक फिल्म से निकाल दिया गया था। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत के दौरान महिमा चौधरी ने खुलासा किया कि कॉन्ट्रैक्ट से जुड़े कन्फ्यूजन के कारण उन्हें अपने करियर में कई गंभीर परिणाम भुगतने पड़े। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसा हुआ। मेरी पहली फिल्म के बाद मुझे कोर्ट में घसीटा गया, मुझे कई फिल्मों से



निकाल दिया गया, क्योंकि कहा गया था कि मेरा 'मुक्ता' के साथ कॉन्ट्रैक्ट है, जो सच नहीं था। इसके बाद मेरा एक्सीडेंट हो गया, फिर मैं एक साल तक घर पर बैठी रही।

महिमा चौधरी ने आगे बताया कि जब उन्होंने फिल्मों में वापसी की, तो उन्हें अक्सर मुख्य भूमिकाओं के बजाय छोटी-मोटी भूमिकाएं ही दी जाती थीं। मैंने छोटी-मोटी भूमिकाएं करना शुरू किया और वो सभी फिल्में हिट हो गईं। यहां तक कि वो भी जब मैं सिर्फ एक गाना कर रही थी। फिर लोग मुझे सिर्फ एक गाना करने का ऑफर देने लगे, मैंने उन्हें मना कर दिया। मुझे लकी मैस्कॉट कहा जाने लगा, लेकिन मैं और भी बहुत कुछ करना चाहती हूं। फिल्म दिल क्या करे की शूटिंग के दौरान अपने साथ हुए एक गंभीर हादसे को भी एक्ट्रेस ने याद किया। महिमा इस दौरान एक कार दुर्घटना में गंभीर रू से घायल हो गई थीं। एक्ट्रेस ने बताया कि हादसे में चेहरे में कांच के 67 छोटे-छोटे टुकड़े घुस गए थे, जिन्हें माइक्रोस्कोप के नीचे से खुरचकर निकाला गया। अगले दिन चेहरा और भी ज्यादा सूजा हुआ और बेढंगा हो गया था। मेरे दोस्त मेरी चोट पर हंस रहे थे, उन्हें लगा कि मेरी किसी से लड़ाई हुई है और मैं झूठ बोल रही हूं।

# इंडिगो संकट के बीच एअर इंडिया की बड़ी तैयारी

**सुविधा**

**इन विमानों में नई और आरामदायक सीटें, बेहतर केबिन इंटीरियर, वाई-फाई सुविधा और आधुनिक इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम जोड़े जा रहे हैं।**




**नई दिल्ली।** इंडिगो का परिचालन संकट अभी तक पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। इस संकटकाल के बीच दूसरी कंपनियां अवसरों की तलाश भी कर रही हैं। इंडिगो बीते एक हफ्ते से अधिक समय से जूझ रही है, इसी बीच एअर इंडिया ने यात्रियों के लिए बड़ी तैयारियां की हैं। माना जा रहा है कि 2026 में यात्रियों को बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। पढ़िए ये रिपोर्ट

देश भर में इंडिगो संकट के बीच एअर इंडिया एयरलाइन ने अपने बेड़े, सेवाओं और संचालन व्यवस्था में बड़े स्तर पर बदलाव कर रही है। कंपनी का कहना है कि 2026 में यात्रियों को इन सुधारों का साफ असर दिखाई देगा। क्योंकि पिछले कई वर्षों से एअर इंडिया लगातार पायलट और स्टाफ ट्रेनिंग, नई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल और विमान बेड़े के आधुनिकीकरण पर काम कर रही थी। अब ये तैयारियां ज़मीन पर उतरने जा रही हैं। आने वाले समय में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, सुधरी हुई सेवाएं और एक बदला हुआ एअर इंडिया अनुभव देखने को मिलेगा।

एअर इंडिया अपने क्रू और ग्राउंड स्टाफ की ट्रेनिंग व्यवस्था को और मजबूत बना रही है। इसके लिए कंपनी ने अपनी ट्रेनिंग अकादमी को नए सिरे से तैयार किया है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में एविएशन प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षण दिया जा सके। दरअसल, कंपनी का उद्देश्य है कि कर्मचारियों की स्किल और प्रोफेशनलिज्म को बेहतर बनाया जाए, ताकि आने वाले समय में यात्रियों को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित और बेहतर सेवा का अनुभव मिल सके।

इसके अलावा एअर इंडिया अपने पुराने बोइंग 787-8 विमानों के रिफिटिंग प्रोग्राम को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। इन विमानों में नई और आरामदायक सीटें, बेहतर केबिन इंटीरियर, वाई-फाई सुविधा और आधुनिक इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम जोड़े जा रहे हैं। फिलहाल हर महीने दो से तीन विमानों को अपग्रेड किया जा रहा है। कंपनी का अनुमान है कि 2026 के अंत तक उसके अधिकांश वाइड-बॉडी विमान नए लुक और सुविधाओं के साथ उड़ान भरने लगेंगे। वहीं, 2026 में एअर इंडिया के बेड़े में छह नए वाइड-बॉडी और करीब 20 नए नैरो-बॉडी विमान भी शामिल होने वाले हैं। आने वाले समय में बड़ी ऑर्डर बुक की डिलीवरी शुरू होने से 2027-28 के दौरान एअर इंडिया की उड़ान क्षमता और नए रूट्स के विस्तार में और तेजी आने की उम्मीद है।

यात्रियों को इन अपग्रेडेड विमानों में सफर करते ही कई बड़े बदलाव साफ तौर पर महसूस होंगे। नई और ज्यादा आरामदायक सीटें, बड़े इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट स्क्रीन, वाई-फाई कनेक्टिविटी और बेहतर लाइटिंग से यात्रा का अनुभव पहले से कहीं ज्यादा आधुनिक होगा। इसके साथ ही फूड और बेवरेज सर्विस को भी नया रूप दिया जा रहा है, जिसमें मेन्यू में सुधार और वाइन सर्विस को अपग्रेड किया जा रहा है।

एअर इंडिया के प्रवक्ता पी. बालाजी के अनुसार, कंपनी अपने परिवर्तन के एक निर्णायक चरण में प्रवेश कर रही है। 2026 के अंत तक कंपनी के वाइडबॉडी बेड़े का 60% हिस्सा नया होगा, जिससे लंबी दूरी की उड़ानों में यात्रियों को विश्वस्तरीय अनुभव मिलेगा। इसमें पूरी तरह से नवीनीकृत पुराने विमान और नए B787-9 व A350-1000 विमान शामिल हैं। बदलाव के बाद नए सीट, आधुनिक इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट, वाई-फाई कनेक्टिविटी और बेहतर भोजन सेवा शामिल है। फरवरी से रेट्रोफिटेड विमान सेवा में लौटेंगे, जिससे नेटवर्क में स्पष्ट और ठोस बदलाव दिखाई देंगे।

एअर इंडिया प्रीमियम इकोनॉमी क्लास को भी ज्यादा रूट्स पर उपलब्ध कराने की तैयारी में है। इससे उन यात्रियों को बेहतर विकल्प मिलेगा, जो इकोनॉमी से थोड़ा ज्यादा आराम चाहते हैं, लेकिन बिजनेस क्लास में सफर नहीं करना चाहते। यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एअर इंडिया के लाउंज नेटवर्क को भी मजबूत किया जा रहा है। बड़ी फ्लीट के संचालन के लिए एअर इंडिया टैलेंट और मेंटेनेंस इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी निवेश बढ़ा रही है।

# पालघर की मासूम से दुष्कर्म-हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**पालघर।** पालघर में 18 साल पहले 5 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया। आरोपी कई वर्षों से नेपाल में छिपकर रह रहा था। महाराष्ट्र के पालघर जिले में 18 साल पहले पांच साल की मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य अपराध के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बच्ची से दुष्कर्म और निर्मम हत्या के आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी वारदात के बाद से लगातार फरार था और लंबे समय तक नेपाल में छिपकर रहा। मिरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस के अनुसार यह सनसनीखेज अपराध वर्ष 2007 में मणिकपुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुआ था। आरोपी की पहचान नंदलाल उर्फ नंदू रामदास विश्वकर्मा के रूप में हुई है, जो घटना के समय 22 वर्ष का था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने 31 मार्च 2007 की रात करीब 11 बजे बच्ची को चॉकलेट देने का लालच देकर अपने साथ ले गया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया, बेरहमी से मारपीट की और अंत में गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। अगली सुबह बच्ची का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई थी। एमबीवीवी पुलिस के वरिष्ठ निरीक्षक अविराज कुरहाड़े ने बताया कि घटना के तुरंत बाद आरोपी नेपाल भाग गया था, जहां वह लंबे समय तक छिपा रहा। हाल ही में वह उत्तर प्रदेश लौट आया और सिद्धार्थनगर जिले के खड़दौरी गांव में ईंट-भट्ठे पर मजदूरी कर रहा था।

क्राइम डिटेक्शन सेल-2, वसई और स्थानीय पुलिस की समानांतर जांच जारी थी। कुछ दिन पहले मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम को उत्तर प्रदेश भेजा गया। 10 दिसंबर को खड़दौरी गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अब आरोपी को पालघर लाकर आगे की कानूनी कार्रवाई और विस्तृत पूछताछ कर रही है।

# जबरन वसूली के खिलाफ भड़का गुस्सा, इंफाल घाटी में पेट्रोल पंप बंद रखकर जताया विरोध



**इंफाल।** मणिपुर की इंफाल घाटी में जबरन वसूली के खिलाफ पेट्रोल पंप मालिकों का गुस्सा भड़क गया। जिसके चलते शनिवार को इंफाल घाटी में विरोध जताते हुए पेट्रोल पंप बंद रख गए हैं। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में कई साल तक चली जातीय हिंसा के बाद शांति का माहौल है। लोगों का जीवन पटरी पर लौट रहा है। इस बीच इंफाल घाटी में शनिवार (13 दिसंबर) को जबरन वसूली की मांगों के विरोध में पट्रोल पंप मालिकों का गुस्सा फूट पड़ा और पूरे इलाके में पेट्रोल पंप बंद कर दिए गए। पेट्रोल पंप का यह बंद इंफाल पश्चिम जिले के कोइरेंगी में एक पेट्रोल पंप के पास हैंड ग्रेनेड मिलने के कुछ दिनों बाद हुआ है। एक पेट्रोल पंप मालिक ने बताया कि जबरन वसूली की मांगें पूरी न करने पर धमकी के तौर पर वहां हैंड ग्रेनेड रखा गया था। उन्होंने कहा, पेट्रोल पंप सार्वजनिक सेवा वाले उद्यम हैं और उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। जबरन वसूली से पेट्रोल पंप मालिक दिवालिया हो सकते हैं और सार्वजनिक सेवा प्रभावित हो सकती है। मणिपुर में लंबे समय से जारी राजनीतिक गतिरोध को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन हटाने की संभावना को देखते हुए भाजपा ने राज्य के सभी विधायकों को 14 दिसंबर को नई दिल्ली में बैठक के लिए तलब किया है। यह कदम राज्य की राजनीतिक दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत माना जा रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है कि केंद्रीय नेतृत्व ने सभी विधायकों को दिल्ली पहुंचने के निर्देश दिए हैं। हालांकि बैठक का औपचारिक एजेंडा जारी नहीं किया गया है, लेकिन उन्होंने संकेत दिए कि नई सरकार के गठन पर चर्चा होने की पूरी संभावना है।

# मेसी के कार्यक्रम में मचा बवाल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मशहूर फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम में कुप्रबंधन को लेकर कहा कि आयोजनकर्ता के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज होना चाहिए और उसके खिलाफ मुकदमा भी चलाया जाना चाहिए।

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शनिवार को सीवी आनंद बोस ने कोलकाता में अर्जेंटीना के सुपरस्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के कार्यक्रम के लिए कुप्रबंधन पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के लिए आयोजक पूरी तरह जिम्मेदार हैं, लेकिन पुलिस भी सरकार, जनता और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को विफल करने में जिम्मेदार है, जो राज्य की गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, उनकी निष्क्रियता के कारण इस दिन को कोलकाता के खेल प्रेमियों के लिए एक काला दिन कहा जा सकता है। लोक भवन के एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल यह सुनकर स्तब्ध थे कि मुख्यमंत्री, जो सॉल्ट लेक स्टेडियम में मेसी से मिलने वाली थीं, उन्हें बीच रास्ते से ही लौटना पड़ा। अधिकारी ने बोस के हवाले से कहा, जब मुख्यमंत्री को बीच से ही लौटना पड़ा, तो यह बेहद गंभीर मामला है। इसकी तुरंत जांच होनी चाहिए और दोषियों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि जिन लोगों ने कार्यक्रम के टिकट खरीदे हैं, उन्हें पैसा वापस किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि स्टेडियम और अन्य सार्वजनिक स्थानों को हुए नुकसान के लिए आयोजकों से जुर्माना वसूला जाए और जिन पुलिस अधिकारियों ने सावधानी नहीं बरती, उन्हें निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा, भविष्य में इस तरह की बड़ी भीड़ वाले कार्यक्रमों के सुचारु संचालन के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जानी चाहिए।

इससे पहले राज्यपाल कोलकाता में मेसी के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी। लोक भवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी थी। राज्यपाल ने यह रिपोर्ट कई फुटबॉल प्रेमियों की शिकायत के बाद मांगी थी। उन्होंने बताया था कि शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें अपने पसंदीदा खिलाड़ी को देखने का मौका नहीं मिला, क्योंकि टिकट की कीमतें बहुत अधिक थीं। राज्यपाल ने मेसी की कोलकाता यात्रा में राज्य सरकार की भूमिका के बारे में पूछा और यह भी सवाल उठाया कि आम लोगों की भावनाओं का फायदा उठाकर किसी व्यक्ति को पैसे कमाने की अनुमति क्यों दी गई। लोक भवन के अधिकारी ने पीटीआई को बताया, लोक भवन के पास फुटबॉल प्रशंसकों की फोन कॉल और ईमेल आ रहे हैं, जिनमें वे शिकायत कर रहे हैं कि वे मेसी के मैच के टिकट नहीं ले पाए, क्योंकि कीमतें उनकी पहुंच से बाहर हैं। अब राज्यपाल यह जानना चाहते हैं कि यह क्यों हो रहा है। जब मेसी यहां हैं तो आम लोग अपने पसंदीदा स्टार को क्यों नहीं देख पा रहे हैं?

मेसी सॉल्ट लेक स्टेडियम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसमें संगीत, नृत्य और मोहून बागान मेसी ऑल स्टार्स और डायमंड हार्बर मेसी ऑल स्टार्स के बीच एक प्रदर्शनी मैच होगा। अधिकारी ने कहा, राज्यपाल हैरान हैं कि केवल कुछ लोग ही अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार को देख पाएंगे, जिन्होंने टिकट की भारी कीमत चुकाई है। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल ने उस कथित व्यक्ति की बारे में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो मेसी की यात्रा से पैसा कमा रहा है। आम लोगों को मेसी देखने से क्यों रोका जा रहा है?

## थरूर के गढ़ तिरुवनंतपुरम में भाजपा ने दिखाया दम, 50 सीटों पर बनाई बढ़त

**तिरुवनंतपुरम।** केरल स्थानीय निकाय चुनाव की मतगणना के बीच कांग्रेस नेता शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम चर्चा का विषय बना रहा। कारण है थरूर के संसदीय क्षेत्र में भाजपा की बढ़त, जिससे कांग्रेस के लिए मुकाबला काफी चुनौतीपूर्ण बन गया है। आइए जानते है कि क्या हाल रहा?

केरल में आज दो चरणों में हुए स्थानीय निकाय चुनावों की मतगणना हुई। हालांकि मतगणना के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर के संसदीय क्षेत्र तिरुवनंतपुरम काफी चर्चा में रहा। इसका कारण है कि इस सीट पर भाजपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में भाजपा ने 50 सीटों पर अपनी जीत हासिल की।

# पहले से थी ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमले की आशंका, नेतन्याहू ने अल्बनीज को दी थी चेतावनी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में प्रसिद्ध बॉन्डी समुद्र तट पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो बंदूकधारियों द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग में कम से कम 11 लोगों की मौत हुई है। दो पुलिस अधिकारियों समेत 11 लोग घायल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने दो हमलावरों में से एक को मार गिराया है। ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर हुए आतंकी हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और एक शूटर भी मारा गया है। यह हमला यहूदी त्योहार हनुक्का की पहली रात पर हुआ है। अब एक चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इस्राइल को ओर से ऑस्ट्रेलिया को इससे लेकर चेतावनी दी गई थी।

ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमले की आशंका पहले से ही थी। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने यहूदी विरोधी भावना के बारे में ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंटोनी अल्बनीज को चेताया भी था। सिडनी हमले से यह आशंका सच साबित हुई। आतंकी हमले के बाद समुद्र तट पर अफरा-तफरी मच गई। उत्सव मनाने के लिए जुटे लोगों को जहां-तहां भागकर जान बचानी पड़ी।

इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष को चेतावनी दी थी कि देश की नीतियां यहूदी-विरोधी भावना को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने गोलीबारी को क्रूर हत्या बताया और कहा कि जब नेता चुप रहते हैं तो यहूदी-विरोधी भावना फैलती है। उन्होंने कहा, आपको कमजोरी की जगह कार्रवाई करनी होगी। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया में यहूदी विरोधी यह कोई पहले घटना नहीं है। यहूदियों के खिलाफ आक्रामकता की शुरुआत अक्तूबर 2023 में ही हो गई थी, हमास ने इस्राइल पर हमला किया था, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों बाद सिडनी में एक यहूदी बेकरी के सामने लाल रंग का उल्टा त्रिकोण स्प्रे से बनाया गया।

हमास के खिलाफ इस्राइल ने जबावी सैन्य कार्रवाई शुरू की तो यहूदी विरोधी घटनाओं में और तेजी आई। उसके बाद फिर यह सिलसिला चलता रहा। यहूदियों से जुड़े स्थलों पर हमले किए गए, दीवारों पर आपत्तिजनक नारे लिखे गए। इन घटनाओं के बाद से यहूदी माता पिता अपने बच्चों को डे केयर भेजने से डरने लगे थे। कई यहूदी स्कूलों ने अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की है। हालात को देखते हुए ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने पिछले वर्ष यहूदी विरोध से निपटने के लिए अपना पहला विशेष दूत नियुक्त किया था।

## 30 वर्षीय युवक के सिर पर सवार हुई सनक, दो लोगों को चाकू मारा

**टोक्यो।** जापान के फुकुओका में HKT48 एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स में 30 वर्षीय संदिग्ध ने 44 वर्षीय पुरुष और 27 वर्षीय महिला को छुरी मारी। पुलिस ने संदिग्ध को गिरफ्तार किया और मामले की हत्या के प्रयास के रूप में जांच शुरू की है। जापानी पुलिस ने सोमवार को फुकुओका शहर में HKT48 के एंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स में हुई छुरी मारने की घटना के संदिग्ध को गिरफ्तार किया। इस हमले में दो लोग घायल हुए हैं। हालांकि अब उनकी हालत ठीक है। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय संदिग्ध ने रविवार को 44 वर्षीय पुरुष को छाती में छुरी मारी। घायल पुरुष HKT48 थिएटर में काम करते थे। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, जब उन्होंने संदिग्ध को अनधिकृत क्षेत्र में देखा और उसे बाहर जाने के लिए कहा, तो यह हमला हुआ। इतना ही नहीं संदिग्ध ने 27 वर्षीय महिला को भी एक लिफ्ट हॉल में पीठ पर छुरी मारकर घायल किया और फिर वहां से फरार हो गया।

# होजे एंटोनियो कास्ट बने चिली के नए राष्ट्रपति, 35 वर्षों बाद देश को मिली दक्षिण पंथी सरकार



**चिली।** चिली में राष्ट्रपति चुनाव में होजे एंटोनियो ने केंद्र-वाम गठबंधन की उम्मीदवार को हराकर शानदार जीत हासिल की है।

चिली में होजे एंटोनियो कास्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में शानदार जीत हासिल की। उन्होंने केंद्र-वाम गठबंधन सरकार की उम्मीदवार जीनेट जारा को हराया है। उनकी जीत से देश में लंबे समय बाद दक्षिण पंथी सरकार के लिए रास्ता साफ हुआ है। कास्ट को 58.2 प्रतिशत वोट मिले। उन्होंने चिली के लोगों से बढ़ते अपराध पर रोक लगाने, गैर कानूनी लाखों प्रवासियो को निर्वासित करने और लैटिन अमेरिका की सुस्त अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के वादा किया। इसके कारण उन्हें अपने प्रतिपक्ष से ज्यादा वोट मिले। वहीं उनके प्रतिद्वंदी और वामपंथी उम्मीदवार को 41.8 प्रतिशत वोट मिले थे। गैब्रियल बोरिक की सरकार में श्रम मंत्री रह चुकी जारा ने सोशल मीडिया पर लिखा, लोकतंत्र जोरदार और साफ बात कहता है। चिली की राजधानी सैंटियागो के डाउनटाउन में एक पब्लिक स्क्वायर पर भाषण के दौरान, उन्होंने कहा कि वे नतीजे से निराश न हों। उन्होंने कहा, हार से ही हम सबसे ज़्यादा सीखते हैं। मतदान खत्म होने के दो घंटे से भी कम समय में कास्ट को विजेता घोषित कर दिया गया। उनके प्रवक्ता, आर्टुरो स्क्लेला ने कहा कि पार्टी चिली जिस मुश्किल से गुज़र रहा है, उसे संभालने की बड़ी चुनौती एक बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे पार्टी गंभीरता से लेगी।

बड़े बदलाव की मांग करने वाले चिली के लोग अकेले नहीं हैं। कास्ट का चुनाव उन चुनावों की कड़ी में सबसे नया है, जिन्होंने लैटिन अमेरिका में मौजूदा सरकारों को हटा दिया है, अर्जेंटीना से लेकर बोलीविया तक दक्षिण पंथी नेताओं को सत्ता में लाया है, जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वेस्टर्न हेमिस्फ़ेयर में अमेरिकी दबदबा बनाने की कोशिश कर रहे हैं, कई मामलों में दुश्मनों को सजा दे रहे हैं और साथियों को इनाम दे रहे हैं।

ट्रंप प्रशासन ने सबसे पहले कास्ट को उनकी जीत की बधाई दी थी। अमेरिकी राज्य सचिव मार्को रुबियो ने एक बयान में कहा, उनके लीडरशिप पर हमें भरोसा है वह चिली के नागरिकों की सुरक्षा को मज़बूत करने, गैर-कानूनी निर्वासन को खत्म करने और हमारे व्यवसायिक रिश्तों को फिर से मजबूत करने जैसी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगा। कास्ट की जीत ने चिली के लिए एक नए दौर का संकेत दिया, जो 1990 में जनरल ऑगस्टो पिनोशे की खूनी तानाशाही के बाद देश में लोकतंत्र लौटने के बाद पहले कट्टरपंथी दक्षिणपंथ राष्ट्रपति बने। तब से दशकों में दक्षिणपंथ और वामपंथ की सेंट्रिस्ट पार्टियों ने ज़्यादातर बारी-बारी से सत्ता संभाली है।

## लूथरा बंधुओं का केस अब थाईलैंड के अफसरों के पास

**उत्तर गोवा** उत्तर गोवा के अर्पोरा स्थित 'बिर्च बाय रोमियो लेन' नाइटक्लब अग्निकांड में 25 मौतों के मामले में अब कार्रवाई थाईलैंड में आगे बढ़ेगी। सह-मालिक गौरव और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला बैंकॉक कोर्ट में सुना जा सकता है। आग के बाद दोनों फुकेत भाग गए थे, जिन पर इंटरपोल नोटिस जारी हुआ था। उत्तर गोवा के अर्पोरा में स्थित नाइटक्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' में छह दिसंबर को हुए अग्निकांड मामले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हादसे में 25 लोगों की मौत हो गई थी। ऐसे में अब मामले में बड़ी कानूनी कार्रवाई थाईलैंड में होने जा रही है। इस नाइटक्लब के सह-मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा के खिलाफ मामला अब बैंकॉक की एक अदालत में सुना जा सकता है, जहां आगे की कार्रवाई पर फैसला होगा।

# सिडनी गोलीकांड में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16, मरने वालों में 12 साल का बच्चा भी शामिल



**कैनबरा।** सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव के दौरान हुए आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या 16 पहुंच गई है। मृतकों में 12 साल का बच्चा भी शामिल है। 38 लोग घायल हैं, जिनमें कई बच्चे शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में बॉन्डी बीच पर यहूदी समुदाय के हनुक्का उत्सव के दौरान हुए भीषण गोलीकांड ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। इस आतंकी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। मृतकों में एक 12 साल का बच्चा भी शामिल है। रविवार शाम बॉन्डी बीच पर हनुक्का के पहले दिन के आयोजन के लिए सैकड़ों लोग जमा हुए थे। इसी दौरान हथियारबंद हमलावरों ने भीड़ पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। अधिकारियों के मुताबिक यह हमला खास तौर पर यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया। इस हमले में 38 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है। न्यू साउथ वेल्स के स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क ने बताया कि रात भर में मृतकों की संख्या 12 से बढ़कर 16 हो गई। इस हमले की सबसे दर्दनाक बात यह रही कि इसमें एक 12 साल के बच्चे की भी जान चली गई। स्वास्थ्य मंत्री रयान पार्क के अनुसार, तीन अन्य बच्चों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की टीमें घायलों को बचाने की हरसंभव कोशिश कर रही हैं। अधिकारियों ने कहा कि बच्चों के घायल होने से यह हमला और भी ज्यादा अमानवीय और भयावह हो जाता है। अधिकारियों का कहना है कि यह हमला पूरी तरह से सुनियोजित था और इसका मकसद यहूदी समुदाय में डर फैलाना था। हनुक्का जैसे धार्मिक आयोजन को चुनना इस बात की ओर इशारा करता है कि हमलावरों की मंशा साफ तौर पर नफरत फैलाने की थी। ऑस्ट्रेलियाई पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इस घटना को आतंकी हमला मानकर जांच कर रही हैं। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और सुरक्षा कड़ी कर दी गई है।गोलीबारी शुरू होते ही बॉन्डी बीच पर अफरातफरी मच गई। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। कई लोग अपने परिवार के सदस्यों से बिछुड़ गए। चश्मदीदों के मुताबिक गोलियों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा। आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बीच और आसपास के इलाकों को सील कर दिया गया है। इस हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में शोक और गुस्से का माहौल है। सरकार ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना जताई है और दोषियों को सख्त सजा देने का भरोसा दिया है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब दुनियाभर में यहूदी समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## मोरक्को-अल्जीरिया सीमा पर ठंड से 9 अफ्रीकी प्रवासियों की मौत

**रबात।** मोरक्को के रास असफूर में सर्दियों की कड़ाके की ठंड के कारण नौ अफ्रीकी प्रवासी मारे गए, जिनमें सात पुरुष और दो महिलाएं शामिल थीं। मानवाधिकार संगठन ने कहा कि उनके थके शरीर अत्यधिक ठंड सहन नहीं कर सके। मृतकों में एक गिनी का प्रवासी था, बाकी सब-सहारन अफ्रीका से। मोरक्को से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां अल्जीरिया सीमा के पास रास असफूर इलाके में बेहद ठंडे मौसम के कारण नौ अफ्रीकी प्रवासी की मौत हो गई है। यह क्षेत्र सर्दियों में बहुत ठंडा होता है। मरने वालों में सात पुरुष और दो महिलाएं शामिल थीं। ऐसे में मोरक्को के मानवाधिकार संगठन ने चिंता जताते हुए कहा कि उनके थके हुए शरीर अत्यधिक ठंड सहन नहीं कर सके।



जानकारी के अनुसार, इनमें से एक प्रवासी गिनी का था, जबकि बाकी लोग सब-सहारन अफ्रीका के विभिन्न देशों से थे। उनकी पहचान के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं मिली है। मोरक्को की आंतरिक मंत्रालय ने इस मामले पर तुरंत कोई बयान नहीं दिया। इन प्रवासियों की मौत पर मानवाधिकार समूह ने कहा कि मरने वाले छह शव पिछले हफ्ते दफन किए गए और दो शव संबंधियों की मांग पर रखे गए। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी निगरानी की जाएगी। मोरक्को के अन्य मानवाधिकार संगठन ने इस हफ्ते सीमाओं को मानवतावादी बनाने, अवैध प्रवास और निवास को अपराध नहीं मानने और गायब हुए प्रवासियों पर निगरानी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि रास असफूर जैसी त्रासदियों से बचा जा सके। बता दें कि हर साल हजारों प्रवासी बेहतर जीवन की तलाश में उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की ओर अवैध रूप से जाने की कोशिश करते हैं। कुछ स्पेन के छोटे हिस्सों, सीउता और मेलिला तक पहुंचने के लिए बॉर्डर फेंस पर चढ़ते हैं या तैरते हैं। कुछ कैनरी द्वीप तक पहुंचने के लिए लंबा रास्ता लेते हैं। मोरक्को की सुरक्षा एजेंसियां ऐसे प्रयासों को अक्सर रोक देती हैं।

# शिक्षक हितों के लिए सदैव रहूंगा तत्पर : राजेश सिंह

स्वागत एवं परिचय समारोह का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष बनाये जाने पर जनपदीय शिक्षक संघ जौनपुर की तरफ से नगर के एक होटल में शिक्षक परिचय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों द्वारा नव नियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए राजेश सिंह मुन्ना ने कहा कि, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पाण्डेय अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ नई दिल्ली ने प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व प्रदान कर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करुंगा, साथ ही कहा कि, किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा, शिक्षक साथियों के हित में सदैव तत्पर रहूंगा और कंधे से कंधा मिलाकर चलने का पूरा प्रयास करूंगा। साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए आश्वस्त किया कि पूरे प्रदेश में शिक्षकों को और मजबूती से संगठित करते हुए संघ की शक्ति को मजबूती प्रदान करने का काम किया जायेगा। इस अवसर पर संजय सिंह जिला संयोजक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर, सत्य प्रकाश मिश्रा सह संयोजक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर सहित, डा. विजय रघुवंशी, रमेश सिंह राणा, रुद्रसेन सिंह राणा, सिनिद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष यूटा, डॉ हेमंत सिंह महामंत्री यूटा व जनार्दन सिंह, डा. राजेश कुमार मौर्य, संतोष साहू, राकेश कुमार सिंह, अखिलेश यादव, समर बहादुर सिंह, कृष्ण कुमार यादव, अनुपमा राय, नीरज मिश्रा मस्तू गुलाब राय, संजय सिंह, विनोद जायसवाल, मनीष गुप्ता, आनंद राय, मोनू यादव, पत्रकार विद्याधर राय विद्यार्थी आदि मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का सीएमओ ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज/आजमगढ़।** जनपद के सीएमओ डॉक्टर ननकू राम वर्मा ने अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) देवगाँव पर औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल के प्रसूता कक्ष, बेड और साफ सफाई को देखकर और भी सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने दवा की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति का भी जांच किया। सीएमओ को चिकित्सा अधीक्षक ने गार्ड की कमी की समस्या से अवगत कराया। इस पर सीएमओ ने उच्च अधिकारियों से बात कर शीघ्र गार्ड की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। चिकित्सा अधीक्षक देवगाँव डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि खुम्हा देवरी गांव निवासिनी अंजू राम पत्नी साहबराज इलाज के लिए आई थीं। जांच में उन्हें खून की गंभीर कमी (एनीमिया) पाई गई, जिस पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर तुरंत उपचार शुरू कराया गया। निरीक्षण के समय डॉ. अलका शर्मा, डॉ. गरिमा चौधरी आदि सहित समस्त स्टाफ उपस्थित थे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर ननकू राम वर्मा ने प्रेस वार्ता में बताया कि जनपद में बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। सभी सीएचसी/पीएचसी को ओपीडी में सर्दी, खाँसी, बुखार तथा साँस लेने में मुश्किल वाले मरीजों की विशेष निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि फ्लू जैसे लक्षण (जैसे बुखार, खाँसी, गले में दर्द) वाले मरीजों, गंभीर हालत वाले मरीजों तथा श्वसन संक्रमण वाले मरीजों की तुरंत पहचान कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। गंभीर मरीजों के रेफरल के लिए सभी चिकित्सालयों को तैयार रहने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। विभाग द्वारा दवाओं की उपलब्धता, हीटिंग व्यवस्था और गरम पेय जल की निरंतर समीक्षा की जा रही है। डॉ. वर्मा ने बताया कि आशा व एएनएम कार्यकर्ता समुदाय में शीतलहर से बचाव के सरल संदेश दे रहे हैं। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएँ और पहले से श्वसन रोग से पीड़ित लोग विशेष निगरानी में रखे जा रहे है।

## कायस्थ समाज स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है : रजनीकांत

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रांत सहसंयोजक रजनीकांत श्रीवास्तव ने पार्टी के हालिया संगठनात्मक निर्णयों का स्वागत करते हुए कहा कि नीति नवीन जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाना इस बात का सशक्त प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी में योग्यता, समर्पण और परिश्रम के आधार पर किसी को भी शीर्ष नेतृत्व तक पहुँचने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजनीति में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बार फिर अप्रत्याशित एवं ऐतिहासिक निर्णय लेकर नई परंपरा स्थापित की है। यह निर्णय भाजपा की संगठनात्मक मजबूती और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज, जो लंबे समय से भाजपा का कोर वोटर रहा है, इस निर्णय से स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह निर्णय न केवल इतिहास रचने वाला है, बल्कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश की राजनीति में सकारात्मक बदलाव लाने वाला सिद्ध होगा।

# निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व कंबल वितरण का आयोजन



शिविर में 1000 मरीज लाभांवित, 1800 ग्रामीणों व असहाय लोगों को मिले कंबल

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** शहर के मुनीम जी कोल्ड स्टोर में स्वर्गीय पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा की पुण्य स्मृति में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व निशुल्क कंबल वितरण का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मीना मिश्रा ने किया। इस मौके पर मीना मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की वजह से लोग नियमित इलाज नहीं करा पाते हैं जिसका दुष्परिणाम काफी घातक होता है। कोई अस्वस्थ या बीमार न रहे इसलिए पिछले कई वर्षों से स्वर्गीय पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा की पुण्य स्मृति में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर व कंबल वितरण का आयोजन प्रमोद कुमार मिश्रा दादा व प्रशांत मिश्र मुनीम जी परिवार के द्वारा पिछले कई वर्षों से जिले के मुनीम जी कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री में किया जा रहा है। गुर्दा पथरी एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ दिलीप कुमार मिश्रा, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनिया भट्ट मिश्रा, वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल शर्मा न्यूरो व स्पाइन सर्जन डॉक्टर मृदुल शर्मा, जनरल फिजीशियन डॉक्टर हेमेंद्र अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर ललित गुप्ता, और डॉ शहराज फिरोज प्रोफेसर बाल रोग विशेषज्ञ व डॉ हयात अंजुम खान के द्वारा संबंधित बीमारियों के एक हजार से अधिक मरीजों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा वितरण किया गया। निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर में आए हुए अतिथियों व आगंतुकों का प्रशांत मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया इस मौके पर अनिल दिक्षित, पन्नू दीक्षित, मनू सहगल, कमलेश दीक्षित, आनंद मिश्रा ,सुशील दुबे,अंकित दीक्षित, देश दीपक,अभिषेक, आदि लोग मौजूद रहे।

# जिला कारागार का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एक जेल एक प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत ब्लैक पॉटरी से संबंधित उत्पादों का उत्पादन कराया जाए। उन्होंने कहा कि कैदियों को कौशल विकास से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया जाए, जिसका लाभ उन्हें आने वाले समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिन कैदियों की पैरवी अधिवक्ता के अभाव में नहीं हो पाती है, उन्हें सरकारी अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके मुकदमों की प्रभावी तरीके से पैरवी हो सके। जिलाधिकारी ने बैरक की तलाशी कराई, जिसमें कोई प्रतिबंध वस्तु नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि उच्च सुरक्षा बैरक की निगरानी सीसीटीवी द्वारा कराये तथा विशेष सतर्कता दिखाएं। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कैदियों के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी लेकर समय-समय पर स्वास्थ्य का प्रशिक्षण कराते रहने के निर्देश जेल के अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कारागार के अधिकारियों को जेल की नियमित साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक एवं जिला कारागार के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ऑटो पलटा, भारी मात्रा में गोमांस बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के पथरा गांव में देर रात गोमांस से लदा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। करछना की ओर से आ रहे इस ऑटो के पलटने पर ग्रामीणों ने मदद के लिए दौड़ लगाई। भीतर देखने पर पता चला कि उसमें इंसानी सामान की जगह गोमांस के टुकड़े भरे हुए थे। इस घटना से अवैध गोमांस तस्करी का खुलासा हुआ। ग्रामीणों का सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ऑटो में पांच तस्कर सवार थे, जिनमें से चार अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके से केवल एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इस घटना के बाद क्षेत्र में गौ तस्करी के खिलाफ लोगों में आक्रोश फैल गया। इस खुलासे के बाद सोमवार को गौ रक्षा संकल्प से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मेजा थाने का घेराव किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि मेजा और कोरांव क्षेत्र में गौ तस्करों का कारोबार बेखौफ चल रहा है।

# सीएम मोहन यादव ने राज्यमंत्री गिरीशचन्द्र के घर तेरहवी मे पहुंच कर दिवंगत पिता को दी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

घर में परिजनों से मिलकर बधाया ढाढस

नेताओं कार्यकर्ताओं से मिलकर किया अभिवादन

**जौनपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सोमवार को 1:38 बजे राज्यमंत्री गिरीशचंद यादव के घर आयोजित तेरहवी मे समसपुर पनियरिया में 3 घंटे बिलम्ब से पहुंचे और उनके पिता स्वर्गीय सवधु यादव के निधन पर शोक जताते हुए उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि दिया। इसके बाद वह सीधे घर के अंदर उनकी माता रजपत्ती समेत परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढाढस बधाते सत्वना दी। और सहयोग का भरोसा दिया। करीब आधे घंटे तक परिजनो से मुलाकात के बाद वह घर के बाहर निकले, उन्होंने पुलिस रस्सी घेरा के अंदर होकर वहां मौजूद भीड़ व कार्यकर्ताओं से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। उसके बाद पंडाल में जाकर लोगों से अभिवादन किया जनप्रतिनिधियों से बातचीत की। वहां मौजूद भीड़ मे सेल्फी भी देने में सहयोग किया।

इस दौरान वह प्रेस वार्ता में उन्होंने बोला कि मैं महाकाल की धरती से हूं और बाबा विश्वनाथ की धरती पर आया था, यहां दर्शन पूजन के बाद में अपने मित्र राज्यमंत्री गिरीशचन्द्र के पिता के निधन पर श्रद्धांजलि देने आया था और उनके परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद में मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया और सीधे चलते बने।

हालांकि मुख्यमंत्री मोहन यादव सीधे फॉर्च्यूनर कार में बैठकर हेलीपैड स्थल की ओर रवाना हो गये। जहां करीब 2 .15 पर वह हेलिकॉप्टर से वाराणसी एअरपोर्ट के लिए रवाना हो गये। इसके पूर्व हेलीपैड स्थल पर भाजपा के नेताओं जनप्रतिनिधियों विधायकों से मुलाकात की,। पुलिस व्यवस्था चाक चौबन्द थी, जिससे कोई अव्यवस्था उत्पन्न नहीं होने पाई। गिरीशचन्द्र यादव से व्यक्तिगत बात करके उन्होंने सांत्वना देते हुए दुख जताया। उधर हेलीपैड स्थल पर मुख्यमंत्री मोहन यादव को भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम भेट किया। इस दौरान जिलाधिकारी दिनेश चंद्र सिंह, एसडीम सदर, विधायक रमेश सिंह, विधायक रमेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर हरिश्चंद्र सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा मौर्य, भाजपा नेता राजदेव यादव, जिला मंत्री राजीव सिंह दादा , दुर्गेश सिंह, प्रशांत सिंह दीपक, राजकेसर पाल , शिवकुमार यादव शिवा, हीरा सिंह,शिक्षक नेता सुभाष यादव उतरही मौजूद रहे।

## गहना कोठी लकी ड्रा में रेशमा को मिली कार



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** नगर के 79 वर्षो से आभूषण व्यवसाय में प्रतिष्ठित संस्थान गहना कोठी का लकी ड्रा धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन दिनेश टंडन ने कहाकि गहना कोठी ग्राहकों की कसौटी पर सदैव खरा उतरा है। इसका श्रेय प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता विवेक सेठ मोनू और विनीत सेठ को जाता है। लकी ड्रा में प्रथम पुरस्कार मछलीशहर की रेशमा रही जिन्हे मारूति अर्टिग्रा पुरस्कार के रूप में मिली। द्वितीय पुरस्कार के रूप में हीरो होंडा बाइक श्रद्धा, सुषमा पाठक, शैला पाठक और कंचन को दी गयी। तृतीय पुरस्कार पाने वालों में कमलेश यादव, अंकित गौतम, लता और आकाश यादव रहे, जिन्हे स्कूटी मिली। चतुर्थ पुरस्कार के रूप में चार लोगों को वाशिंग मशीन, पंचम पुरस्कार के रूप में 50 लोगों को इन्डक्शन चूल्हा और षष्ठम पुरस्कार पाने वालों में 50 विजेताओं को मिक्सर ग्राइंडर मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ विवेक सेठ मोनू, विनीत सेठ, विपिन सेठ, विशाल सेठ ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

## सुरक्षा व्यवस्था पर पुलिस की पैनी नजर

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जहां सभी प्रशासनिक विभाग हाईअलर्ट पर रहे। वह वही एक किलोमीटर के राउंड पर आने जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही थी। खेत खलियानों से लेकर छतो व पेड़ों पर पुलिस मुस्तैद रही वहां से पैनी नजर लोगों पर रख रही थी ।इसके साथ ही सड़क या किसी भी मार्ग से आने जाने वालों की सघन जांच भी की जा रही थी, लोगों की छानबीन कर ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा था ।उधर हेलीकॉप्टर स्थल पर उतरते ही दूर से देखने वाले लोग चिल्लाने लगे, लेकिन सुरक्षा के बीच हेलीपैड स्थल तक कोई नहीं पहुंच सका दूर से ही शोर करते रहे । सादे ड्रेस में महिला व पुरुष पुलिस घर से लेकर बाहर तक भीड़ में भी तैनात थे। राज्यमंत्री के घर से करीब 500 दूर सभी पार्किंग की व्यवस्था की गई थी । वहां से लोग उनके घर तक पैदल ही पहुंच रहे थे।

## सीएम ने भाजपा के जिला मंत्री राजीव सिंह के साथ की सेल्फी



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** भाजपा के जिला मंत्री राजू सिंह दादा घूम घूम कर फोटोग्राफी कर रहे थे और उन्होंने जब मुख्यमंत्री से परिचय दिए कि मैं भाजपा का जिला मंत्री हूं और मैं अपनी फोटो आपके साथ नहीं कर पाया है, सीएम मोहन यादव ने कहा चलिए आपकी फोटो हम सेल्फी के जरिए करते हैं, तो दोनों लोग एक दूसरे की सेल्फी किया । जिस पर लोगों ने उनके इस व्यवहार की सराहना किया लोग उनके इस अदा के कायल भी हो गए।

# यूपीपीएससी के खिलाफ छात्रों का महाआंदोलन

अवधनामा संवाददाता



आयोग पर अभ्यर्थियों के गंभीर आरोप, छात्रों की पुलिस से झड़प, सड़क पर घसीटा, भारी संख्या में पुलिस बल जवान रोकने में लगा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पारदर्शिता की मांग को लेकर सोमवार को प्रयागराज में माहौल गरमा गया। बड़ी संख्या में प्रतियोगी छात्र-छात्राएं लोकसेवा आयोग के गेट नंबर दो के बाहर एकत्र हुए और हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि भर्ती परीक्षाओं में जवाबदेही की कमी है और आयोग उनकी जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज कर रहा है। इस दौरान उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सामने छात्रों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प हो गई। जमकर धक्का-मुक्की हुई। छात्र गेट के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहे थे, जिससे सड़क पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। जाम खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और छात्रों को वहां से हटाने लगा, लेकिन छात्रों ने हटने से मना कर दिया। पुलिस ने जब उन्हें उठाने की कोशिश की तो झड़प हो गई। काशी के छात्र अखिलेश यादव पुलिसवालों से भिड़ गए। पुलिसवालों ने उन्हें सड़क पर घसीटा और टांगकर वहां से हटाया। इस दौरान एक दरोगा भी सड़क पर गिर गया। फिलहाल, छात्रों को रोकने के लिए आरएएफ, पीएसी और पुलिस के करीब 300 जवान तैनात हैं। आयोग के गेट के बाहर बैरिकेडिंग कर दी। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। अभी 200 से ज्यादा छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं और उनकी संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। छात्रों का कहना है कि पीसीएस प्री-2024 और आरओ-एआरओ प्री-2023 के रिजल्ट में लोक सेवा आयोग ने पारदर्शिता नहीं बरती है। उनकी मांग है कि रिजल्ट जारी करने के बाद फाइनल आंसर-की जारी की जानी चाहिए, ताकि छात्र अपने उत्तरों का सही मिलान कर सकें। रिजल्ट जारी होने के बावजूद विभिन्न वर्गों के कट-ऑफ नंबर सार्वजनिक नहीं किए गए हैं, जिससे छात्रों में संदेह और गुस्सा है। छात्रों की यह भी मांग है कि आयोग को सभी पास और फेल छात्रों के नंबर तुरंत सार्वजनिक करने चाहिए, ताकि उन्हें पता चल सके कि वे कहां पीछे रह गए।

### मिला कई प्रतियोगी छात्र संगठनों का समर्थन

इस आंदोलन को हुंकार मंच समेत कई प्रतियोगी छात्र संगठनों का समर्थन मिला। अलग-अलग जिलों से आए छात्र सुबह से ही आयोग परिसर के बाहर जुटने लगे थे। छात्रों ने आयोग के खिलाफ नारेबाजी की और भर्ती प्रक्रिया में सुधार की मांग को लेकर धरना दिया। देखते ही देखते यह प्रदर्शन महाआंदोलन का रूप लेने लगा।

### छात्र की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में एडमिट

प्रदर्शन के दौरान छात्र आशुतोष पांडेय की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, वाराणसी से प्रयागराज आ रहे समाजवादी छात्रसभा बीएचयू इकाई अध्यक्ष हिमांशु यादव समेत कई छात्रों को हिरासत में ले लिया गया है। उन्हें बीएचयू चौकी पुलिस में रखा गया है।

# प्रयागराज प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने आलोक सिंह



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज प्रेस क्लब की आम सभा की बैठक आज दिन में सिविल लाइंस स्थित क्लब कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से क्लब के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। बैठक की शुरुआत में क्लब के अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह ने वर्ष पर्यंत करते गए कार्यों का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। पत्रकार हित में कार्य करने के संकल्प के साथ नई कार्यकारिणी चुनाव हुआ। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से संयोजक पद पर हनुमत सिंह और आलोक कुमार सिंह को प्रयागराज प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना। इसी क्रम में उपाध्यक्ष पद पर सुधीर शुक्ला, सचिव अचिंत्य रंजन मिश्रा, संयुक्त सचिव नवीन सारस्वत, कोषाध्यक्ष आलोक मालवीय, प्रचार सचिव पद पर राजकुमार रॉकी निर्वाचित हुए। बैठक में पत्रकारों एवं पत्रकारिता पर हो रहे हमलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई और सभी लोगों से पत्रकार हित में एकजुट होकर कार्य करने पर बल दिया गया। बैठक में क्लब के सदस्यों की सामूहिक बीमा कराने एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब के संरक्षक अनुपम मिश्रा ने किया। बैठक में अमित श्रीवास्तव, अभिषेक पाण्डेय, वीरेंद्र राज, आनंद राज, शिवपूजन सिंह, विजेंद्र कुमार, सुनील बच्चन, अभय सिंह, गगन जैन सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

## फरीदपुर के प्रधानपति शिवशंकर यादव का निधन

**जौनपुर (जफराबाद) (अवधनामा संवाददाता)** सिरकोनी विकास खंड के फरीदपुर गांव की प्रधान सरिता यादव के पति शिवशंकर यादव का सोमवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और शुभचिंतक उनके आवास पर पहुंच गए, जिससे पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया। परिजनों के अनुसार रविवार देर रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई थी। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां सोमवार दोपहर इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। चिकित्सकों ने मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले शुक्रवार को उसी विकास खंड के किशुनदासपुर गांव निवासी और सुल्तानपुर द्वितीय ग्रामसभा की प्रधान अनिता सिंह के पति अशोक सिंह का भी हार्ट अटैक से निधन हो गया था। चार दिनों के भीतर दो प्रधानपतियों की मौत से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं और लोग स्तब्ध हैं।

# किस पर अपना सर खुजलाऊं डर लगता है

‘काव्य पथ’ की पांचवीं श्रृंखला में काव्य फुहार से माहौल जगमगा उठा



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नगर की साहित्यिक संस्था ‘काव्य पथ’ की पांचवीं श्रृंखला का आयोजन डॉ. प्रकाश खेतान के लाउदर रोड स्थित आवास पर रविवार की देर शाम आयोजित किया गया। संचालन डॉ. खेतान ने और अध्यक्षता डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने किया। इस दौरान काव्य फुहार से पूरा माहौल जगमगा उठा। मौजूद लोगों ने कविताओं का खूब आनंद लिया। अशोक श्रीवास्तव ‘कुमुद’ ने अपनी कविता में सरकारी कामकाज के प्रारूप को दर्शाया-‘जेब गरम जब हुई नज़र कुछ नरमी आई/चुस्त हुए सब शासन जब गरमी आई’। कवयित्री रंजना गुप्ता की कविताओं से सभी को प्रभावित किया ‘हौसले बुलंद कर अपने, फौलादी तू बनता जा।’ डॉ. प्रकाश खेतान की कविताओं ने पूरे माहौल को सजग कर दिया ‘लिखता हूं गुनगुनाता हूं/रात-रात की थकान मंचों पर सुनाता हूं। डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने अपनी ग़ज़ल से नया परिदृश्य प्रस्तुत किया ‘किस-किस पर एतराज जताऊं डर लगता है/किस पर अपना सर खुजलाऊं डर लगता है।’ इसके अलावा अरविन्द सिंह, मिर्ज़ापुर के कवि विवेक सिंह, डॉ. एस.सी. गुप्ता, अनिल अरोरा, राजकुमार चौहान, हितेश कुमार सिंह और कमल किशोर आदि ने भी कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में अरविन्दु कुमार सिंह ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## माघ मेला में गंगा पर बनेंगे अब नौ पीपा पुल

**प्रयागराज।** माघ मेला को देखते हुए यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अब गंगा पर कुल नौ पांटून पुल बनाए जाएंगे। पहले सात पुल बनाने की योजना थी, लेकिन फाफामऊ की ओर दो नए पांटून पुल बनाने का फैसला लिया गया है। इससे लखनऊ की तरफ से आने वाले श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचने में आसानी होगी और शहर में लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। इन पुलों का निर्माण 15 दिनों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और 31 दिसंबर से फाफामऊ की ओर बने पीपा पुलों पर आवागमन शुरू हो जाएगा। फिलहाल फाफामऊ को शहर से जोड़ने के लिए केवल चंद्रशेखर आजाद सेतु ही मौजूद है, जबकि सिक्स लेन पुल का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। माघ मेले में देशभर से करीब 15 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, ऐसे में शहर के भीतर और सेतु पर भारी जाम की आशंका बनी हुई है। फाफामऊ की ओर दो नए पांटून पुल बनने से लखनऊ, रायबरेली, अयोध्या, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ से आने वाले श्रद्धालु सीधे संगम क्षेत्र तक पहुंच सकेंगे और वाहनों का दबाव भी बंट जाएगा।

# अर्पित की पुस्तक तुम्हारा जवाब का विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** साहित्य और संस्कृति के पावन संगम तीर्थराज प्रयागराज में काव्यांगन हिंदी की राष्ट्रीय संस्था के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन एवं ग्रंथ विमोचन समारोह राज्य शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में हुआ। इस साहित्यिक महाकुंभ में देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे कवियों, रचनाकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि नैनी जेल के सीनियर जेल सुप्रिटेंडेंट विक्रम सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार महेंद्र राय ने की। मुख्य अतिथि द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया गया। इसके पश्चात मां सरस्वती एवं काव्यांगन संस्था के संस्थापक डॉ. रामकृष्ण शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। दिल्ली से पधारीं आभा त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने सभागार को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। काव्यांगन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमापति त्रिवेदी ने अभिनंदन ग्रंथ का वाचन किया। मुख्य अतिथि विक्रम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भौतिकता से परिपूर्ण वर्तमान युग में साहित्य मानव मन को संतुलन, संवेदना और संतोष प्रदान करता है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विश्व रिकॉर्ड धारक एवं सुप्रसिद्ध युवा साहित्यकार अर्पित सर्वेश की नवीन पुस्तक ÷तुम्हारा जवाब÷ का भव्य लोकार्पण रहा। साहित्यप्रेमियों की उपस्थिति में संपन्न इस अवसर पर वक्ताओं ने पुस्तक को एक अभिनव, विचारोत्तेजक और आत्ममंथन की ओर ले जाने वाली साहित्यिक कृति बताया। वक्ताओं के अनुसार, अर्पित सर्वेश की लेखनी पाठकों को केवल पठनीय आनंद ही नहीं देती, बल्कि उन्हें आत्मबोध और आत्मानुभूति की एक गहरी यात्रा पर ले जाती है। यह कृति विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक सिद्ध होगी। समारोह के अंत में लेखक अर्पित सर्वेश ने सभी अतिथियों, साहित्यकारों एवं पाठकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुस्तक का उद्देश्य पाठकों के मन में उठने वाले प्रश्नों से संवाद स्थापित कर उन्हें सकारात्मक और सार्थक दिशा प्रदान करना है। उन्होंने अपने प्रकाशक पुष्पेंद्र के प्रति भी विशेष कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश महामंत्री डॉ. संतोष शुक्ल, उत्तर प्रदेश सेवा चयन बोर्ड के सदस्य डॉ. राधा कृष्ण दीक्षित, प्रधानाचार्य पवन तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्य का विधान परिषद सदस्य ने किया लोकार्पण



**आजमगढ़।** विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि योजनांतर्गत शिक्षा क्षेत्र पल्हनी के सिकरौरा स्थित पीएम कंपोजिट विद्यालय में बच्चों के लिए दो लाख की धनराशि से निर्मित फर्नीचर व टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण बतौर मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप इन प्राथमिक विद्यालयों की दशा सुधारने के क्रम में एक प्रयास मात्र है। मेरे द्वारा 50 प्राथमिक विद्यालयों में विधान मंडल निधि से कार्य कराया गया। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के क्रम में इन शासकीय विद्यालयों की प्राथमिक व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए जन प्रतिनिधियों को भी स्वयं ही आगे आना चाहिए। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा, विद्यालय प्रधानाध्यापक शशिकला द्विवेदी, सीमा त्रिपाठी, पल्हनी अध्यक्ष राजेश सिंह, मंत्री संतोष राय, संरक्षक रविंद्र नाथ यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेंद्र दत्त शुक्ल, विमलेश कुमार राय, अनिल तिवारी, प्रधान सतीश चौहान आदि।

# कुबेरस्थान की टीम ने गोपालगंज को 6 विकेट से हराकर जीता उदघाटन मैच

**तमकुहीराज में टी.आर.एल. कप का शुभारंभ, सीओ तमकुही ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला**

अवधनामा संवाददाता


मैच का उद्घाटन करते सीओ तमकुही

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के दाहूगंज बाजार स्थित मिनी स्टेडियम के खेल मैदान पर टी.आर.एल. कप एवं शाही रथ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का सोमवार को शानदार आगाज हुआ। उत्तर प्रदेश और बिहार की आठ टीमों की सहभागिता से शुरू हुए इस टूर्नामेंट ने पहले ही दिन क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर दिया।

उद्घाटन मुकाबला मुनमुन इलेवन गोपालगंज और सी पी हॉस्पिटल कुबेरस्थान के बीच खेला गया। टॉस जीतकर सी पी हॉस्पिटल कुबेरस्थान की टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी मुनमुन इलेवन गोपालगंज की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 7 विकेट पर 258 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। मुनमुन इलेवन की ओर से रिंकू यादव ने विस्फोटक अंदाज़ में बल्लेबाजी करते हुए 37 गेंदों पर 124 रन बनाए, जिसमें 15 गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। वहीं विनय यादव ने भी तूफानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 18 गेंदों पर 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली, जिसमें 10 छक्के लगाए। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी सी पी हॉस्पिटल कुबेरस्थान की टीम ने बेहतरीन सामूहिक प्रदर्शन करते हुए मुकाबले को अपने कब्जे में ले लिया। टीम ने 14वें ओवर में ही 259 रन बनाकर 6 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जीत के नायक रवि सिंह रहे, जिन्होंने 30 गेंदों पर 96 रन की विस्फोटक पारी खेली। साथ ही गेंदबाजी में तीन ओवर में एक विकेट भी चटकाया। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया।मैच की आंखों देखी कमेंट्री दिनेश चौहान एवं सच्चिदानंद यादव ने की, जबकि अंपायर की भूमिका कुलदीप यादव और मनीष ने निभाई। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज राकेश प्रताप सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल भावना से खेलने का संदेश दिया और आयोजन समिति की सराहना की। प्रतियोगिता का अगला मुकाबला राजपुर और बगहा (पश्चिम चंपारण) की टीमों के बीच खेला जाएगा।

# एसआईआर के कार्य को पूर्ण कराने हेतु 26 दिसम्बर 2025 तक समय-सीमा बढ़ायी गयी है : अपर आयुक्त

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य को पूर्ण कराने हेतु 26 दिसम्बर 2025 तक समय-सीमा बढ़ायी गयी है। उक्त जानकारी देते हुए अपर आयुक्त (प्रशासन) मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि ऐसी स्थिति में आयुक्त कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियन्त्रण कक्ष का कार्य भी दिनांक 26 दिसम्बर 2025 तक पूर्व निर्धारित कार्यो के अनुसार चलता रहेगा।

उन्होने बताया कि दिनॉक 12 से 16 दिसम्बर 2025 तक सम्बद्ध लिपिक, कार्यालय उपनिदेशक पंचायत अनिल कुमार तथा दिनॉक 17 से 21 दिसम्बर 2025 तक कनिष्ठ सहायक, कार्यालय उपनिदेशक समाज कल्याण किरन गुप्ता तथा 22 से 26 दिसम्बर 2025 तक वरिष्ठ सहायक, कार्यालय संयुक्त विकास आयुक्त सौरभ कुमार को प्रातः 10 से सायं 05 बजे तक आयुक्त कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियन्त्रण कक्ष में ड्यिुटी लगायी गयी है। उन्होने बताया कि सम्बन्धित कर्मचारी जनपद बस्ती, संत कबीर नगर एवं सिद्धार्थनगर के निर्वाचन कार्यालय से सत्त समन्वय बनाये रखेगे तथा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचनाएं आयुक्त के कैम्प कार्यालय एवं निर्वाचन सहायक अमित कु?मार उपाध्याय को ससमय अवगत करायेंगे। सम्बन्धित कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया है कि नियन्त्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए ससमय प्रकरण का निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे।उन्होने बताया कि उक्त कर्मचारीगण यदि अवकाश लेते है, तो अपने प्रतिस्थानी को अनिवार्य रुप से सूचित करेंगे। उक्त तैनात कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश लेने की स्थिति में वरिष्ठ सहायक कार्यालय संयुक्त विकास आयुक्त जीतेन्द्र कुमार को प्रतिस्थानी के रुप मे ड्यूटी लगायी जायेंगी।

## जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 16 को

**बस्ती।** डीएम की अध्यक्षता में औद्योगिक इकाईयों एवं व्यापारियों की समस्याओं पर विचार तथा निराकरण के संबंध में कलेक्टेªट सभागार में 16 दिसम्बर 2025 को अपरान्ह 12.30 बजे से जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक आयोजित की जायेंगी।

# किसान नेता अवधनाथ ठकुराई ने गन्ना किसानों के बीच मनाया जन्मदिन

**ट्रैक्टर के बोनट पर केक काटना बना चर्चा का विषय**

अवधनामा संवाददाता


जन्मदिन पर किसानों को केक खिलाते किसान नेता अवधनाथ

**सेवरही, कुशीनगर।** स्थानीय नगर पंचायत सेवरही स्थित दी यूपी शुगर कंपनी सेवरही के गन्ना यार्ड (पार्किंग ग्राउंड) में तमकुहीराज विधानसभा के किसान नेता अवधनाथ ठकुराई ने अपना जन्मदिन गन्ना किसानों के बीच मनाया। वे समाजवादी पार्टी के नेता एवं स्वर्गीय रामचन्द्र ठकुराई जन कल्याण सेवा संस्थान के प्रबंधक भी हैं।

सोमवार को तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता अवधनाथ ठकुराई द्वारा आयोजित अपने जन्मदिन के अवसर पर गन्ना लेकर पार्किंग ग्राउंड पहुंचे किसानों के सम्मान में भव्य सहभोज का आयोजन किया गया। इस दौरान वे अपने जन्मदिन को अलग तरीके से मनाते हुए यार्ड में आई गन्ना लदी ट्रैक्टर के बोनट पर केक को काटे।कार्यक्रम के दौरान किसान नेता अवधनाथ ठकुराई ने कहा कि किसान अन्नदाता है,समाज की रीढ़ हैं, और उनके हितों की रक्षा के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहेंगे। किसानो के सुख-दुख में साथ खड़ा रहना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उक्त आयोजन में पार्किंग यार्ड में पहुंचे बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता करते हुए श्री ठकुराई द्वारा मिले आत्मीयता की बेहद प्रशंसा की। किसानों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना मजबूत होती है।किसानों ने आपसी संवाद के माध्यम से अपनी समस्याएं भी उनसे साझा कीं। इस दौरान मुख्य रूप से मायाशंकर त्रिगुणायत, महेश सिंह कुशवाहा, सपा नेता अब्दुल मन्नान, रामाशंकर कुशवाहा, अरविंद यादव, लल्लन सिंह पटेल, कांछा प्रसाद गोंड, पन्नालाल यादव, कपिलदेव कुशवाहा, विजय गोंड, एड चन्द्रशेखर पासवान, जावेद अंसारी, होरिल यादव, पुष्कर यादव, नौशाद खान, कृष्णा यादव, उपस्थित रहे।

# कुशीनगर का वोटर मैराथन : 26 दिसंबर तक रेस खत्म करो, वरना नोटिस की धमकी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले में चुनावी मैदान गरम है। निर्वाचन आयोग ने स्ढ्ढक्र (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) का काम पूरा करने के लिए 26 दिसंबर तक समय बढ़ा दिया है। बीएलओ और सुपरवाइजर रात-दिन जुटे हैं, लेकिन मैपिंग की रेस में अभी भी लाखों वोटर पीछे छूट गए हैं।

आइए, इस रोचक कहानी में गोता लगाएं। जहां अधूरे फॉर्म और पुराने ब्यौरे मैदान को उलझा रहे हैं, मैपिंग का जाल, 5 लाख वोटर फंसे, रेस में कौन आगे? कल्पना कीजिए, एक विशाल चुनावी मैदान जहां 26,95,030 वोटर दौड़ लगा रहे हैं। सात विधानसभा क्षेत्र पडरौना सदर, खड्डा, रामकोला, फाजिलनगर, कुशीनगर, हाटा और तमकुहीराज में एसआईआर का विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। बीएलओ ने हर बूथ पर फॉर्म बांट दिए, और 21,82,093 वोटरों ने इन्हें जमा भी कर दिया। लेकिन 5,12,596 वोटर अभी भी एसडी सूची में अटके हैं। समस्या? 2003 का सही ब्योरा न भरना और अधूरे फॉर्म। इनकी गड़बड़ी न सुधरी तो नोटिस थमेगा। जैसे रेस में लंगड़ाकर दौड़ने वालों को ष्ठक्त (डिसक्वालिफाई) कर दिया जाए। बीएलओ तेजी से फॉर्म अपलोड कर रहे हैं, लेकिन समय कम, दबाव ज्यादा। दस्तावेजों का खजाना~ ये %गोल्डन की% लाएं, मैपिंग अनलॉक। मैराथन जीतने के लिए सही इक्विपमेंट जरूरी।

**उम्र का ट्विस्ट :** 2004 बाद जन्मे, मम्मी-पापा की आईडी लाओ! जन्म 2 दिसंबर 2004 के बाद? स्वयं के अलावा माता-पिता की जन्मतिथि या स्थान का प्रमाण दो और 1 जुलाई 1987 से पहले जन्मे? जन्मतिथि-स्थान का सॉलिड प्रूफ लाओ।

**दस्तावेज जमा करो और रेस जीतों:** वोटर लिस्ट को चमकदार बनाने के लिए कोई फर्जीवाड़ा नहीं

26 दिसंबर डेडलाइन नजदीक आ रही है। कुशीनगर के वोटर, अभी भी समय है, फॉर्म पूरा करो, दस्तावेज जमा करो, और रेस जीतो।

## वोटरों को ये दस्तावेज जमा करने होंगे, जैसे हीरो की फिल्म में मैजिक आइटम

1 जुलाई 1987 से पहले के सरकारी, बैंक या डाकघर के पहचान पत्र, प्रमाण पत्र। स्थायी निवास प्रमाण पत्र या अन्य अधिकार प्रमाण। केंद्र/राज्य/सार्वजनिक उपक्रम कर्मचारी का आईडी, पेंशन भुगतान आदेश। जन्म प्रमाण पत्र (सक्षम अधिकारी से), पासपोर्ट, 10वीं की मार्कशीट। तहसील से OBC/SC/ST/जाति प्रमाणपत्र। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC)। ये जमा करो, मैपिंग हो जाएगी, स्मूथ जैसे पजल का आखिरी पीस लग जाए।

# उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा संघ बस्ती का संयुक्त धरना आन्दोलन दूसरे दिन भी जारी रहा



बृजेश कुमार शुक्ल

**बस्ती।** कामरेड अशर्फीलाल एवं राम सकल मौर्या की अध्यक्षता में उ0प्र0 बिजली कर्मचारी संघ मण्डल कमेटी बस्ती एवं उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन निविदा/संविदा संघ बस्ती का संयुक्त धरना आन्दोलन अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल बस्ती के कार्यालय पर धरने का दूसरा दिन जारी रहा। धरने को सम्बोधित करते हुए कामरेड अशर्फीलाल ने कहा कि यह धरना तब तक चलता रहेगा जब तक आदेश सं0-295 दिनांक 15 मई 2017 एवं आदेश सं0-1028 दिनांक-11.05.20 का पालन नहीं किया गया। धरने को सम्बोधित करते हुए नकुल चौधरी ने कहा कि आप लोग संगठित होकर धरना चलाये एक न एक दिन आपकी मांगों को अधीक्षण अभियन्ता द्वारा मानना पड़ेगा। धरने के दौरान राम सहाय ने आदेश सं0-295 दिनांक 15 मई 2017 एवं आदेश सं0-1028 की विस्तृत जानकारी दी। धरने मे अश्विनी सिंह, जगदम्बा प्रकाश, रमेश चन्द्र, उपाध्याय, विजय कुमार, रमजान अली, शैलेष यादव, सूर्यप्रकाश, अभिनव दूबे, पीयुष कुमार, राजीव कुमार, रामकृष्ण, बलिराम, अष्टभुजा, राकेश गौड़, इन्द्रदेव, अरविन्द, आकाश विश्वकर्मा, जगनारायन सिंह उपस्थित रहे।

# मोतीचक में आवारा कुत्तों के काटने से सात लोग जख्मी, एक रेफर

अवधनामा संवाददाता



**मथौली, कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक अंतर्गत विभिन्न गांवों में सोमवार को आवारा कुत्तों के काटने से सात लोग जख्मी हो गए। जख्मी सभी लोगों को सीएचसी भर्ती कराया गया जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया।

बता दें कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर में रखने का सख्त निर्देश दिया था लेकिन कुशीनगर जनपद में कहीं भी डॉग शेल्टर नहीं बनाया गया है जिससे ये आवारा कुत्ते लोगों को काटकर जख्मी कर दे रहे है। मोतीचक में सोमवार को आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। इसमें मठिया उर्फ अकटहां निवासी श्यामा (17) वर्ष, सुरेश मिश्र (44) निवासी बेलवनिया, अंश (9) वर्ष निवासी नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 16 लोहेपार घीवहीं, आयुष (10) निवासी रोहुआ मच्छरगांवा, रामदुलारे (70) निवासी कोड़रा, सुदामा (65) वर्ष निवासी बेदुपार व बनारसी यादव (50) निवासी सोडरा आदि को गांव में घूम रहे आवारा कुत्तों ने काटकर जख्मी कर दिया। सभी जख्मी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने रेबीज का टीका व प्राथमिक उपचार करने के बाद छह लोगों को डिस्चार्ज कर दिया गया जबकि 50 वर्षीय रामदुलारे की हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। उधर कुत्तों के काटने से ग्रामीण दहशत में है, खेत में आने जाने से लोग काफी सहमे हुए है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर में रखने की मांग किया है।

# निपुण प्लस एप पर बच्चों का नियमित आकलन करें शिक्षक



अवधनामा संवाददाता

**भादर/अमेठी।** सोमवार को भादर, मुसाफिर खाना, अमेठी और जगदीशपुर में खंड शिक्षा अधिकारियों और ए आर पी समूह ने संकुल शिक्षकों के साथ बैठक कर एक महीने की कार्ययोजना की जानकारी दी।

बैठक में निपुण प्लस एप पर बच्चों के नियमित आकलन? पर सबसे अधिक जोर दिया गया। सभी विद्यालयों को अर्धवार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कराने और कर्मयोगी पोर्टल पर निर्धारित प्रशिक्षण समय में पूरा करने और राष्ट्रीय आविष्कार अभियान परीक्षा के बच्चों को तैयार कराने के निर्देश दिए गए हैं।

बैग लेस डे/नो बैग डे का आयोजन निर्धारित शनिवार को करने और उसकी फोटो पोर्टल पर अपलोड करने पर जोर दिया गया। ब्लाक संसाधन केंद्र भादर में ए आर पी देव? प्रकाश शुक्ल, चिंता मणि उपाध्याय, राजेन्द्र कुमार,सी बी तिवारी ने संकुल शिक्षकों के साथ बैठक की। अनिल सोनी,देवांशु सिंह, विनोद मिश्रा, इन्द्र पाल, रोहित प्रताप सिंह,अलख मिश्र नोडल संकुल के साथ प्रीति जायसवाल, रागिनी श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। ब्लाक संसाधन केंद्र पर बैठक में एस आर जी राकेश मिश्रा भी मौजूद रहे। बैठक के बाद उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम का निरीक्षण किया और कक्षा दो? की कक्षाध्यापक सुश्री संध्या गुप्ता? के समक्ष कक्षा दो के बच्चों के सीखने के स्तर की जानकारी ली।

# शीतलहर से बचाव के लिए जिले में अलर्ट, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य व राहत व्यवस्थाएं चकाचक

**ठंड व घने कोहरे को लेकर व्यापक तैयारियां, सभी विभागों को समन्वित कार्यवाही के निर्देश**

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुशीनगर द्वारा संभावित शीतलहर, घना कोहरा एवं अत्यधिक ठंड से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत जन-धन की सुरक्षा हेतु समस्त संबंधित विभागों को समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जनपद की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए ठंड एवं कोहरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं, स्वास्थ्य समस्याओं, पशु हानि तथा जनजीवन प्रभावित होने की आशंका रहती है, जिस पर समय रहते ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सड़कों की मरम्मत एवं गड्ढों को तत्काल भरा जाए, रोड सर्फेस मार्किंग, रिफ्लेक्टर, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, संकेतक बोर्ड एवं स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त रखा जाए। प्रमुख चौराहों, ब्लैक स्पॉट्स, मोड़ों व दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए। नगर निकाय/लोक निर्माण विभाग/एनएचएआई/जिला पंचायत द्वारा सभी कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं। कोहरे के दौरान सड़क सुरक्षा के लिए चेतावनी संकेत, वाहनों में रिफ्लेक्टर, 'स्लो स्पीड' एवं 'हेडलाइट ऑन' जैसे संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। पुलिस, परिवहन विभाग एवं संबंधित एजेंसियां संयुक्त रूप से यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखें। ठंड से बचाव हेतु असहाय, निराश्रित एवं कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अलाव/कंबल वितरण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रैन बसेरे पूर्ण संसाधनों के साथ 24म7 संचालित रहें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय स्टाफ व सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए 24म7 सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। अग्निकांड की आशंका को देखते हुए लोगों को हीटर, अंगीठी, कोयला, लकड़ी आदि के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। अग्निशमन विभाग आवश्यक संसाधनों के साथ सतर्क रहे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं।

पशुओं के संरक्षण हेतु पशु चिकित्सालयों में दवाइयों की उपलब्धता, टीकाकरण, पशु शेड/आश्रय की व्यवस्था तथा पशुपालकों को ठंड से बचाव संबंधी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में विद्यार्थियों को ठंड से बचाव, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाए। कृषि विभाग किसानों के लिए मौसम आधारित फसल परामर्श (क्रॉप एडवाइजरी) समय-समय पर जारी करे। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए जनहित में कार्यवाही करें। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, कुशीनगर द्वारा समस्त व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जाएगी।

# दुनिया से अलग हुए महात्मा रामसुखदास, निधन पर बसपा नेताओं ने जताया शोक

**अमेठी।** कबीर पंथ के प्रखर अनुयायी और बसपा के सेक्टर अध्यक्ष रामू के पिता रामसुखदास के निधन पर पार्टी नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। राम सुख दास पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे, इलाज के दौरान सोमवार को उनका निधन हो गया।

बसपा के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती, बसपा के पूर्व जिला प्रभारी संजय कुमार, विधानसभा प्रभारी शमशेर बौद्ध, विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद, भैय्या राम यादव, कमलेश कुमार,शिव बालक ,किशन सिंह गौतम, वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम चन्द्र सरस, उपाध्यक्ष कुल रोशन? एडवोकेट महामंत्री रामचंद्र, कोषाध्यक्ष त्रिभुवन दत्त, मंत्री ललित कुमार,विधिक सलाहकार प्रमोद कुमार एडवोकेट, बामसेफ के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश अकेला, श्याम लाल, श्याम कुमार, नरेन्द्र कुमार,राम प्रसाद, सुनील कुमार, डॉ नन्हे लाल, वैरागी राम भारती राम प्रताप , रमेश कुमार ,किसुन पाल आदि ने निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने इलाज के लिए की आर्थिक मदद



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी ।** सोमवार को उद्योगपति जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए और इलाज के लिए50000 की आर्थिक मदद दी।

जानकारी के मुताबिक सावित्री यादव निवासी गांव सेमरा विकासखंड भेटुवा जिनका इलाज ट्रामा सेंटर लखनऊ से चल रहा है इलाज में समस्या आ रही थी जिसको देखते हुए इन्हें इलाज में 25 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी गयी है इन्हीं के साथ शक्ति मोदनवाल की पत्नी के इलाज के लिए भी राजेश ने 25000 की आर्थिक मदद दी है।

इस मौके पर राजेश ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा के भाव से काम करते हैं उपरोक्त लोगों को इलाज में कोई दिक्कत ना आए इसके लिए वह हर संभव मदद करेंगे और जो भी आवश्यकता होगी मुख्यमंत्री राहत कोष से भी इनकी मदद करायेगे राजेश ने कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष से उससे जरूरतमंदों को बड़ी मदद मिल रही है बड़ी राहत है मैं यही कामना करूंगा की ऐसी व्यवस्थाएं जरूर काम रहे ताकि गरीबों , पीड़ितों को इसका लाभ मिलता रहे। एक सवाल के जवाब में राजेश ने कहा कि मैं लोगों से यही अपील करूंगा कि जो सक्षम लोग हैं ऐसे लोगों की मदद के लिए उन्हें आगे आना चाहिए प्रभु ने उनको जिस लायक बनाया है उसमें कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

# पति की मौत के साल भर बाद एनएचआरसी के आदेश से रोशन हुआ जीवन

**न्याय जिंदा है**

शकील अहमद


पीड़िता माला अपने मासूम बच्चों के साथ

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** जिले के जंगल खिरकिया गांव में आज भी एक बंद घर, उस पर रखा लकड़ी का बोझ और भीतर पसरा सन्नाटा एक दर्दनाक कहानी बयान करता है। यह कहानी है शैलेश मुसहर की संदिग्ध हालात में मौत के बाद उसकी पत्नी माला देवी की, जो पति के जाने के बाद न सिर्फ सहारा खो बैठी, बल्कि रोजी-रोटी, जमीन और सम्मान-तीनों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हो गई। अब करीब एक साल बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के आदेश ने माला के जीवन में न्याय की रोशनी जगाई है।

पीड़िता माला बताती है कि जंगल खिरकिया गांव निवासी शैलेश मुसहर की 17 सितंबर 2024 की रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उस वक्त माला देवी पर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। वह बताती है कि पति की मौत के बाद गांव में रहना मुश्किल हो गया। घर में ताला लगाकर, बाहर लकड़ी का बोझ रखकर वह तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बभनौली कोठी गांव में अपने भाई नागेंद्र के घर चली गई। तभी से वह कभी-कभार ही अपने गांव आती है।माला बताती है कि उसके नाम 17 कट्ठा जमीन है, लेकिन पति के इलाज और कर्ज के बोझ तले उसे 70 हजार रुपये में गिरवी रखना पड़ा।

उसे यह तक जानकारी नहीं थी कि पति की मौत के मामले में सरकार की ओर से कोई सहायता भी मिल सकती है। जब उसे बताया गया कि एनएचआरसी के आदेश से आर्थिक मदद मिलने की संभावना है, तो उसकी आंखों में उम्मीद झलक उठी। बोली कि पइसवा मिल जाई त रेहन रखल जमिनिया छोड़ा लेब ग्रामीणों के अनुसार, शैलेश की मौत के बाद माला गांव में टिक नहीं पाई। वह अपने दोनों बच्चों कृष्णा और अंकुश को लेकर भाई के घर रहने लगी। उसका कहना है...जब पति ही नहीं रहे तो किसके सहारे यहां रहती?


**एनएचआइसी का सख्त निर्देश 6 सप्ताह में आर्थिक सहायता और रिपोर्ट तलब :** करीब एक वर्ष की सुनवाई के बाद राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने 4 दिसंबर को कुशीनगर के जिलाधिकारी को एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) नियम, 2016 के तहत पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया है। आयोग ने छह सप्ताह के भीतर आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट भी तलब की है। हालांकि अभी स्थानीय प्रशासन को इस आदेश की प्रति नहीं मिली है। जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव बताते हैं कि आदेश के अनुसार अनुमन्य धनराशि उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा।

## माइक्रोफाइनेंस कर्ज और मारपीट का विवाद, बना मौत का कारण

मामले की जड़ में माइक्रोफाइनेंस कंपनियों का कर्ज बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक माला ने छह माइक्रोफाइनेंस कंपनियों से करीब 2.30 लाख रुपये का कर्ज लिया था। कर्ज को लेकर गांव के ही एक परिवार से विवाद हुआ, जो बाद में मारपीट तक पहुंच गया। मारपीट के बाद शैलेश की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद जब 19 सितंबर 2024 को शैलेश का शव गांव पहुंचा, तो हालात और बिगड़ गए। ग्रामीणों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अंत्येष्टि से इनकार कर दिया और धरने पर बैठ गए। करीब चार घंटे तक चले धरने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर अंतिम संस्कार हो सका। इस मामले में पडरौना कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य का जनपद भ्रमण कार्यक्रम 18 दिसंबर को

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम दिनांक 18 दिसंबर 2025 को प्रस्तावित है । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार महिला आयोग की सदस्य प्रातः 10:30 बजे सर्किट हाउस गौरीगंज पहुंचेंगी, तदोपरांत 11 से 1 बजे तक तहसील गौरीगंज सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगी इसके पश्चात 1:30 बजे जिला अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण तदोपरांत अपराह्न 3 से 6 बजे तक कस्तूरबा गांधी विद्यालय एवं वृद्धाश्रम का निरीक्षण करेंगी। इसके पश्चात विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत सराय भागमानी में चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित होगीं। घरेलू हिंसा या किसी भी प्रकार के उत्पीड़न से पीड़ित महिलाएं अपनी समस्याएं महिला आयोग की सदस्य के समक्ष उपस्थित होकर कर सकती हैं।



# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में चयनित छात्रों ने किया कुशीनगर का शैक्षिक भ्रमण

- **ब्लाक स्तरीय क्विज में चयनित छात्रों को ऐतिहासिक स्थलों से कराया गया परिचय**
- **बौद्ध विरासत के प्रत्यक्ष अनुभव से छात्रों का होगा बौद्धिक विकास : बीईओ**

अवधनामा संवाददाता



**सेवरही, कुशीनगर।** बीएसए डा. रामजियावन मौर्य के निर्देश पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत दुदही विकास खंड के ब्लाक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में चयनित विभिन्न परिषदीय विद्यालयों के छात्रों ने एक्सपोजर विजिट के तहत कुशीनगर का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण का नेतृत्व बीईओ रीता गुप्ता ने किया।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने कुशीनगर के ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व को समझा। उन्होंने महात्मा बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल, रामाभार स्तूप, चाइना मंदिर सहित अन्य स्तूपों, मंदिरों व पुरातात्विक अवशेषों का अवलोकन किया। इन स्थलों के माध्यम से छात्रों को बौद्ध विरासत को निकट से जानने का अवसर मिला, जिससे उनका ज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित न रहकर व्यावहारिक अनुभव से समृद्ध हुआ। इस शैक्षिक यात्रा ने छात्रों को बुद्ध के जीवन, शिक्षाओं व बौद्ध धर्म से जुड़े प्रमुख स्थलों की जानकारी दी। इससे उनमें जिज्ञासा, अध्ययनशीलता व सांस्कृतिक चेतना का विकास हुआ। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक तथ्यों को प्रत्यक्ष देखकर समझा, जो उनके समग्र शैक्षिक विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ। बीईओ रीता गुप्ता ने कहा कि कुशीनगर भ्रमण से छात्रों ने इतिहास व धर्म के साथ-साथ बौद्ध संस्कृति व विरासत का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया, जो समग्र शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग है। इस दौरान प्राशिसं के अध्यक्ष अरुणेंद्र राय, उपाध्यक्ष अशोक यादव, अमित श्रीवास्तव, बालकृष्ण, नरेंद्र शर्मा, शिवशंकर तिवारी, संध्या यादव, मनोहर पटेल, स्वतंत्र सिंह, नूर मोहम्मद, प्रकाशचंद पटेल, मैरुन्नेशा, मीना देवी आदि उपस्थित रहे।

# आकस्मिक निरीक्षण में डीएम ने पाई कई खामियां



■ अनुपस्थित शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जिलाधिकारी बाँदा जे. रीभा ने आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय/उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, महुआ का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के क्लासरूम, डारमेट्री, कंप्यूटर लैब एवं किचन का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के समय विद्यालय की फुल टाइम टीचर दीपिका तिवारी, लेखाकार श्यामकली कुशवाहा तथा हेड कुक सुनीता तिवारी अनुपस्थित पाई गईं। जिलाधिकारी ने इनके अनुपस्थित दिवसों का वेतन अवरुद्ध करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं फुल टाइम टीचर गीता देवी 01 दिसंबर से लगातार अनुपस्थित चल रही हैं, जिनके विरुद्ध कार्रवाई हेतु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा 6 से 8 तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं संचालित पाई गईं।

कक्षा-8 के एक कक्ष में संबंधित अध्यापिका अंजू वर्मा अनुपस्थित मिलीं, जिस पर जिलाधिकारी ने उन्हें कठोर चेतावनी देते हुए भविष्य में लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं के लिए बनाई गई कंप्यूटर लैब को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए गए। उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं पठन-पाठन की जानकारी ली तथा प्रधानाचार्या को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीएम ने विद्यालय के किचन में रखी खाद्य सामग्री—चावल, आटा, मसाले आदि की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वार्डेन को निर्देश दिए कि छात्राओं को नाश्ता, लंच एवं डिनर में गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा खाद्य सामग्री की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। साथ ही स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की वार्डेन एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बीएलओ व सुपरवाईज़र्स के साथ की एसआईआर समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने एएसडी की सूची का पुनः सत्यापन हेतु प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी, राजस्व लेखपाल, राजस्व निरीक्षक व सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की समीक्षा की। समीक्षा में उपजिलाधिकारी नानपारा द्वारा एक एक बीएलओ की स्वयं समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नानपारा ने समीक्षा करते हुए बीएलओ को निर्देशित किया कि सभी ए.एस.डी. मतदाता के फॉर्म की पुनः घर-घर जाकर जांच करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें और उस पर उचित कारण लिखा हो। (मृतक/डबल/शिफ्टेड/अनुपस्थित), सभी ए.एस.डी. फॉर्म पर मतदाता के स्वयं या परिवार के सदस्य के हस्ताक्षर होने चाहिए, ईएफ रिफ्यूज टू साईन किए गए फॉर्म की जांच कर ले तथा बीएलए के साथ उक्त मतदाता के घर-घर जाकर भ्रमण करे यदि सही है तो बीएलए से भी हस्ताक्षर कराए। अगर कोई मतदाता गलती से ए.एस.डी. में दर्ज हो गया है तो उसकी जांच करके रोल बैक कराकर नियमो के अंतर्गत सही कराए, किसी भी पात्र का नाम गलती से भी नहीं कटना चाहिए। इसी के साथ एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी बीएलओ को तार्किक विसंगति के संबंध में भी निर्देशित किया कि आपके द्वारा जिन मतदाताओं की मैपिंग की गई है उन्हीं के आधार पर ये इरर आई है जिसमे 7 प्रकार की लॉजिकल एरर है। आप सभी के बीएलओ ऐप में इन्हीं सातों की मततवत शो हो रहीं है जिन्हें शुद्ध किया जाना है। ठसव ऐप में प्रदर्शित मतदाता अगर सही है और प्रदर्शित इरर गलत है तो आप वेरीफाई कर सकते है।

# ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना सुचारू करें: डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन ने जनपद की ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक अपने कक्ष में आयोजित की, जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, छात्रों और नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें, ई पत्रिकाऐं और सरकारी योजनाओं से सम्बन्धित जानकारी आसानी से मिल सकेगी, जिलाधिकारी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्य को चरणबद्ध तरीके से जनपद की सभी ग्राम पंचायतों को इस योजना के दायरें में लाया जाएगा, इस महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाने के लिए पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग और ग्रामीण विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करके ही इस योजना को सफल बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर इस महत्वपूर्ण अभियान को धरातल पर उतारने और उसकी नियमित निगरानी करने का सख्त निर्देश दिया।

# तिलहर में महिला ने मारपीट व छेड़छाड़ का लगाया आरोप

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** कस्बा तिलहर निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि 11 दिसंबर की शाम करीब 8 बजे कस्बे के ही कुछ लोगों ने उसकी पुत्री और ननद के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला ने बताया कि इसी दौरान कुछ लोग उसकी ननद को जबरन उठाकर ले गए और उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि इस घटना के दौरान उसकी पुत्री के साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ भी की गई।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। महिला का कहना है कि घटना से उसका पूरा परिवार भयभीत है और न्याय की उम्मीद में उसने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू करने की बात कही है। पीड़ित के साथ हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे और हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारी ने कहा कि दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा महिला के साथ मारपीट और छेड़छाड़ गंभीर मामला है इसमें तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर नारेबाजी करते भी दिखे इस मामले में जब थाना प्रभारी तिलहर से बात की गई तो उन्होंने बताया है कि गैर समुदाय से जुड़ा हुआ मामला है मुकदमा दर्ज किया जा चुका है और जांच पड़ताल जारी है।

## मतदाता सूची पर आपत्तियां आमंत्रित

**शाहजहांपुर (अवधनामा संवाददाता)** शाहजहांपुर जिले में पांच लाख एएसडी मतदाताओं की सूची अपलोड कर दी गई है। इस सूची के जारी होने के बाद, संबंधित अधिकारियों ने मतदाताओं से आपत्तियां आमंत्रित की हैं। यह प्रक्रिया मतदाताओं को अपनी जानकारी सत्यापित करने और त्रुटियों को सुधारने का अवसर प्रदान करती है। त्रुटियों को सुधारने का मतदाताओं को अवसर मिला प्रशासन ने एसआईआर के दौरान मिले पांच लाख से अधिक एएसडी (मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट आदि) मतदाताओं की सूची जिला निर्वाचन अधिकारी के पोर्टल पर अपलोड कर दी है। इन पर आपत्तियां मांगीं गई हैं। एसआईआर के दौरान जिले में 23 लाख मतदाताओं में पांच लाख 33 हजार एएसडी मतदाता मिले हैं, जिनका अब दोबारा सत्यापन कराया जा रहा, जिसमें राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों की भी मदद ली जा रही है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजनीश मिश्र ने बताया कि एएसडी विधानसभा व बूथवार सूचियां जनपद के जिला निर्वाचन अधिकारी पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। कोई भी मतदाता shahjahanpur.nic.in deo-portal पर कोई भी व्यक्ति इन मतदाताओं की सूची का अवलोकन कर सकता है। किसी भी आपत्ति या सुझाव को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी या जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

## अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सुल्तानपुर (अवधनामा संवाददाता)**कूरेभार थाना क्षेत्र के ढसेरुआ गांव में रविवार रात एक 55 वर्षीय अधेड़ रमाशंकर कोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनका शव घर के अंदर मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक रमाशंकर कोरी स्वर्गीय राम मिलन कोरी के पुत्र थे। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत्यु के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। मामले की जांच जारी है।

## ग्रामीणों को अब तक नहीं मिला घरौनी प्रमाण पत्र

**बल्दीराय/सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)** तहसील क्षेत्र बल्दीराय की ग्राम पंचायतों में शासन की मंशा के अनुरूप अब तक घरौनी प्रमाण पत्र का वितरण नहीं हो सका है। तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते घरौनी प्रमाण पत्र वितरण की प्रक्रिया कछुआ गति से चल रही है। कई ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व संबंधित लेखपालों द्वारा गांव-गांव जाकर प्रत्येक मकान का सर्वे किया गया था तथा मकान स्वामियों के नाम घरौनी दर्ज की गई थी, लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक उन्हें घरौनी प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए गए। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ ग्राम पंचायतों में केवल दो-चार घरौनी प्रमाण पत्र वितरित कर औपचारिकता पूरी कर ली गई, जिससे ग्रामीणों में भ्रम और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

# होंडा सिटी में बने गुप्त चैम्बर से होती थी गांजा तस्करी

■ महिला समेत तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** जनपद पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक संगठित रैकेट का पर्दाफाश किया है। थाना लंभुआ क्षेत्र में पुलिस ने एक महिला सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध गांजा, नकदी और दो कारें बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार तस्कर होंडा सिटी कार में विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चैम्बर का इस्तेमाल कर गांजा की तस्करी कर रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध वाहन को रोका। तलाशी लेने पर कार के भीतर बने छिपे चैम्बर से 33 किलोग्राम से अधिक अवैध गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित बाजार कीमत 6 लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। इसके साथ ही तस्करी से अर्जित 3 लाख 25 हजार रुपये नकद भी पुलिस ने जब्त किए हैं। मौके से दो कारों को सीज किया गया है, जिनका इस्तेमाल गांजा की ढुलाई में किया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस पूछताछ में तस्करों ने गांजा को एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचाने की बात स्वीकार की है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि गांजा की सप्लाई कहां-कहां की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मामले में थाना लंभुआ पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# एक दिवसीय निःशुल्क वृहद रोज़गार मेला आज

**फिरोजाबाद।** जिला सेवायोजन अधिकारी खुशबू शाक्या ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय, फिरोजाबाद के तत्वावधान में 16-11-2025 को प्रातः 10:00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, जनपद फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क वृहद् रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल तवरहंतेंदहंउ.नच.हवअ.पद एवं दबे.हवअ. पद पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फोटो-आई0डी0 व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा। इस हेतु मार्गव्यय देय नही होगा।

# एसआईआर की प्रगति कें संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बंध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला में निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विधानसभावार एसआईआर की प्रगति कें संबंध में चर्चा की। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल मतदाता 2315538 है जिसमें से एएसडी 533070 चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने मैपिंग के संबंध में बताया कि 1468574 की मैपिंग हो गई है तथा 312278 शेष है। उन्होंने बताया कि घर-घर सर्वे के दौरान जो मतदाता नहीं मिल रहे है, मृतक श्रेणी के है, डुप्लीकेट हैं, पूर्ण रूप से स्थानातरित हो गये है, या गणना प्रपत्रों को वापस देने से इंकार कर रहे है, ऐसे मतदाताओं को वेरीफाइ करते हुए सम्बंधित बीएलओ के द्वारा बनायी गयी एएसडी सूची में सम्मिलित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि अद्यतन एएसडी की सूची उपलब्ध कराई जा रही है इसको अच्छे से सत्यापन कर लें यदि कोई अर्ह मतदाता मिलता है तो उसका फॉर्म 26 दिसंबर तक उपलब्ध करा दे इससे सूची में शामिल किया जा सके। एएसडी सूची में सम्बंधित मतदाता का क्रम संख्या, इपिक नम्बर, मतदाता का नाम, एएसडीडी लिस्ट में डालने का कारण उल्लिखित है। उन्होंने कहा कि यदि बीएलओ के द्वारा अद्यतन एएसडीडी सूची में किसी मतदाता का गलत चिन्हॉकन किया गया है, तो उसकी आपत्ति सम्बंधित बीएलओ अथवा ईआरओ को उपलब्ध करा दें, जिससे सम्बंधित मतदाता का नाम रोलबैक कर दिया जाये।

उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि नए मतदाताओं के नाम सूची में शामिल करने के लिए फार्म 6 भरवारा जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जो भारत के नागरिक विदेश में रह रहे और विदेश की नागरिकता नहीं ली है ऐसे मतदाताओं के लिए फॉर्म 6ए भरना होगा। मतदान के समय पासपोर्ट दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि एएसडी की सूची जनपद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है कोई भी देख सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएमओ कार्यालय के 'कमाऊ पूत' बने चर्चा का विषय



○ अवैध नर्सिंगहोम व पैथोलॉजी सेंटरों पर उठे गंभीर सवाल

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के कुछ चुनिंदा बाबुओं को लेकर चर्चाएं तेज हैं, जिनके भरोसे पूरा कार्यालय चलने की बातें कही जा रही हैं। आरोप है कि खरीददारी शाखा, प्राइवेट अस्पतालों व पैथोलॉजी सेंटरों से जुड़े बाबू, एनएचएम कार्यालय के कर्मचारी सहित आठ से दस ऐसे बाबू हैं, जिनके माध्यम से प्रतिमाह लाखों रुपये की अवैध वसूली की जा रही है। सूत्रों के अनुसार बाँदा जनपद में वर्तमान में लगभग 350 प्राइवेट नर्सिंग होम और 400 से अधिक पैथोलॉजी /डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित हैं, जबकि विभागीय कागजों में महज दो दर्जन के आसपास नर्सिंग होम और चार दर्जन से भी कम पैथोलॉजी सेंटर ही पंजीकृत दर्शाए गए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह खड़ा हो रहा है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर बिना पंजीकरण के नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर किसके संरक्षण में संचालित हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि नियमों को ताक पर रखकर संचालित इन संस्थानों से कथित तौर पर हर माह 'सेटिंग' के नाम पर वसूली की जाती है। इसी वजह से न तो निरीक्षण होते हैं और न ही कार्रवाई, जिससे अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होम और पैथोलॉजी सेंटर बेखौफ होकर मरीजों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी भी संदेह को और गहरा कर रही है। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि कागजों में पंजीकरण नहीं है, तो इन केंद्रों को बिजली, पानी, दवाइयों की आपूर्ति और अन्य सुविधाएं कैसे मिल रही हैं। अब देखना यह है कि शासन-प्रशासन इन गंभीर आरोपों का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराता है या फिर सीएमओ कार्यालय के कथित 'कमाऊ पूत' यूं ही सिस्टम पर हावी बने रहेंगे।

# 462951 बच्चों को पोलियो की खुराक दी जाएगी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** डा. राम बदन राम मुख्य चिकित्सा अधिकारी फिरोजाबाद, द्वारा प्रातः 09:00 बजे उपकेन्द्र मक्खनुपर ब्लॉक धनपुरा फिरोजाबाद पर पल्स पोलिया एस.एन.आई.डी. अभियान 2025 का शुभारम्भ बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया गया. जिसमे डा. के.के. वर्मा जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. अमित यादव चिकित्सा अधीक्षक सामु.स्वा. केन्द्र धनपुरा, डा. राजेश कुमार एस.एम.ओ. डब्लू.एच.ओ.. नवनीत कुमार शर्मा कम्पयूटर सहायक, रामू झा सी.सी.एच., अंकित शर्मा आई.ओ.. अनिल शुक्ला डी.एम.सी. यूनीसेफ, देवेन्द्र यादव जे.एस.आई.. रजत कुमार बी.पी.एम., सन्दीप कुमार बैम आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद फिरोजाबाद में पल्स पोलियो कार्यक्रम बी टीम की समाप्ति तक समस्त ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में चलाया जायेगा। जनपद में पल्स पोलियां एस.एन.आई.डी. अभियान 2025 के अन्तर्गत 0-05 वर्ष तक के कुल 462951 बच्चों को पोलियों की खुराक से अच्छादित किया जायेगा, उक्त अभियान के तहत 1170 स्थाई बूथ एवं अभियान का सफल बनाने हेतु कुल 961 टीमों द्वारा कार्य किया जायेगा।

# धार्मिक मान्यताओं के साथ 48 हिन्दू व 11 मुस्लिम जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जनपद के नगरीय निकाय (नगर पंचाचत फरिहा) एवं विकास खण्ड टूण्डला, नारखी के चिन्हित पात्र जोड़ों के विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत के0पी सिंह मैरिज होम सिकरारी एटा रोड़ टूण्डला में सम्पन्न हुये। जिसमें नगर पंचायत फरिहा के 04, विकास खण्ड टूण्डला के 20, विकास खण्ड नारखी के 35 इस प्रकार कुल 59 जोड़ों उपस्थित हुये। जिनमें 48 हिन्दू जोडे एवं 11 मुस्लिम जोडे इस प्रकार कुल 59 जोड़ों के विवाह उनके धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सम्पन्न कराये गये। उक्त के कार्यक्रम में सम्मिलित हुये जोड़ों को क्रमशः 05 साडी ब्लाउज सहित, 05 पेटीकोट, चुनरी, पैन्ट का कपडा, शर्ट का कपडा, फेंटा-गमछा, चाँदी की पायल (एक जोडी), चॉदी की बिछिया (एक जोडी), स्टील डिनर सैट, प्रेषर कुकर, कढाई, ट्रॉलीबैग, वैनिटी किट, दीवार घडी, सीलिंग फेन, कूल केज, आयरन प्रेस, डबल बेड चादर, 02 पिलो कवर, कम्बल-02, गद्दा-मैट्रेस-02, तकिया-02 नग, सिन्होरा, चूडी, कंगन, ड्राईफरूट्स, मिष्ठान आदि वैवाहिक सामग्री प्रदान की गयी। कार्यक्रम में शिवशंकर शर्मा विधान सभा संयोजक भा0ज0पा0, अनन्त प्रताप सिंह प्रतिनिधि जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0, अवधेश प्रताप सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी के द्वारा सरकार की तरफ से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए वर-वृधू को नये दाम्पत्य जीवन की शुरूआत करने लिए के मंगल कामनाओं सहित शुभकामनाऐं प्रदान की गयी। कार्यक्रम में उपरोक्त जनप्रतिनिधियों के अतिरिक्त श्रीमती राजमती जिला समाज कल्याण अधिकारी, के0एम0 सिंह जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, प्रभात रंजन खण्ड विकास अधिकारी टूण्डला एवं सम्बन्धित नगरीय निकाय के अधिकारी तथा समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति रही। मंच का संचालन प्रेमस्वरूप पारस द्वारा किया गया।

# बहराइच में भूमि अर्जन योजनाओं की समीक्षा, डीएम ने दिए सख्त निर्देश

■ जरवल-बहराइच नई रेल लाइन के लिए 62 गांवों की भूमि होगी अधिग्रहित

■ गोरखपुर-शामली हाईस्पीड कॉरिडोर पर भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया तेज

■ बहराइच बाईपास निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

■ भूमि अर्जन कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिले मे संचालित योजनाओं के भूमि अर्जन कार्यों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई.आर. द्वारा जरवल-बहराइच की प्रस्तावित नई रेल लाइन योजना को पी.पी.टी. माध्यम से दिखाया तथा योजना संबंधी ग्रामों का विवरण प्रस्तुत किया गया योजना में जिले के 62 ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जायेगा।

डीएम श्री त्रिपाठी ने बहराइच खलीलाबाद नई रेल लाइन के बहराइच सेक्शन में प्रभावित 05 ग्रामों की परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन उपलब्ध कराने हेतु वन विभाग को कडे निर्देश दिये गये तथा एन.एच.ए.आई. के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जो भूमि वन विभाग के नाम होनी है उसका प्रस्ताव उपजिलाधिकारी नानपारा को उपलब्ध करा दिया जाय। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि योजना प्रभावित सभी जिन 62 ग्राम में 3डी का प्रकाशन हो गया है उनके राजस्व अभिलेख खसरा खतौनी आदि सक्षम प्राधिकारी को 01 सप्ताह में उपलब्ध कराये।

बैठक में उपस्थित प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. प्रशांत बाजपेयी द्वारा जनपद मे प्रस्तावित गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर की जानकारी उपलब्ध करायी गयी तथा बताया गया कि कारीडोर के निर्माण हेतु बहराइच, कैसरगंज, महसी तहसील के कुल 54 ग्रामों की भूमि प्रभावित होगी। प्रबंध निदेशक एन.एच.ए.आई. द्वारा भूमि अधिग्रहण हेतु सक्षम प्राधिकारी नियुक्ति करने तथा सभी 54 ग्रामों के राजस्व मैप उपलब्ध कराने हेतु पत्र प्रस्तुत किया गया। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को निर्देशित किया की गोरखपुर शामली हाईस्पीड एक्सेस कान्ट्रोल कारीडोर हेतु सक्षम प्राधिकारी नामित किये जाने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की जाये तथा ग्राम के राजस्व मैप उपलब्ध कराये जाये। जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को बहराइच बाईपास के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

समीक्षा बैठक में नगर मजिस्ट्रेट बहराइच, अधिशासी अभियंता प्रान्तीय खण्ड, अधिशासी अभियंता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता रेलवे गोरखपुर, तहसीलदार महसी, नायब तहसीलदर नानपारा, सहायक अभियंता सिचाई विभाग खण्ड-5, सर्वेयर वन विभाग, अधिशासी अभियंता/सर्वेयर एन.ई. आर. व प्रबंध निदेशक एन. एच.ए.आई. बहराइच उपस्थित रहे।

# जीआरपी पुलिस ने एक अभियुक्त को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल

**टूंडला (अवधनामा संवाददाता)** थाना जीआरपी पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को रेलवे स्टेशन टूंडला के तीन व चार प्लेटफार्म से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। थाना जीआरपी प्रभारी निरीक्षक मोनू आर्य के निर्देशन में पुलिस स्टॉफ द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान रेलवे स्टेशन टूंडला प्लेटफार्म तीन व चार के पूर्वी छोर पर एक व्यक्ति खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो घबरा कर भागने लगा तभी पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है। पकड़े अभियुक्त ने अपना नाम छोटे लाल पुत्र श्रीराम निवासी गली नंबर एक कबीर नगर थाना उत्तर फिरोजाबाद बताया है। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक अनेक सिंह, सीआईवी एएसआई विनोद कुमार गौतम, नरेन्द्र पाल सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, कृष्णलाल, मोहित कुमार आदि प्रमुख है।



## सूचना

मै अज़ीज़ अहमद खान पुत्र महमूद खान निवासी मोहल्ला निचला अशराफ़ टोला कस्बा थाना व तहसील संडीला जिला हरदोई का हूँ तथा मेरा पुत्र अब्दुल हमीद खान का आचरण बहुत खराब है वह अपनी मनमानी भी करता है और शराब का सेवन करता है फिर परिवार वालों से मारपीट भी करता है घर का सामान भी चोरी कर के बेच डालता है और मेरे नाम पर दूसरे से उधार भी ले लेता है जिससे क्षुब्ध होकर मै अपने पूरे होसे हवास में अपनी चल व अचल सम्पति से अपने पुत्र अब्दुल हमीद खान को बेदखल करता हूँ अब्दुल हमीद खान के द्वारा किये गए कृत्य वा अकृत्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**अज़ीज़ अहमद खान**
पुत्र महमूद खान निवासी मोहल्ला निचला अशराफ़ टोला तहसील संडीला (हरदोई)

# ग़ाफ़िल अगर रहोगे तो पछताओगें बहुत, कल ढूंढते फिरोगे कि उर्दू कहां गई

**वहाज अली निहाल**

**मुक़ामी मुशायरा में शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर वाहवाही लूटी**



इटावा महोत्सव के विशाल पंडाल में मुक़ामी मुशायरे में कलाम पेश करते रहीस भारती, कन्वीनर मुशायरा इम्तियाज़ अहमद मुख्य अतिथि फुरकान अहमद का सम्मान करते, कलाम पेश करते रौनक इटावी व मंच पर मौजूद शायर।

**इटावा।** इटावा महोत्सव के विशाल पंडाल में रविवार रात्रि को आयोजित मुक़ामी मुशायरा में शायरों ने एक से बढ़कर एक कलाम सुनाकर वाहवाही लूटी। मुशायरे का आगाज़ मुख्य अतिथि फुरकान अहमद पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद ने शमा रौशन कर किया। मुशायरा कन्वीनर एडवोकेट इम्तियाज़ अहमद अंसारी ने मुख्य अथिति की गुलपोशी कर, बैज लगाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सदर मुशायरा सलीम इटावी का सम्मान मास्टर असलम अंसारी ने किया। मुख्य अतिथि श्री अहमद ने इस मौके पर कहा कि मुशायरे और कवि सम्मेलन समाज की सही तस्वीर पेश करते हैं। उन्होंने उर्दू की तरक़्क़ी के लिए इस तरह के मुशायरे साल में तीन-चार बार कराने की सलाह दी। मोबाइल के इस दौर में श्रोताओं की तादाद पर खुश होते हुए उन्होंने मुशायरा कंवीनर की तारीफ की और मुबारकबाद दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शायर सलीम वारसी ने कहा इतने बड़े जहान में अपना कोई तो हो, समझे हमारे दर्द को ऐसा कोई तो हो। उस्ताद शायर साबिर इटावी ने कहा ग़ाफ़िल अगर रहोगे तो पछताओगे बहुत, कल ढूंढते फिरोगे कि उर्दू कहां गई। कवि व शायर अशोक यादव ने कहा तू जुबां से कभी निगाहों से जता देता है तेरा अंदाज तेरे दिल का पता देता है। शायर रियाज़ इटावी ने कहा-छू रहीं आजकल आसमां बेटियां, लिख रहीं हैं नई दास्तां बेटियां। संचालन करते हुए शायर यासीन अंसारी ने कहा हार जाओ तो पूछता है कौन, जीत पर सब बधाई देते हैं। संयुक्त रूप से संचालन करते हुए शायर रौनक इटावी ने कहा माना ये दिल से हमने कि फनकारी आप हैं, हम जानते हैं कितने कलाकारी आप हैं। नदीम अहमद नदीम ने कहा फिर उसकी जद में अपने चिराग़ों को रख दिया, देखे खिलाफ कितनी हवा हमसे हुई है। आरिफ़ सिद्दीकी नूर ने कहा अपना पैग़ाम है सभी के लिए, वक्त रुकता नहीं किसी के लिए। शायर सुहेल अहमद इटावी ने कहा अज्म फौलाद है सरहद भी गवाही देगी, किस की हिम्मत है जो भारत को मिटाने आए। आमिर अंसारी ने कहा अपने जज़्बात को दिल में ही दबा लेते हैं, हम तो दुश्मन को भी गले लगा लेते हैं। अगर मेरे भारत पर डालोगे नापाक नजर, हिन्द के बच्चे भी तलवार उठा लेते हैं। तालिब लईकी ने पढ़ा, मैं छोटा हूँ दिल में बड़े अरमान रखता हूँ। रईस भारती ने पढ़ा, पहन के माँ के कपड़े कहां चलो हो मियां, ये तपता सूरज है ठंडा हिलाल थोड़े ही है। इसके अलावा सैयद हाशिम नईमी, आलोक भदौरिया अर्श, जमाल इटावी, नवाब अहमद अजहर, आमिर हुसैन आमिर, इमरान इटावी, तालिब इटावी, आमिर अफजल जुल्फ़िकार खार सिराज शाहरुख अंसारी आदि शायरों ने अपनी-अपनी शायरी से मुशायरा को सफल बनाया। मुशायरा का शानदार संचालन मशहूर शायर यासीन अंसारी व रौनक इटावी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मास्टर असलम अंसारी, प्रवक्ता कुश चतुर्वेदी, कवि रोहित चौधरी, फिरोज अंसारी, सत्येंद्र सिंह वर्मा, सलिल वर्मा, ओमकार नाथ वर्मा, रिज़वान अहमद, सलीम अंसारी, सुल्तान, इसरार मास्टर, एहसान मास्टर, डुल्ले राजपूत, राजू इकलिल, आलोक दीक्षित, सलीम अंसारी, कामिल कुरैशी, शरद बाजपेई सभासद, दिलशाद अंसारी सभासद, जैनुल अंसारी, फैज़ान वारसी आदि नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गन्ना ढोने में लगे ट्रक एवं ट्रैक्टरों के पीछे प्राथमिकता पर रिफलेक्टर लगवायें: डीएम



**दुर्घटनाओं एवं जनहानि को रोकने के लिए आम नागरिक का जागरूक होना आवश्यक : एसपी**

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** स्वामी विवेकानन्द सभागार में क्रिटिकल कोरीडोर पर प्रभावी कार्यवाही के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि नियमित निरीक्षण के दौरान गन्ना ढोने में लगे ट्रक एवं टैऊक्टरों के पीछे प्राथमिकता पर रिफलेक्टर लगवायें उन्होने कहा कि एआटीओ एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर सभी चौराहों आदि पर नियमित चेकिंग के दौरान लोगों को जागरूक करे तथा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रेरित करें तथा बार-बार नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगायें। बैठक में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं एवं जनहानि को रोकने के लिए आम नागरिक का जागरूक होना आवश्यक है, इस लिए सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें और नशे की हालत में तथा मोबाइल पर बात करते समय वाहन न चलाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 भावनाथ पाण्डे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एआरटीओ प्रशासन व परिवर्तन तथा प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

# सम्मान समारोह में बुद्धजीवी व पत्रकार हुये सम्मानित



इटावा। पत्रकार सम्मेलन/सम्मान समारोह में विधायक सदर सरिता भदौरिया चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज हैंवरा के प्राचार्य डा.शैलेंद्र शर्मा को सम्मानित करती हुई साथ में प्रेस क्लब इटावा के अध्यक्ष दिनेश शाक्य आदि।

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** साहित्यकार, पत्रकार और बुद्धिजीवी समाज के सजग प्रहरी की भांति होते हैं। इनकी भूमिका समाज में बहुत महत्वपूर्ण है। जब-जब देश और समाज को वैचारिक चिंतन की जरूरत पड़ी इस त्रिदेव ने ही दिशा दिखाने काम किया। भाजपा सरकार इस वर्ग के उत्थान के लिए काफी काम कर रही है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मान समारोह में अपने संबोधन में यह बात कही। एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बुद्धिजीवी वर्ग की सक्रियता से पुलिस को बहुत मदद मिलती है। कई बार उन्हें समय पर मिली सूचना से बड़े अपराध रूक जाते हैं, शातिर अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है। इस मौके पर विधायक सदर और एसएसपी ने प्राचार्य चौधरी चरण सिंह डिग्री कालेज हैंवरा के प्राचार्य डा. शैलेंद्र शर्मा, शिक्षा सेवा चयन आयोग की सदस्य डा.सीमा शाक्य, पूर्व उच्च शिक्षा अधिकारी डा.रिपुदमन सिंह, जिला चिकित्सालय के सीएमएस डा.पारितोष शुक्ला, पर्यावरण क्षेत्र में कार्य करने वाले निर्मल सिंह, दिवाकांत शुक्ला, प्रेम शाक्य, महेश सिंह कुशवाहा, वीपी सिंह, शिक्षक अनंत अवस्थी समेत कई लोगों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन को दिनेश शाक्य, विशुन कुमार यादव, ब्रजेश शुक्ला, संजय सक्सेना, नील कमल, रजत कुमार, प्रदीप शर्मा दोस्त, देवेश शास्त्री, हरिश्चंद्र तिवारी ने भी संबोधित किया।

# डीपीएस में स्पोर्ट्स डे का भव्य आयोजन

**विश्व चैंपियन राधा यादव व निखत ज़रीन रहीं मुख्य अतिथि**

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा का दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव बड़ी ही भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ, मुख्य अतिथि के रूप में आई वर्ल्ड चैंपियन स्पोर्ट्स गर्ल अर्जुन अवॉर्ड विजेता राधा यादव और अर्जुन अवॉर्ड विजेता वर्ल्ड चैंपियन शानदार महिला बॉक्सर निखत जरीन के स्कूल आगमन पर स्कूल के ही शानदार बैग पाइपर बैंड ने बेहतरीन मार्च पास्ट के साथ जोरदार स्वागत कर अतिथियों की अगवानी की। उपस्थित सैकड़ों अभिभावकों ने दोनो ही वर्ल्ड क्लास खिलाड़ियों का तालियां बजाकर हाथ हिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया तो दोनो खिलाड़ियों ने भी भी स्कूल के भव्य मंच से हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मंच से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ जिसके बाद विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और इसी क्रम में सीनियर गर्ल्स ने सुंदर सामूहिक भरतनाट्यम प्रस्तुत करते सबकी तालियां बटोरी। अन्य प्रस्तुतियों में झूम बराबर झूम गीत पर बच्चों ने बेहद शानदार सामूहिक प्रस्तुति दी। एसएमजीआई एवम दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने दोनों अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का पूरे डीपीएस परिवार की ओर से गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि, आज आप दोनों के आगमन से हमारा जनपद ही नहीं बल्कि पूरा डीपीएस परिवार भी बेहद ही गौरवान्वित हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी, वर्ल्ड चैंपियन राधा यादव ने कहा कि, मेरा देश की सभी बेटियों को यही संदेश है कि, अपनी बेटियों को बेटों की ही तरह खूब प्यार दें और सपोर्ट करें क्यों कि, वे भी दुनियां में आपका खूब नाम रोशन कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर, वर्ल्ड चैंपियन निखत जरीन ने कहा कि, आज देश खेल में नए बड़े कीर्तिमान बना रहा है में यही कहूंगी कि अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचान कर उसे निखारने में उसकी पूरी मदद कीजिए जिससे वे भविष्य के चैंपियन बनकर अपने देश का नाम रोशन कर सकें। अपने प्रेरित उद्बोधन में दोनों खिलाड़ियों ने संयुक्त रूप से सभी बच्चों को मंच से संबोधित करते हुए कहा कि, किसी भी खेल को पूरी मेहनत और पूर्ण मनोयोग से ही खेलना चाहिए। इस अवसर पर एसएमजीआई, डीपीएस के चेयरमैन डॉ विवेक यादव, वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रीति यादव, प्रिंसिपल भावना सिंह, सीबी एसई सिटी कोर्डिनेटर प्रिंसिपल संत विवेकानंद डॉ आनंद, प्रबंध निदेशक मदन हॉस्पिटल डॉ विकास यादव, डायरेक्टर फार्मेसी कालेज डॉ उमाशंकर शर्मा, निदेशक नर्सिंग कालेज डॉ शशि शेखर त्रिपाठी, संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी भिंड की निदेशक डॉ गीता रूडी, डीपीएस एडमिन डॉ सीमा त्रिपाठी, एसएमजीआई के रजिस्ट्रार परविंदर सिंह सहित एसएमजीआई के सभी स्कूलों और कॉलेजों के डायरेक्टर , प्रधानाचार्य साहित इटावा सहोदय स्कूलों के सभी प्रिंसिपल और विद्यालय स्टाफ ने दोनों अतिथियों का जबरदस्त अभिवादन किया। मंच से सीबीएसई सहोदय ग्रुप से जुड़े विभिन्न प्रधानाचार्यों को अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल भावना सिंह ने किया। मंच का संचालन श्रेष्ठा सेठ, ज्योति गुप्ता ने किया।

## सड़क किनारे नाले में मिला दिव्यांग युवक का शव, हत्या की आशंका



**मौदहा (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** मौदहा-बिंवार मार्ग पर सिलौली व कम्हरिया के मध्य सोमवार सुबह सड़क किनारे खुदे गड्ढे में भरे पानी से एक दिव्यांग युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। मृतक की पहचान कम्हरिया निवासी वहीद उद्दीन उर्फ उल्ली (29) पुत्र रशीद उद्दीन के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, वहीं राजस्व विभाग ने भी जांच के लिए टीम भेजी है। शव आधा पानी में डूबा हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता ने बताया कि जांच के बाद नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

## किसान पंचायत में बन सकती है आंदोलन की रूपरेखा



**मौदहा (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** जंगली गोवंश से फसलों को हो रहे नुकसान के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (गैर राजनीति) ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिलाध्यक्ष शिवपूजन निषाद ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली मासिक किसान पंचायत में बड़े आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। किसानों का आरोप है कि जमीन चिन्हित होने के बावजूद गोवंश संरक्षण स्थल नहीं बनाए गए। इस मौके पर पारस सैनी, रज्जू प्रसाद कुशवाहा, मुन्नूलाल, राजेंद्र कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नहर किनारे मिला विधवा का शव गला घोंटकर हत्या की आशंका



**हमीरपुर (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र के वरदहा गांव में सोमवार सुबह नहर किनारे विधवा महिला फूलन देवी निषाद का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गले पर निशान पाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

## सरदार पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** वर्णिता संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संस्था अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने उनके योगदान को राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पानी भरने के विवाद में विधवा से मारपीट

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम विदोखर मेदनी में पानी भरने से मना करने पर पड़ोसियों ने विधवा महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़िता आशा प्रजापति की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## ई-रिक्शा बचाने में डिवाइडर से टकराई बाइक

**कुरारा (हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा में ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में बाइक सवार शिवा निषाद (24) डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पाइपलाइन लीकेज से सड़क ध्वस्त, हादसे का खतरा

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** रेलवे गेट संख्या 31 के पास पाइपलाइन लीकेज से इंटरलॉकिंग सड़क ध्वस्त हो रही है। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने शीघ्र मरम्मत का आश्वासन दिया है।

## सचिवों ने सामूहिक रूप से जमा किए डोंगल

**हमीरपुर।** कुरारा विकासखंड में ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारियों ने शांतिपूर्ण आंदोलन के तहत अपने डीएससी/डोंगल जमा कर दिए। इससे ऑनलाइन भुगतान व विभागीय कार्य प्रभावित हुए हैं। प्रधान संघ ने आंदोलन को समर्थन देने की घोषणा की है।

## रामकथा समापन पर विशाल भंडारा, उमड़ी भीड़

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** श्री गायत्री तपोभूमि में रामकथा समापन पर आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस को तैनात किया गया।

## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**कुरारा (हमीरपुर)।** भौली गांव निवासी प्रियांशु (22) की जहरीला पदार्थ खाने से इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर का कस्बे में स्वागत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** मौदहा जाते समय कैबिनेट मंत्री कौशल किशोर का कस्बे में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने युवाओं से खेलों को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

## घोरावल में 170 वर्ष पुराने थाना भवन की भूमि पर अवैध कब्जा

**सोनभद्र।** घोरावल नगर पंचायत का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पुराने थाना भवन की भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत को लेकर जिलाधिकारी बीएन?सिंह से मुलाकात किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि करीब 170?वर्ष पुराने थाना भवन की भूमि पर बाहरी अराजकतत्वों द्वारा पिछले तीन दिनों से अवैध कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। विरोध करने पर कब्जाधारियों द्वारा तरह-तरह की धमकी दी जा रही है। मांग की कि मामले की जांच कराकर अवैध कब्जा करने में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने बताया कि डीएम से की गई शिकायत के बाद जिलाधिकारी ने अपर जिला अधिकारी (न्यायिक) रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। समिति में पुलिस क्षेत्राधिकारी घोरावल और अधिशासी अधिकारी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। डीएम ने आश्वासन दिया है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# 19 ग्राम विकास अधिकारियों ने डोंगल जमा कर आंदोलन किया तेज

**विकासखंड मौदहा में हड़कंप**

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड मौदहा में लंबित मांगों को लेकर चल रहा ग्राम विकास अधिकारियों का आंदोलन सोमवार को और तेज हो गया। प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के क्रम में 19 ग्राम विकास अधिकारियों ने सामूहिक रूप से अपने डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी)/डोंगल सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) के समक्ष जमा कर दिए, जिससे विकासखंड के डिजिटल कार्यों के ठप होने की आशंका गहरा गई है। आंदोलनरत ग्राम विकास अधिकारियों ने बताया कि यह आंदोलन 01 दिसंबर 2025 से शांतिपूर्ण ढंग से जारी है, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। इसी के विरोध स्वरूप यह कठोर कदम उठाया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक वे नवीन शासनादेशों एवं अन्य डिजिटल विभागीय कार्यों का बहिष्कार जारी रखेंगे। डोंगल जमा करने वालों में ग्राम विकास अधिकारी नीतेश कुमार सिंह, उपेन्द्रनाथ पाण्डेय, प्रियंका देवी, भूपेन्द्र, हरीबाबू, अरविन्द सोनी, बीरेंद्र पाल, अरविन्द पाल, नीरज पटेल, शिवमूर्तत सिंह, हरिश्चंद्र, स्वाती, विनोद वर्मा, राजू सिंह, निशाचन्द्र, दिगम्बर सिंह, बृजेश शुक्ला, अरविन्द यादव एवं भगवान प्रसाद शामिल रहे। ग्राम विकास अधिकारियों ने सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से अनुरोध किया कि चूंकि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण है और डीएससी/डोंगल सुरक्षित रूप से जमा किए गए हैं, इसलिए उन्हें आंदोलन जारी रखने की अनुमति दी जाए। साथ ही जमा किए गए डोंगल की पावती (रसीद) देने की भी मांग की गई, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो। इस आंदोलन के चलते विकासखंड मौदहा में सरकारी योजनाओं के ऑनलाइन क्रियान्वयन, भुगतान प्रक्रिया एवं अन्य डिजिटल कार्यों पर व्यापक असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। सूचनार्थ इसकी प्रतिलिपि खंड विकास अधिकारी मौदहा को भी प्रेषित की गई है।

# के.वि रिहंद में मनाया गया 62 वाँ स्थापना दिवस

**अवधनामा संवाददाता**



**सोनभद्र/बीजपुर।** केंद्रीय विद्यालय एनटीपीसी रिहंद नगर में स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि एनटीपीसी रिहन्द नगर के परियोजना प्रमुख अनील श्रीवास्तव सह अतिथि प्रणय नायक जीएम एजीएम, मेंटेनेंस, मोनिशा कुलश्रेष्ठ मुख्य चिकित्साधिकारी धन्वंतरी, राजेश बोई पोई एजीएम एच आर, सहीत अन्य अतिथियों का विद्यालय परिवार बैच लगाकर और विद्यालय के प्राचार्य लाल शाह ने सभी अतिथियों को ग्रीन प्लांट भेट कर स्वागत किया। तदोपरान्त मुख्य अतिथि सहीत अन्य अतिथियों ने प्रज्ञा दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत के पश्चात छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा केंद्रीय विद्यालय संगठन से संबंधित जानकारी को नुक्कड़ नाटक, स्वागत गीत, समूह गान, नृत्य हरियाणवी, लोक नृत्य, एकल नृत्य, दक्षिण भारती नृत्य, पंजाबी सहित एक से बढ़ एक शानदार नृत्य की प्रस्तुति से दीर्घा में मौजूद अतिथियों सहित अभिवाक गण कार्यक्रम का खूब सराहना किया। तत्पश्चात बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियो को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षको व प्राचार्या को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अनील श्रीवास्तव ने अपने अभिभाषण में कहा की केंद्रीय विद्यालय जिसकी स्थापना 1963 में की गई थी यह विद्यालय उत्तरोत्तर प्रगति की ओर शिक्षकों की मेहनत से विद्यार्थियो में शिक्षा, खेलकूद, एन सी सी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहीत अन्य गतिविधियों में दीन प्रतिदिन नई ऊंचाई की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को कार्यक्रम के अंत में आए हुए अतिथियों का अनुराग प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया।

# निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन की तिथि 28 फरवरी

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, सोनभद्र ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की विभिन्न गतिविधियां /कार्यक्रम एवं उनकी तिथियां निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र उपलब्ध कराना, एकत्रीकरण एवं डिजिटाइजेशन 26 दिसम्बर, 2025 को, मतदेय स्थलों का सम्भाजन/ पुर्नव्यवस्था 26 दिसम्बर, 2025 को, कन्ट्रोल टेबल को अद्यतन किया जाना एवं आलेख्य नामावली की तैयारी 27 दिसम्बर, 2025 से 30 दिसम्बर, 2025 तक, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन 31 दिसम्बर, 2025 को, निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन की तिथि 31 दिसम्बर,2025 को, दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जाने की अवधि 31 दिसम्बर,2025 से 30 जनवरी, 2026 तक, नोटिस जारी किये जाने, सुनवाई एवं सत्यापन व दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण एवं गणना प्रपत्रों पर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्णय किये जाने की अवधि 31 दिसम्बर, 2025 से 21 फरवरी, 2026 तक, मतदाता सूचियों के निर्धारित मापदंडों की जाँच और अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग की अनुमति प्राप्त करने की तिथि 25 फरवरी, 2026 तक, निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन की तिथि 28 फरवरी, 2026 निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त सम्भ्रान्त नागरिकों से अपील है कि यदि किसी व्यक्ति के नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वे सभी ऑफलाइन फार्म-6 अनुलग्नक-4 के साथ भरकर अपने बूथ के बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के पास जमा कर दें अथवा ऑनलाइन फार्म भी भर सकतें हैं।

# एनसीएल की ताकत आप हैं, कर्मियों को बी. साईराम का संदेश

**अवधनामा संवाददाता**



**श्री साईराम संभालेंगे कोल इंडिया के चेयरमैन का दायित्व, एनसीएल में नवाचारों की छोड़ी मजबूत विरासत**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की ताकत आप हैं, यह शब्द हैं बतौर सीएमडी एनसीएल बी साईराम के जो उन्होने कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन का दायित्व संभालने से पहले 'एनसीएल कर्मियों के नाम संदेश' के माध्यम से प्रेषित किए। सोमवार को एनसीएल में बतौर सीएमडी अपने अंतिम कार्य दिवस पर साईराम ने एनसीएल के अनुसंधान एवं विकास (ऋ×ष्ठ) प्रयासों के अंतर्गत एनसीएल मुख्यालय में ÷लिक्विड ट्री÷ का उद्घाटन किया। यह पहल माइक्रोएल्गी आधारित तकनीक के माध्यम से कार्बन अवशोषण एवं स्वच्छ वायु सृजन की दिशा में एक अभिनव कदम है। इस दिन मोरवा विस्थापन मंच से जुड़े मोरवा वासियों से भेंट कर संवाद किया। यह संवाद जयंत विस्तारीकरण परियोजना से जुड़े विस्थापन एवं पुनर्वास कार्यों में स्थानीय समुदाय के विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में उनके निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन का दायित्व संभालने से पहले उन्होंने एनसीएल के समस्त कर्मियों के नाम एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायी संदेश प्रेषित किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि एनसीएल की उपलब्धियाँ किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे संगठन की सामूहिक मेहनत और प्रतिबद्धता का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि एनसीएल से जुड़कर यह अनुभव हुआ कि समेकित, समयबद्ध और सहभागितापूर्ण प्रयासों से असंभव दिखने वाले लक्ष्य भी हासिल किए जा सकते हैं। जयंत विस्तारीकरण परियोजना के क्रियान्वयन जैसे उदाहरणों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने स्थानीय समुदाय के साथ पारदर्शी संवाद और सतत विश्वास निर्माण को महत्वपूर्ण बताया। उन्होने यह भी कहा कि इसी दृष्टिकोण के कारण कंपनी देश के सबसे बड़े खनन पुनर्वास कार्यक्रमों में से एक को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा सकी। साईराम ने अपने संदेश में कहा कि एनसीएल का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर्मियों के सामूहिक नेतृत्व, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना का प्रत्यक्ष प्रतिबिंब है। नेतृत्व कोई एकल प्रयास नहीं, बल्कि एक निरंतर चलने वाली रिले है, जिसमें प्रत्येक सदस्य अपनी भूमिका पूरी निष्ठा से निभाता है। उन्होंने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले समय में नीतियों को वास्तविक परिणामों में बदलना, समुदाय का विश्वास जीतना तथा कर्मचारियों से जुड़ाव को और सशक्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने एम्पैथी के साथ ऑपरेशनल एफिशिएंसी, सहभागी नेतृत्व, सत्यनिष्ठा एवं नैतिक आचरण को संगठनात्मक सफलता की आधारशिला बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि कोल इंडिया की इस परिवर्तनकारी यात्रा का उत्प्रेरक प्रत्येक कर्मचारी को बनना होगा। साईराम के नेतृत्व में एनसीएल ने वित्त वर्ष 2024-25 में आधुनिकीकरण, संरचना विकास एवं भूमि अधिग्रहण, सामाजिक उत्तरदायित्व डिजिटल परिवर्तन, प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण मानकों पर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं।

एनसीएल परिवार ने बी. साईराम के नेतृत्व, दूरदृष्टि और योगदान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं तथा विश्वास जताया है कि उनके मार्गदर्शन में कोल इंडिया लिमिटेड नई ऊँचाइयों को स्पर्श करेगी।

# हर समस्या का कराएंगे उचित निस्तारणः मुख्यमंत्री

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश भर से अपनी फ़रियाद लेकर आये लोगों से आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन मे मिले और कहा की एक एक फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण होगा, उन्होने मौके पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि उचित निस्तारण किया जाये। पीएसी के सिपाही ने अपनी समस्या से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अवगत कराया। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले के उचित निस्तारण का निर्देश दिया। शाहजहांपुर से आए किसान ने मुख्यमंत्री जी से धान खरीद केंद्र की लापरवाही की शिकायत की। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद की सेवा ही सरकार का लक्ष्य है। सरकार पहले दिन से ही लोगों की सेवा, सुरक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। साढ़े 8 वर्ष में जनता की समस्या सुनने और उसके निराकरण के लिए सरकार नियमित रूप से कार्य कर रही है। सीएम ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का उचित निस्तारण कराएंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी से नाम पूछा, चॉकलेट दी और मन लगाकर पढ़ने करने को कहा। सीएम ने बच्चों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद भी दिया।

# टाटा बनाएगा 30 विश्वस्तरीय होटल

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** टाटा समूह उत्तरप्रदेश में बड़े निवेश को तैयार है आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ टाटा समूह के चेयर पर्सन एन. चंद्रशेखरन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ के साथ बैठक की। इस अवसर पर दोनों के बीच इस प्रस्ताव पर सहमती बनी। बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश में टाटा समूह के चल रहे और प्रस्तावित होटल श्रृखंला के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि टाटा समूह का यह कदम राज्य में बढ़ते पर्यटक आगमन, धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन की बढ़ोतरी और बेहतर कनेक्टिविटी के व्यापक विकास को ध्यान में रखते लिया जा रहा है। एन. चंद्रशेखन ने बताया कि टाटा समूह के ताज, सेलेक्शंस और विवांता जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड्स के 30 होटल का निर्माण कार्य प्रदेश में पहले से चल रहा है। उन्होंने इन मुख्यमंत्री के सामने टाटा समूह के इन होटल्स के विकास कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की। साथ ही प्रदेश में टूरिज़्म और प्रीमियम क्वालिटी हॉस्पटैलिटी के विस्तार के लिए 30 नए होटल के निर्माण का प्रस्ताव रखा। जिसके चलते प्रदेश में लक्जरी होटल के 2,000 रूमस् की संख्या को बढ़ा कर 5,000 तक हो जाएगी। उन्होंने बताया कि इन होटल्स का निर्माण राज्य के प्रमुख और उभरते पर्यटन केंद्रों प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी, वृंदावन, आगरा, कानपुर, लखनऊ, बिजनौर और गोरखपुर में किया जाएगा। जो प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक टूरिज्म के प्रमुख केंद्र है।

एन. चंद्रशेखन ने बताया कि नोएडा में टाटा समूह के एक सिग्नेचर या लैंडमार्क होटल विकसित कर रहा है, वहीं प्रयागराज में एक लक्ज़री ताज होटल का भी निर्माण किया जा रहा है। बैठक के दौरान एन. चंद्रशेखर ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से उभरा है। प्रदेश में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। इसी बढ़ती मांग के कारण प्रीमियम और संगठित हॉस्पिटैलिटी अवसंरचना की जरूरत बढ़ गई है।

## पीएमओ ने पसमांदा समाज का सुझाव किया दर्ज

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने जातिगत जनगणना कराए जाने और आधार कार्ड में दर्ज जाती विवरण दर्ज किये जाने के सुझाव को प्रधानमंत्री कार्यालय के संज्ञान में लेने और रिकार्ड पर दर्ज करने को महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी पत्र का जिक्र करते हुए कहा कि अनीस मंसूरी के प्रधानमंत्री को सम्बोधित पत्र में दिये सुझाव को विधिवत दर्ज कर लिया गया है। श्री मंसूरी सोमवार को पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने सुझाव को प्रधानमंत्री कार्यालय के स्वीकार करने को पसमांदा समाज के पदाधिकारियों व सामाजिक कार्यकर्ताबओं के लम्बे संघर्ष, सामाजिक प्रतिबद्धता और दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना में आधार कार्ड में दर्ज विवरण दर्ज होने से दूरगामी और व्यावहारिक लाभ सामने आएंगे। सरकारी योजनाओं का सही लाभ लोगों को मिलेगा, जातीय आंकड़े उपलब्ध होने से योजनाएं वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेंगी, फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी, सामाजिक असमानता की कमी होगी, शिक्षा और रोजगार में न्याय होगा।

# राष्ट्रीय शूटिंग में अयोध्या की बेटी अंशिका ने लहराया परचम

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** अयोध्या की होनहार बेटी अंशिका ने राष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धि हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में अंशिका ने 10 मीटर एयर पिस्टल इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इस सफलता के साथ वह भारतीय शूटिंग टीम की जर्सी पहनने से अब केवल कुछ ही कदम दूर हैं।

महज 13 वर्ष की उम्र में यह मुकाम हासिल करने वाली अंशिका पिछले दो वर्षों से ISSF शूटर भी हैं, जो राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिताओं की सर्वोच्च श्रेणी मानी जाती है। अंशिका अयोध्या की निवासी हैं और वर्तमान में लखनऊ के सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल में कक्षा 7 की छात्रा हैं। अंशिका की सफलता के पीछे उसकी कड़ी मेहनत और अनुशासित दिनचर्या सबसे बड़ा आधार है। वह प्रतिदिन लगभग 4 घंटे शूटिंग का अभ्यास करती हैं। उसकी दिनचर्या की शुरुआत सुबह 5 बजे उठकर व्यायाम से होती है, वहीं रात में सोने से पहले भी अभ्यास करना उसके दैनिक जीवन का हिस्सा है।

बेटी की लगन और समर्पण को देखते हुए उसके पिता अंशू मिश्रा, जो पेशे से व्यवसायी हैं, ने घर में ही एक छोटी शूटिंग रेंज बनवा दी है ताकि अभ्यास में कोई बाधा न आए। अंशिका की मां गृहिणी हैं और पूरे परिवार का सहयोग उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंशिका गोमती नगर स्थित श्रीराम शूटिंग रेंज में भारतीय नौसेना के पूर्व अधिकारी सुरजन सिंह से पेशेवर शूटिंग प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

# मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गाँधी से नफरत दर्शाता है : अजय राय

- भाजपा सरकार गांधीवादी नहीं बल्कि गोडसेवादी हैं

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** केन्द्र की मोदी सरकार के महात्मा गांधी नेशनल रूरल रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने के प्रस्ताव को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार के इस कदम से साफ हो गया है कि यह लोग गांधीवादी नहीं बल्कि गोडसेवादी हैं। पंडित नेहरू के प्रति इनका नफरत का भाव तो जगजाहिर था लेकिन इन्हें राष्टपिता महात्मा गांधी से भी नफरत है यह पूरी तरह साफ हो गया है। श्री राय ने कहा कि यूपीए-1 की योजना मनरेगा ने न सिर्फ देश में न्यूनतम मजदूरी को हकीकत बनाया बल्कि पिछले 20 सालों में यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तम्भ रही है। इसमें होने वाले दबाव कृषि मजदूरों के शोषण का रास्ता खोलेंगे। मसौदे से साफ है कि मजदूरों के कानूनी अधिकार खत्म होने जा रहे हैं। नए फंडिंग पैटर्न में अब राज्यों को 10 प्रतिशत के बजाए 40 प्रतिशत तक हिस्सेदारी देना होगी जो कि न सिर्फ बहुत मुश्किल है बल्कि इससे राज्यों पर आर्थिक दबाव बढ़ेगा और योजना कमजोर होगी। श्री राय ने कहा कि यह सरकार हमेशा से ही किसान और मजदूर विरोधी रही है। मनरेगा जैसी योजना को कमजोर कर इसने कृषि मजदूरों पर बड़ा कुठाराघात किया है। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व राज्यसभा में उपनेता विपक्ष प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में मोदी सरकार के राष्टपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आखिर भाजपा को महात्मा गांधी के नाम से इतनी चिढ़ क्यों है। भाजपा गांधी की विचारधारा की जगह गोडसे की विचारधारा को ही हमेशा से बढ़ावा देती रही ह। श्री तिवारी ने कहा कि महात्मा गांधी पूरी दुनिया में एक हैं और पूरी दुनिया महात्मा गांधी की विचारधारा को नतमस्तक कर रही है। राजनैतिक हताशा और कुण्ठा में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने से देशवासी मोदी सरकार को माफ नहीं करेंगे। श्री तिवारी ने पहलगाम आतंकी हमले के सही दोषियों का अब तक पता न लगा पाने और उनके अपराध की कड़ी सजा न दिला पाने पर भी मोदी सरकार पर हमला किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र शासित कानून-व्यवस्था के रहते निर्दोष भारतीयों को आतंकियों के सामने जान गंवाना पड़ी। श्री तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय मसलों को हल करने की जगह सिर्फ देश की जनता का ध्यान बरगलाने की कोशिश में लगी हुई है।

# दो दिवसीय अंतर-विद्यालय 'क्लेरियन चैंपियनशिप' का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल, हरदोई रोड, काकोरी, लखनऊ में 15 दिसंबर 2025 को दो दिवसीय अंतर-विद्यालय खेल प्रतियोगिता 'क्लेरियन चैंपियनशिप' का भव्य उद्घाटन किया गया। इस चैंपियनशिप का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास को बढ़ावा देना है।

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने खो-खो, वॉलीबॉल, फुटबॉल एवं बास्केटबॉल जैसे विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा, कौशल और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में लखनऊ क्षेत्र के लगभग छह विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतिभागी विद्यालय इस प्रकार हैं– सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल, लखनऊ, सेंट फ्रांसिस स्कूल, काकोरी, सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट स्कूल, मलिहाबाद, माउंट फोर्ट इंटर कॉलेज, महानगर, एलपीएस अम्रपाली उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दुबग्गा, लखनऊ के थाना प्रभारी (SHO) अभिनव कुमार वर्मा रहे। उन्होंने अपने प्रेरणादायक संबोधन में शिक्षा, फिटनेस और सम्मान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ज्ञान प्रदान करती है, फिटनेस स्वस्थ शरीर का निर्माण करती है और सम्मान हमें एक बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने छात्रों से इन तीनों मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सेंट क्लेयर्स कॉन्वेंट स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर सेलीन मारिया जोसेफाइन ने सभी प्रतिभागी छात्रों को खेल भावना, अनुशासन और निष्पक्षता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण है भागीदारी, प्रयास और खेल भावना। दो दिवसीय 'क्लेरियन चैंपियनशिप' का समापन 16 दिसंबर 2025 को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

# सामाजिक समरसता का प्रतीकः 341 जोड़ों के सामूहिक विवाह में खुशियों की बरसात

- राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड ने दिया आशीर्वाद
- वर-वधू को 60,000 की धनराशि और 25,000 मूल्य की उपहार सामग्री प्रदान की गई

अवधनामा ब्यूरो



**काकोरी लखनऊ।** मोहान रोड स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 341 जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं निकाह कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यमंत्री, समाज कल्याण, संजीव कुमार गोंड उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। मंत्री गोंड ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने यह योजना सामाजिक समरसता को बढ़ाने और सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाने के उद्देश्य से शुरू की है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत कन्या के खाते में 60,000 की धनराशि और विवाह के दौरान ही 25,000 की उपहार सामग्री भी प्रदान की जा रही है।

**वर-वधू के खिले चेहरे-** उपहार सामग्री पाकर वर और वधू के चेहरे खिल उठे। नवविवाहित जोड़ों को चाँदी की पायल, बिछिया, डिनर सेट, प्रेशर कुकर, कड़ाही, बर्तन, ट्रॉली बैग और बेडिंग का गुणवत्तापूर्ण सामान वितरित किया गया।
समारोह में मलिहाबाद की माननीय विधायिका, जय देवी ने समस्त जोड़ों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हर गरीब और वंचित के साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया।
**विवाह और निकाह एक ही स्थान पर-** यह सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण बना, जहाँ कुल 341 जोड़ों में से 335 जोड़ों का विवाह हिन्दू रीति-रिवाज से पुरोहित द्वारा संपन्न कराया गया, वहीं 6 अल्पसंख्यक वर्ग के जोड़ों का निकाह भी मौलवी की उपस्थिति में कराया गया। इस आयोजन में बक्शी का तालाब, माल, काकोरी, गोसाईगंज, चिनहट और सरोजनी नगर विकास खंडों के साथ ही विभिन्न नगर पंचायतों के जोड़े भी शामिल हुए। समस्त वर-वधू और उनके परिवारजनों के खानपान तथा विवाह की समस्त व्यवस्थाओं के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें राधा-कृष्ण जी की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित परिवारों का मन मोह लिया।

# मकतब नूरुल कुरान में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

- खदरा में बच्चों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित
- शिक्षा के साथ चरित्र निर्माण जरूरी : मौलाना अहमद इलियास
- उत्कृष्ट छात्रों को साइकिल व पुरस्कार प्रदान
- मकतब नूरुल कुरान का सालाना जलसा सम्पन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मकतब नूरुल कुरान की ओर से सीतापुर रोड के खदरा स्थित आयशा पैलेस में वार्षिक पुरस्कार वितरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन, अनुशासन और उपस्थिति में बेहतर छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद दारुल उलूम नदवतुल उलमा के शिक्षक मौलाना अहमद इलियास नोमानी ने कहा कि बच्चों की धार्मिक और नैतिक शिक्षा में अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम में कारी रियाज अहमद मजाहिरी का संदेश पढ़ कर सुनाया गया जिसमें उन्होंने छात्रों के कुरान से जुड़ाव को शिक्षा की मजबूत बुनियाद बताया। मकतब के मोहतमिम मौलाना मोहम्मद मारूफ सैदनपुरी ने अतिथियों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं का आभार जताया। इस मौके पर अतिथियों को शॉल, स्मृति चिन्ह और मकतब की डायरी भेंट कर स्वागत किया गया और छात्र-छात्राओं ने तिलावत, नात, तकरीर और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। कार्यक्रम में पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्राप्त करने वाले छात्रों में हुजैफा, इमरान, निहाल हबीब, फाएज, हंजला सिद्दीकी, जैद हसनैन, नवाज हबीब, जिकरा इरशाद और इकरार कुरैशी आदि शामिल थे। अन्य बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन आसिफ नदवी ने किया। कार्यक्रम में जामिया मैमूना इस्लामिया लिलबनात के प्रबंधक अमीर खालिद सहित यामीन खान, मौलाना मुंतजिर, मौलाना वारिस, मौलाना मुफ्ती जुनैद, हाजी इसरारउल्लाह, एजाज, निसार सिद्दीकी, कारी इस्माईल अकरम, फैजान आदि लोग शामिल थे।

# श्रद्धांजलि सभा संग संपन्न हुआ हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** आशियाना के स्मृति उपवन प्रांगण में 25 दिनों से आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का समापन सोमवार की शाम हो गया। इस रंगमंच कार्यक्रम की अंतिम संध्या पर मंच से महोत्सव समिति के पूर्व उपाध्यक्ष दिवंगत विनय दुबे की फोटो प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन व्यक्त करते हुए शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमे महोत्सव समिति अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों एवं दिवंगत विनय दुबे की पत्नी आकांक्षा दुबे सहित सभी अतिथियों एवं आयोजकों ने दो मिनट का मौन व्रत धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किए। जिसके उपरांत मुख्य अतिथि आनंद द्विवेदी, नगर अध्यक्ष,भारतीय जनता पार्टी, लखनऊ महानगर एवं अवनीश सिंह पटेल सदस्य विधान परिषद विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय सिंह (वरिष्ठ भाजपा नेता), शैलेंद्र सिंह (भाजपा नेता) विनोद मिश्रा अध्यक्ष अवधी विकास संस्थान,अंबुज पटेल प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल (विधिक) तथा पार्षद सौरभ सिंह मोनू की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर आयोजक अरुण प्रताप सिंह, गुंजन वर्मा, रणवीर सिंह एवं हेमू चौरसिया मंच पर उपस्थिति रहे। समापन अवसर पर प्राचीन योग संस्था द्वारा योग की वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक परंपरा पर आधारित प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गई। प्राचीन योग की स्थापना वर्ष 2017 में विकास सिंह राजपूत एवं दल बहादुर सिंह द्वारा की गई थी। यह संस्था परंपरागत हठ योग,अष्टांग विन्यास योग एवं विन्यास फ्लो योग के साथ-साथ साधनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक ध्यान पद्धतियों पर आधारित योग शिक्षा प्रदान करती है। प्राचीन योग द्वारा आसन, प्राणायाम एवं ध्यान के साथ-साथ बाल योग, सभी आयु वर्ग के लोगों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ किया जा सके। संस्थान के प्रतिभाशाली छात्र साक्षी चौधरी, आलोक कुमार सिंह, करिश्मा सिंह बाफिला, इन्द्रसेन यादव एवं निधि वर्मा विभिन्न मंचों एवं टीवी कार्यक्रमों के माध्यम से योग के विषय में अवगत करा रहे हैं। रंगारंग सांस्कृतिक संध्या में आ जा नच नच ले...अनुष्का शर्मा ने नृत्य कर समां बांधा।

# कंबल और खाना वितरित



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** रसूले अकरम की बेटी हज़रत फातिमा स के यौमे विलादत के मौके पर बीबी फातिमा की जानिब से गरीबों को कंबल और खाना वितरित किया। रात में विभिन्न इलाकों में कबंल और खाना वितरित करने वालों में मुख्यरूप से डॉक्टर गुंचा खान, मोहम्मद अमन खान, रफत खान शामिल थे।

## टाटा अयोध्या में खोलेगा कैंसर अस्पताल

**लखनऊ।** देश के प्रतिष्ठित टाटा समूह के नमो कैंसर फाउंडेशन की ओर से अयोध्या में एक आधुनिक कैंसर चिकित्सालय हब स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में टाटा समूह के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या पहुंचकर विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और संभावनाओं की तलाश की। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी दी है। बैठक से पहले नृपेंद्र मिश्र ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि स्व. रतन टाटा की परिकल्पना थी कि अयोध्या में नमो कैंसर फाउंडेशन के माध्यम से एक कैंसर चिकित्सालय हब विकसित किया जाए। इसी परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए अब फाउंडेशन ने जमीन की तलाश शुरू कर दी है। टाटा समूह के दल ने राज परिवार के सदस्य यतींद्र मिश्र से भी संपर्क किया। भूमि के संबंध में उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई। मंडलायुक्त व जिलाधिकारी भी मौजूद थे। दल को छह से आठ एकड़ जमीन निःशुल्क उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है।

# नवाबों के शहर पहुंची टीम इंडिया



- कल होगा साउथ अफ्रीका से मैच

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 17 दिसंबर को मैच खेलने के लिए आज टीम इंडिया नवाबों के शहर लखनऊ पहुंच गयी टीम इंडिया की एक झलक पाने के लिए एयरपोर्ट से लेकर होटल तक प्रशंसकों की भीड़ रही। वहीं बस में खिलाडी अपने अपने फ़ोन में बिजी रहने के साथ ही प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार करते देखे गए। एयरपोर्ट के बाहर खड़ी बस में आगे की सीट पर चढ़कर बैठे टीम इंडिया के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांडया को क्रिकेट प्रेमियों ने आवाज लगाना शुरू कर दिया। हार्दिक ने भी हाथ हिलाकर क्रिकेट प्रेमियों का अभिवादन स्वीकार किया। हार्दिक के पीछे एशिया कप टी-20 के हीरो रहे तिलक वर्मा को देखते ही क्रिकेट प्रेमियों ने नारेबाजी शुरू की। कुछ ही देर में माहौल इंडिया-इंडिया का शोर से गूंज उठा। कुछ ही मिनटों में खिलाड़ियों से भरी बस सीधे गोमतीनगर स्थित होटल पहुंची, जहां खिलाड़ियों का भारतीय पारंपरिक अंदाज में भव्य स्वागत किया गय। 17 दिसंबर को इकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के साथ इंडिया का टी-20 मैच है। इकाना स्टेडियम पर मैच को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शाम स्टेडियम को सजाया जा चुका था। स्टेडियम प्रांगण के भीतर भारतीय खिलाड़ियों की तस्वीरें और उनके लंबे-चौड़े आकर्षक कटआउट यहां की खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। कल टीम इंडिया मैच की प्रैक्टिस करेगी।

# सरदार पटेल अत्यंत कठोर निर्णय लेने वाले थे : मनीष हिंदवी

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** महान स्वतंत्रता सेनानी, कुशल प्रशासक और आधुनिक भारत के निर्माता रहे लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटले के परिनिर्वाण दिवस पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर रोशनी डालते हुए कहा कि सरदार पटेल अत्यंत कठोर निर्णय लेने वाले, अनुशासनप्रिय और निर्भीक नेता थे। राष्ट्रीय हित के लिए वे किसी भी दबाव के आगे नहीं झुके। सरदार पटेल का जीवन अत्यंत सादा था। वे आडम्बर से दूर रहते थे और ईमानदारी को राजनीति का आधार मानते थे। श्री हिंदवी ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्रता आंदोलन में विशेष योगदान रहा। उन्होंने खेड़ा सत्याग्रह 1918 और बारडोली सत्याग्रह 1928 का सफल नेतृत्व किया। बारडोली आंदोलन की सफलता के बाद जनता ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। सरदार पटेल आजाद भारत के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री बने। उन्होंने आजादी के वक्त भारत में लगभग 565 रियासतों का विलय कराया और देश की आंतरिक सुरक्षा और प्रशासनिक ढांचे को मजबूत किया। श्री हिंदवी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्रीय एकता, दृढ़ नेतृत्व और ईमानदारी से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। सरदार पटेल भारत की आत्मा और एकता के प्रहरी के रूप में हमेशा याद किये जाएंगे। इस मौके पर पूर्व सैनिक विभाग के वाइस चेयरमैन सुभाष मिश्र, संजय शर्मा, अनामिका यादव, जयप्रकाश सिंह, धर्मेन्द्र नाथ सिंह, अमित भारद्वाज, विजय द्विवेदी, मनोज शुक्ला आदि ने भी सरदार पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित किये।